RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 285
नई दिल्ली, शुक्रवार, 26 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



भूटिया ने अध्यक्ष पद के लिए नए सिरे से नामांकन भरा

स्पोर्ट्स-12

# सोरेन की विस सदस्यता पर लटकी तलवार

**पायनियर समाचार सेवा।** रांची

● खनन पट्टा आवंटित कराने के मामले में निर्वाचन आयोग की राय राजभवन पहुंची



**झारखंड** के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अपने कार्यकाल में दौरान खुद के नाम से रांची में खनन पट्टा आवंटित कराने के मामले में उनकी विधानसभा सदस्यता को लेकर निर्वाचन आयोग की राय झारखंड के राजभवन पहुंच चुकी है और अब हेमंत सरकार के भविष्य पर फैसला किसी भी क्षण आ सकता है। राजभवन के सूत्रों ने बताया कि इस मामले में मुख्यमंत्री सोरेन के खिलाफ जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 9ए के तहत कार्रवाई की जा सकती है या नहीं, इस मुद्दे पर आयोग का अभिमत राजभवन पहुंच गया है।

सूत्रों ने बताया कि बृहस्पतिवार को राज्यपाल रमेश बैस भी नई दिल्ली से रांची लौट आए हैं। ऐसे में अब सबकी नजर रांची स्थित झारखंड राजभवन पर है कि राज्यपाल इस मामले में कब और क्या फैसला सुनाते हैं? इस पूरे मामले में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने सोरेन पर आरोप लगाया था कि उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए और खनन विभाग का दायित्व भी अपने पास रखते हुए, रांची के अनगड़ा में एक खनन पट्टा अपने नाम आवंटित कराया था, जो सीधे तौर पर जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 9ए के तहत अवैध है। दास ने दावा किया था कि इस मामले में मुख्यमंत्री के खिलाफ लाभ के पद का मामला बनता है। उन्होंने अपनी पार्टी की ओर से राज्यपाल से मुलाकात कर इस मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया था और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता रद्द करने की मांग की थी। भाजपा की इस याचिका पर राज्यपाल रमेश बैस ने संविधान के अनुच्छेद 192 के तहत निर्वाचन आयोग का अभिमत मांगा था। राज्यपाल की ओर से इस संबंध में पत्र प्राप्त होने के बाद आयोग ने सोरेन को नोटिस जारी कर पेश होने और अपना पक्ष रखने को कहा था। हालांकि, अनेक बार टालने के बाद सोरेन ने वकील के माध्यम से अपना पक्ष आयोग के समक्ष रखा जबकि उनके खिलाफ याचिका देने वाली भाजपा ने भी आयोग के समक्ष अपने दावे के समर्थन में तर्क और प्रमाण पेश किए थे। आयोग ने इस मामले में अपना फैसला 18 अगस्त को सुरक्षित रख लिया था। इस बीच, राजनीतिक हलकों में आयोग की सलाह पर मुख्यमंत्री सोरेन की विधानसभा सदस्यता खत्म होने की चर्चा के बीच मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस प्रकार के किसी निर्णय की जानकारी होने से साफ इनकार किया और कहा कि यह सब अफवाह है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री की विधानसभा सदस्यता के बारे में फिलहाल राजभवन से उन्हें कोई आधिकारिक सूचना नहीं प्राप्त हुई है। हालांकि, आज बदली राजनीतिक परिस्थितियों में मुख्यमंत्री आवास पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के अधिकतर विधायक एवं मंत्री पहुंच चुके हैं।

वहीं, राजभवन के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल की ओर से कोई भी निर्देश अब तक नहीं जारी किए गए हैं। उधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कुर्सी जाने की स्थिति में भी राज्य में गठबंधन सरकार को फिलहाल कोई खतरा होने की संभावना नहीं है क्योंकि यहां झामुमो के 30 विधायकों के अलावा कांग्रेस के 18 एवं राष्ट्रीय जनता दल के एक विधायक समेत लगभग 50 विधायकों का सरकार को समर्थन प्राप्त है। दूसरी ओर, 81 सदस्ईय विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल भाजपा के कुल 26 विधायक हैं जबकि उसके सहयोगी आज्सू के दो विधायकों के अलावा भाजपा को दो अन्य विधायकों का आम तौर पर समर्थन मिलता रहा है। ऐसे में (शेष पेज 8)

## झारखंड अवैध खनन मामले में बिचौलिया प्रेम प्रकाश गिरफ्तार



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/रांची

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने झारखंड में अवैध खनन मामले में जारी धन शोधन जांच के संबंध में प्रेम प्रकाश नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि प्रकाश को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत बुधवार देर रात करीब दो बजे हिरासत में लिया गया और उसे रांची की एक अदालत में पेश किया जाएगा। इस मामले में यह तीसरी गिरफ्तारी है। इससे पहले, बुधवार को ईडी ने रांची में प्रेम प्रकाश से संबंधित परिसरों में छापेमारी की थी। इसके अलावा झारखंड, बिहार, तमिलनाडु और दिल्ली-एनसीआर में भी संघीय जांच एजेंसी ने कई स्थानों पर छापे मारे थे। इस दौरान ईडी को रांची में प्रेम प्रकाश के परिसर से दो एके-47 एवं 60 से अधिक कारतूस भी मिले थे। ये हथियार झारखंड पुलिस के दो सिपाहियों के हैं। दोनों सिपाहियों को निलंबित कर दिया गया है।

# सोनाली फोगाट मामले में हत्या का केस दर्ज, दो गिरफ्तार

● पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कई चोट का उल्लेख, पकड़े गए दोनो आरोपी भाजपा नेता के सहयोगी

**पीएनएस/एजेंसी।** पणजी



सोनाली फोगाट की फाइल फोटो

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) की नेता और हरियाणा निवासी सोनाली फोगाट (42)की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शव पर कई चोट के निशान के उल्लेख के बाद गोवा पुलिस ने बृहस्पतिवार को उनके दो सहयोगियों के खिलाफ हत्या का आरोप दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। सोनाली को 23 अगस्त को सुबह उत्तर गोवा जिले के अंजुना स्थित सेंट एंथनी अस्पताल में मृत लाया गया था। उन्होंने कहा, अंजुना पुलिस ने हत्या के सिलसिले में सुधीर सागवान और सुखविंदर वासी को गिरफ्तार किया है। दोनों सोनाली फोगाट के सहयोगी थे।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यहां बताया कि फोगाट की मौत से जुड़े मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) जोड़ी गई है। फोगाट के भाई रिंकू ढाका ने बुधवार को अंजुना पुलिस थाने में दो लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। गोवा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (जीएमसीएच) के फॉरेंसिक विशेषज्ञों के एक समूह ने बृहस्पतिवार सुबह शव का अंत्यपरीक्षण किया, जब उनके परिवार ने इस प्रक्रिया के लिए सहमति व्यक्त की। जीएमसीएच के फॉरेंसिक साइंस विभाग के डॉ सुनील श्रीकांत चिंबोलकर ने अपनी रिपोर्ट में मौत के कारणों पर राय सुरक्षित रखी है। रिपोर्ट में कहा गया है, रासायनिक विश्लेषण तक मृत्यु के कारण पर राय सुरक्षित रखी गई है। ऊतकों की हिस्टोपैथोलॉजी और सीरोलॉजिकल रिपोर्ट सुरक्षित रखी गई है। रिपोर्ट में कहा गया, हालांकि, शव पर चोट के कई निशान मिले हैं। उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, जांच अधिकारी को पता लगाना है कि मौत किस तरह हुई। टिकटॉक से शोहरत हासिल करने वाली हरियाणा के हिसार की भाजपा नेता फोगाट को 23 अगस्त की सुबह उत्तरी गोवा जिले के अंजुना इलाके के सेंट एंथोनी अस्पताल में मृत लाया गया था। दिल का दौरा पड़ने को मृत्यु का संभावित कारण बताया गया था। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने पणजी में बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से कहा कि राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) जसपाल सिंह, फोगाट की मौत के मामले की जांच की निजी तौर पर निगरानी कर रहे हैं।

शव का अंत्यपरीक्षण बुधवार को जीएमसीएच में होना था। लेकिन, फोगाट के भाई रिंकू ढाका ने बुधवार को दावा किया कि उनकी बहन की हत्या उनके दो सहयोगियों ने की। उन्होंने कहा कि गोवा पुलिस द्वारा दोनों व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद ही परिवार पोस्टमॉर्टम की अनुमति देगा। बृहस्पतिवार सुबह सोनाली फोगाट के भतीजे मोहिंदर फोगाट ने बताया कि परिवार ने इस शर्त के साथ पोस्टमॉर्टम के लिए सहमति दी कि पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाए। सोनाली फोगाट के भाई ढाका ने कहा था कि मौत से कुछ समय पहले सोनाली ने अपनी मां, बहन और परिवार के एक अन्य व्यक्ति से बात की थी। ढाका ने कहा कि वह परेशान लग रही थीं और उन्होंने अपने दो सहयोगियों के खिलाफ शिकायत की थी। ढाका ने पुलिस शिकायत में आरोप लगाया कि तीन साल पहले, उनकी बहन के एक सहयोगी ने खाना में कुछ मिलाने के बाद उनका यौन शोषण किया और बाद में उनको ब्लैकमेल किया। फोगाट के भाई की शिकायत पर अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।

# केजरीवाल का राजघाट पर प्रदर्शन भाजपा बोली- बापू का अपमान

**दिल्ली आबकारी नीति**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● मुख्यमंत्री ने भगवा पार्टी पर लगाया 40 विधायकों को 20-20 करोड़ की पेशकश का आरोप

● केंद्र में सत्ताधारी दल ने कहा, अनर्गल बयानबाजी शराब घोटाले से ध्यान हटाने के लिए बड़ा नाटक

● गंगा जल छिड़क कर महात्मा गांधी की समाधि का करेंगे शुद्धिकरण : सुधांशु

**नई** आबकारी नीति को लेकर आम आदमी पार्टी और भाजपा में छिड़ी जुबानी जंग के बीच गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने विधायकों के साथ राजघाट पर शक्ति प्रदर्शन किया। यहां उन्होंने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कहा कि उनकी सरकार गिराने के लिए भाजपा 800 करोड़ रुपये की मोटी रकम खर्च करने का आतुर है। भगवा दल ने उनके 40 विधायकों को 20-20 करोड़ रुपये की पेशकश की है।

सीबीआई की सक्रियता और सरकार पर छाए संकट की खबरों के बीच गुरुवार को केजरीवाल के आवास पर आयोजित बैठक से आप के आठ एमएलए अनुपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया हिमाचल में होने के कारण बैठक में शामिल नहीं हो सके। सत्येंद्र जैन जेल में हैं। सात विधायक दिल्ली से बाहर हैं और अमानतुल्ला ने फोन से बैठक में हिस्सा लिया। बैठक से पहले आप नेताओं ने कहा कि पार्टी के कुछ विधायकों से पिछले कुछ दिनों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। पार्टी इन विधायकों से संपर्क में है और भाजपा का ऑपरेशन लोटस विफल हो गया है। भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा कि शराब घोटाले में (शेष पेज 8)

## भाजपा ने भूपेंद्र चौधरी को उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली, लखनऊ



**भाजपा** ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी को पार्टी की प्रदेश इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। पार्टी की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने बयान में कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने भूपेंद्र सिंह चौधरी को उत्तर प्रदेश में पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। चौधरी की नियुक्ति को राजनीतिक रूप से प्रभावशाली जाट समुदाय को साधने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। ज्ञात हो कि केंद्र सरकार के विवादास्पद तीन कृषि कानूनों के खिलाफ राजधानी दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में एक साल तक चले आंदोलन में जाट समुदाय ने अग्रणी भूमिका निभाई थी। चौधरी की नियुक्ति के (शेष पेज 8)

# भारत के सपनों को पूरा करेगी श्रम शक्ति: मोदी

● प्रधानमंत्री ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के श्रम मंत्रियों से ई-श्रम पोर्टल से राज्यों के पोर्टल को जोड़ने का किया अनुरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि लचीले कार्य स्थल (फ्लेक्सिबल वर्क प्लेस), घर से काम करने के परिवेश (वर्क फ्रॉम होम इकोसिस्टम) तैयार करना भविष्य की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि भवन एवं निर्माण श्रमिकों के लिए सेस (उपकर) का पूर्ण उपयोग करना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि राज्यों ने अभी तक सेस के 38,000 करोड़ रुपये का उपयोग नहीं किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी श्रम शक्ति अमृतकाल में भारत के सपनों को पूरा करने और देश को विकसित बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। मोदी ने कहा कि भारत को एक बार फिर सबसे तेज विकास करने वाले देशों में लाने का श्रेय हमारे श्रमिकों को जाता है। उन्होंने कहा कि पिछले 8 वर्षों में उनकी सरकार ने आजादी से पहले के गुलामी की मानसिकता वाले श्रम कानूनों को समाप्त कर दिया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के श्रम मंत्रियों के एक राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अमृत काल के दौरान श्रम मंत्रालय वर्ष 2047 का विजन तैयार कर (शेष पेज 8)

## पीएम सुरक्षा चूक

## फिरोजपुर एसएसपी कर्तव्य निर्वहन में विफल पाए गए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की जनवरी में पंजाब यात्रा के दौरान हुई सुरक्षा चूक के मामले की जांच करने के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति ने पाया है कि फिरोजपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अवनीत हंस पर्याप्त बल उपलब्ध होने के बावजूद अपने कर्तव्य का निर्वहन करने में विफल रहे। समिति ने उच्चतम न्यायालय में कहा कि एक निगरानी समिति होना चाहिए जो प्रधानमंत्री की सुरक्षा में लगे पुलिस अधिकारियों के लिए संवेदनशीलता एवं सुरक्षा पाठ्यक्रम तथा ब्लू बुक की समय समय पर समीक्षा करें और उसे अद्यतन करे। ब्लू बुक सुरक्षा से संबंधित दिशानिर्देशों का एक दस्तावेज होता है, जिसमें अति विशिष्ट लोगों (वीवीआईपी) की सुरक्षा को लेकर पालन किए जाने वाले नियमों का ब्यौरा होता है। ब्लू बुक में (शेष पेज 8)

# कीमतों पर लगाम के लिए गेहूं आटे के निर्यात पर अंकुश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में किया गया फैसला

**सरकार** ने बृहस्पतिवार को गेहूं आटे के दाम में तेजी पर लगाम लगाने के लिए इसके निर्यात पर अंकुश लगाने का निर्णय किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक में यह निर्णय किया गया। आधिकारिक बयान के अनुसार, मंत्रिमंडल के इस निर्णय से अब गेहूं के आटे के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने की अनुमति होगी। इससे आटे की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगेगा और समाज के सबसे कमजोर तबके के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) इस बारे में अधिसूचना जारी करेगा। रूस और यूक्रेन गेहूं के प्रमुख निर्यातक हैं। दोनों देशों की वैश्विक गेहूं व्यापार में लगभग एक-चौथाई हिस्सेदारी हैं। दोनों देशों के बीच युद्ध से गेहूं की आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई है। इससे भारतीय गेहूं की मांग बढ़ गई है। इसके कारण घरेलू बाजार में गेहूं के दाम में तेजी देखने को मिली है। सरकार ने देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मई में गेहूं के निर्यात पर रोक लगा दी थी। हालांकि, इससे गेहूं के आटे की विदेशी मांग में उछाल आया।

भारत से गेहूं आटे का निर्यात इस साल अप्रैल-जुलाई में सालाना आधार पर 200 प्रतिशत बढ़ा है। बयान के अनुसार, इससे पहले गेहूं के आटे के निर्यात पर रोक या कोई प्रतिबंध नहीं लगाने की नीति थी। ऐसे में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और देश में गेहूं आटे की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए इसके निर्यात पर प्रतिबंधाप्रतिबंधों से छूट को वापस लेकर नीति (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,774 | ↓ 310 | |
| निफ्टी | 17,522 | ↓ 82 | |
| सोना | 52,297 | ↑ 402 | /10g |
| चांदी | 56,191 | ↑ 711 | /kg |

## क्विक न्यूज

### बिल्किस बानो मामले में केंद्र सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बिल्कीस बानो के साथ हुए सामूहिक बलात्कार और उसके परिवार के सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों की रिहाई को चुनौती देने वाली एक याचिका पर बृहस्पतिवार को केंद्र तथा गुजरात सरकार को नोटिस जारी किए और पूछा कि दोषियों को छूट देने पर विचार करते वक्त क्या विवेक का इस्तेमाल किया गया था? प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण की अगुवाई वाली पीठ ने याचिकाकर्ताओं को सजा में छूट पाने वाले सभी 11 लोगों को मामले में पक्षकार बनाने को कहा। इस पीठ में न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ भी शामिल थे। न्यायालय ने मामले को दो सप्ताह बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। गोधरा में 2002 में ट्रेन जलाए जाने के बाद गुजरात में भड़की हिंसा के दौरान बिल्कीस बानो से सामूहिक बलात्कार किया गया था।

# जांच पैनल को 29 में से पांच फोन में कुछ मालवेयर मिले: सुप्रीम कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पेगासस मामला**

● लेकिन इससे यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सका कि इस मालवेयर का कारण इजराइली स्पाईवेयर है

**पेगासस** के कथित अनधिकृत इस्तेमाल की पड़ताल के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त पैनल ने जांच किए गए 29 मोबाइल फोन में से पांच में कुछ मालवेयर पाए हैं, लेकिन यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सका कि इस मालवेयर का कारण इजराइली स्पाइवेयर है या नहीं। किसी कम्प्यूटर या मोबाइल फोन तक अनधिकृत पहुंच हासिल करने, उसे बाधित या नष्ट करने के मकसद से विशेष रूप से बनाए गए सॉफ्टवेयर को मालवेयर कहा जाता है।

प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण ने शीर्ष न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश आर. वी. रवींद्रन द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट पर गौर करने के बाद इस बात का भी उल्लेख किया कि केंद्र सरकार ने पेगासस मामले की जांच में सहयोग नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट ने नेताओं, पत्रकारों और कार्यकर्ताओं की लक्षित निगरानी के लिए सरकारी एजेंसियों द्वारा इजराइली स्पाइवेयर के इस्तेमाल के आरोपों की पिछले साल जांच का आदेश दिया था। साथ ही, शीर्ष न्यायालय ने पेगासस विवाद की जांच के लिए तकनीकी और निगरानी समितियां गठित की थी।

शीर्ष न्यायालय के तीन न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि पैनल ने तीन हिस्सों में अपनी लंबी रिपोर्ट सौंपी है। इसके एक हिस्से में नागरिकों के निजता के अधिकार तथा देश की (शेष पेज 8)

## भारत ने यूक्रेन पर पहली बार सुरक्षा परिषद में रूस के खिलाफ दिया वोट

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**यूक्रेन-रूस** युद्ध पर भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में लगातार तटस्थ रहने वाला भारत पहली बार बुधवार को रूस के खिलाफ मतदान किया है। यूएनएससी में यूक्रेन पर एक प्रक्रियात्मक मतदान के दौरान रूस के खिलाफ पहली बार वोट किया। संयुक्त राष्ट्र की 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को इस दौरान वीडियो-टेलीकॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया। रूस की सेना ने फरवरी में यूक्रेन पर हमला कर दिया था। इसके बाद से यूक्रेन के मामले पर भारत ने पहली बार रूस के खिलाफ मतदान किया है। अभी तक भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में यूक्रेन के मामले से बचता रहा है, जिससे अमेरिका समेत पश्चिम (शेष पेज 8)

# 24 सेकेंड का खेल, सिलसिलेवार धमाके फिर सब खत्म

● बाक्स चार्ज कर ट्रिगर दबाते ही नौ सेकेंड में ब्लास्ट पूरा होगा, 15 सेकेंड में इमारत आएगी नीचे

**रिंकू यादव।** नोएडा

**ट्विन टावर**




**ट्विन** टावर की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। सबकी निगाहें अंतिम समय पर होने वाले घटनाक्रमों पर जमी है। टावरों को कैसे ध्वस्त किया जाएगा और क्या एहतियात बरता जाएगा, इसको लेकर सबमें उत्सुकता है।

इस संबंध में एडिफिस कंपनी के इंडियन ब्लास्टर चेतन दत्ता ने बताया कि वह ट्विन टावर के ब्लास्ट का फाइनल बटन दबाएंगे और उस दौरान उनके साथ जेट डिमोलिशन कंपनी के निदेशक जो ब्रिंकमैन और छह लोग 100 मीटर के दायरे में मौजूद रहेंगे। उन्होंने इस प्रक्रिया के बारे में बताया की पहले बॉक्स को चार्ज किया जाएगा और उसके बाद बटन ट्रिगर दबाया जाएगा। इसके बाद करीब 9640 डी लेयर्स में करंट पहुंच जाएगा और धमाका होना शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया की 9 सेकंड में पूरा ब्लास्ट होगा है। करीब 13 से 15 सेकंड में पूरी इमारत जमींदोज हो जाएगी। उन्होंने कहा कि ब्लास्ट डी लेयर्स के मुताबिक होगा। लेकिन देखने में लगेगा की धमाके एक साथ दोनों बिल्डिंग में हो रहा है। वे 20 दिनों से बारूद लोड करने का काम भी कर रहे थे। ध्वस्तीकरण में किसी तरह कोई दिक्कत नहीं होगी और 101 प्रतिशत इस बिल्डिंग को गिराने में हम सफल रहेंगे।

उन्होंने बताया कि आसपास की भी किसी बिल्डिंग को कोई नुकसान होने की कोई गुंजाइश नहीं है। सुपरटेक के दोनों टावरों को ध्वस्त करने के लिए दक्षिण अफ्रीका की कंपनी जेट डिमोलिशन के निदेशक जो ब्रिंकमैन ने ही इस इमारत का ब्लास्ट डिजाइन तैयार किया है। इस क्षेत्र में उन्हें करीब 40 सालों का अनुभव है। ब्रिंकमैन दूसरे व्यक्ति होंगे जो ट्रिगर प्वाइंट पर मौजूद रहेंगे। उनको पूरा भरोसा है कि रविवार को दोपहर 2;30 बजे 32 मंजिला और 103 मीटर ऊंचे ट्विन टावर्स को जमीन पर गिराए जाने से कोई नुकसान नहीं होगा। उन्होंने बताया कि ये इमारतें हाई सिसमिक जोन में है। इसके लिए लंदन की कंपनी से पूरा सर्वे भी कराया गया है।

हमें पूरा विश्वास है कि ट्विन टावर्स के गिरने से आसपास की इमारतों को कोई नुकसान नहीं होगा। प्रभाव यहां एक सामान्य भूकंप का एक तिहाई होगा। साथ ही इसका पूरा कंप्यूटर मॉडल भी तैयार किया गया है। विस्फोटकों के शौक़ीन ब्रिंकमैन के पास माइनिंग इंजीनियरिंग की डिग्री है। उन्हें पहला मौका 1991 में दक्षिण अफ्रीका में एक कोयला खदान पर (शेष पेज 8)

# खराब लिखने पर दो छात्रों को बेरहमी से पीटा

## नोएडा और ग्रेनो के स्कूलों का मामला, एक बच्चे की आंख में आई गंभीर चोट

● पुलिस ने शिकायत के बाद आरोपी टीचर को हिरासत में लिया




**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा और नोएडा के 2 स्कूलों में बुधवार को शिक्षकों ने 2 बच्चों की पिटाई कर दी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। नोएडा के एक स्कूल में 12वीं के छात्र को पीटने का फुटेज सामने आया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्रेटर नोएडा के कासना कस्बे में रॉयल वर्ल्ड स्कूल है। यहां पर शालू दूसरी कक्षा में पढ़ती है। हैंड राइटिंग खराब होने पर टीचर ने डंडे से पिटाई कर दी। जिससे उसकी आंख पर गंभीर चोट आ गई। छात्रा अस्पताल में भर्ती है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी टीचर को हिरासत में ले लिया है। शालू बुधवार को स्कूल गई। टीचर अमित ने उसका होमवर्क चेक किया, जिसमें उसकी हैंड राइटिंग खराब थी। इसके बाद वह नाराज हो गया। डंडा लेकर छात्रा को पीटना शुरू कर दिया। एक डंडा छात्रा की आंख पर लग गया। डंडा लगते ही उसकी आंख पूरी तरह बंद हो गई। जब वह अपने घर पहुंची तो उसके परिजनों ने उसकी हालत देखी। इसके बाद उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने छात्रा को एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया है। जहां उसका उपचार चल रहा है। आरोपी शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अध्यापक मूल रूप से कानपुर के रहने वाला हैं।

आरोपी का भाई कक्षा 5 तक कस्बे में ही स्कूल चलाता है। कसना थाना प्रभारी ने बताया स्कूल में एक छात्रा की एक अध्यापक ने पिटाई की गई। एक डंडा छात्रा की आंख पर लग गया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई है। छात्रा के पिता की शिकायत के बाद आरोपी टीचर पर मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं नोएडा सेक्टर.45 के सदरपुर गांव में सर्वोदय विद्या मंदिर स्कूल है। महिला प्रिंसिपल ने स्कूल में पढ़ रहे 12वीं छात्र को जमकर पीटा है।

लड़के ने मारपीट की सूचना घर जाकर अपने परिजनों को दी। आरोप है कि छात्र के मां और भाई जब स्कूल में इस घटना के बारे में पता करने पहुंचे, तो उनके साथ भी प्रिंसिपल और उसके बेटा अभय चौहान ने मारपीट की है। यह मारपीट की घटना स्कूल में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। जिसमें दिख रहा है कि प्रिंसिपल छात्र को थप्पड़ों से पिटाई कर रहा है।

परिजनों के साथ हाथापाई कर रही है। इस मामले की सूचना पीड़ितों ने थाना-39 को दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी अभय चौहान को गिरफ्तार कर लिया।


यूपी भाजपा अध्यक्ष नियुक्त किए भूपेंद्र चौधरी को बधाई देते सांसद महेश शर्मा।

# सीईओ ने किया सुपरटेक ट्विन टावर का निरीक्षण, 28 को होगा धराशाही

● विस्फोटकों को जोड़ने का काम पूरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सेक्टर-93 स्थित सुपरटेक के ट्विन टावर में अंतिम ब्लास्ट के लिए काउनडाउन शुरू हो चुका है। सुपरटेक के दोनों टावर सियान और एपेक्स 3700 किलोग्राम विस्फोटक लगाने का काम पूरा हो चुका है। विस्फोटकों को तार से जोड़ने का काम मंगलवार से शुरू हुआ, जो बुधवार शाम तक खत्म हो गया।

ब्लास्ट की तैयारियों को लेकर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ श्रीमती रितु माहेश्वरी ने सुपरटेक ट्विन टावर का निरीक्षण किया 28 अगस्त को सियान-एपेक्स में दोपहर 2.30 बजे विस्फोट कर ध्वस्त किया जायेगा। बता दें कि ट्विन टावर की साइट पर प्राधिकरण, ट्रैफिक पुलिस और अन्य एजेंसियों ने तैयारियों का जायजा लेने पहुंच रहे है, गौतम बुद्ध नगर के पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह भी ट्विन टावर पहुंचे।

उन्होंने ग्राउंड जीरो पर बारिकियां परखी। एडिफि स और ट्रैफिक पुलिस की ओर से बनाए गए रोड मैप, ट्रैफि क डायवर्जन, ब्लास्टिंग जोन, इवैक्यूएशन प्लान को मौके पर जाकर देखा। निरीक्षण के दौरान निषेध क्षेत्र और बंद होने वाली सडकों पर अधिकारी पहुंचे।

यह देखा गया कि कहां-कहां सड़क बंद होगी और डायवर्जन होना है। सेक्टर-128 में जेपी फ्लाईओवर पर व्यू प्वाइंट बनाया जा सकता है, जहां से ट्विन टावर को गिरते हुए देखा जा सकता है।


सुपरटेक ट्विन टावर का निरीक्षण करने पहुंची सीईओ ऋतु माहेश्वरी

# मुख्यमंत्री योगी कल आएंगे गाजियाबाद

● मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर और गाजियाबाद में कई कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा


मुख्यमंत्री योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मेरठ मंडल के जिलों के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 27 अगस्त को गाजियाबाद जिले का निरीक्षण करेंगे। सीएम योगी के कार्यक्रम को लेकर जिले में युद्धस्तर पर तैयारियां चल रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद में सीआईएसएफ में विश्राम करेंगे। सीएम कार्यालय से सीएम योगी का आधिकारिक कार्यक्रम भी जारी हो गया है। 26 अगस्त को सीएम योगी मेरठ और हापुड़ व 27 अगस्त को गाजियाबाद और बुलदंशहर के जिलों का निरीक्षण करेंगे। 26 अगस्त को सीएम योगी लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट से उड़ान भरेंगे और सुबह 10:15 पर हिंडन एयरपोर्ट पहुचंगे। यहां से वह हेलीकॉप्टर द्वारा साढ़े दस बजे पुलिस लाइन मेरठ पहुचेंगे। जहां 10:30 से 10:50 के बीच वह नगर निगम की डोर टू डोर कूडा उठाने की 76 गाड़ियों व पांच बड़े ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके बाद वह 11 बजे मेरठ आयुक्त सभागार में जनप्रतिनिधियों व पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। उसके उपरांत 11:15 से 1:45 तक विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक लेंगे।

बैठक के उपरांत 2:30 बजे चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में अभयूदय योजना के तहत टेबलेट, डीजी शक्ति के तहत टेबल वितरण करेंगे। इसके बाद सीएम योगी हेलीकॉप्टर से शाम चार बजे हापुड़ पहुंचकर जिला संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगे। अस्पताल के निरीक्षण के दौरान ही सीएम योगी एमएनसीयू वार्ड का उद्घाटन भी करेंगे। इस दौरान सीएम जिला संयुक्त चिकित्सालय का लोकार्पण भी करेंगे। सीएम योगी इस दौरान विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास करेंगे व योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित करेंगे। हापुड से सीधे सीएम योगी वाया रोड गाजियाबाद के गेस्ट हाउस में रात्रि प्रवास करेंगे।

गाजियाबाद में रात्रि प्रवास के उपरांत सीएम योगी दस बजे से गेस्ट हाउस में जनप्रतिनिधियों व पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके उपरांत 11 बजे से 12:30 तक वह जिले में तीन परियोजनाओं का निरीक्षण करेंगे। साढ़े बारह बजे गेस्ट हाउस पहुंचकर वह विश्राम करेंगे व फिर गेस्ट हाउस में बनाए गए हेलीपैड से बुलंदशहर जिले के लिए उड़ान भरेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### युवती की हत्या कर शव पेड़ पर लटकाया



**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के अंतर्गत वसुंधरा कॉलोनी स्थित सोसायटी गार्डेनिया के सामने ग्रीन बेल्ट में एक अज्ञात युवती का शव पेड़ पर लटका हुआ मिला। घटना का पता उस समय चला जब स्थानीय लोग मॉर्निंग वॉक पर निकले। उक्त घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने युवती के शव को नीचे उतारकर उसे पोस्टमार्टम के लिये भिजवा दिया। क्षेत्र में चल रही चर्चा में जहां यह बात सामने आ रही थी कि युवती की हत्या करने के बाद हत्यारों ने शव को पेड़ पर लटकाया होगा। लोग यह भी चर्चा करते दिखाई दिये कि युवती की हत्या के पीछे अवैध संबंध अथवा प्रेम प्रसंग भी हो सकता हैं। वहीं, एसएचओ इंदिरापुरम देवपाल सिंह पुण्डीर का कहना था कि पुलिस के द्वारा जब मृतका की शिनाख्त के प्रयास शुरू किये गये तो पता चला कि उसका नाम कंचन था वह हरदोई की रहने वाली थी और आजकल थाने के पीछे बनी झुग्गी झोंपड़ी में रह रही थी।

### जीडीए वीसी ने अधिकारियों के साथ ली बैठक

**गाजियाबाद।** जीडीए वीसी आरके सिंह ने महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में जीडीए सचिव बृजेश कुमार, नियोजन विभाग, इंजीनियरिंग विभाग आदि विभागों के अधिकारी शामिल हुए। वीसी आरके सिंह सुबह ही जीडीए पहुंच गए। इसके बाद जीडीए वीसी ने अधिकारियों के साथ बैठक की। जीडीए वीसी ने हाल ही में मास्टर प्लान को लेकर हो रही जनसुनवाई के बारे में जानकारी अधिकारियों से हासिल की। इसके अलावा अवैध निर्माण पर प्रभावी अंकुश लगाने के मामले में वार्ता की। इनके अलावा शहर में चल रहे विकास कार्यों को लेकर भी अधिकारियों के साथ वीसी ने बैठक की। माना जा रहा है कि जल्दी ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद का दौरा कर सकते है। माना जा रहा है कि इसको देखते हुए जीडीए वीसी की अधिकारियों के साथ बैठक खास रही।

### वीके सिंह ने किया पसौंडा पीएचसी का उद्घाटन



**गाजियाबाद।** जर्जर हो चुकी पसौंडा स्थित पीएचसी का अपग्रेडशन किए जाने के बाद उसका शुभारंभ केन्द्रीय सडक परिवहन, राजमार्ग राज्यमंत्री एवं केन्द्रीय नागर विमानन रराज्यमंत्री वीके सिंह ने किया। रोटरी क्लब ऑफ साहिबाबाद आरआईडी 3012 ने अपने सीएसआर फंड से मंडोला, चिरोडी, शालीमार गार्डर, अटोर नगला, भोआपुर और पसौंडा पीएचसी का अपग्रडेशन कराया है। पीएचसी का शुभारंभ करते हुए केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह ने कहा कि अगर इसी तरह से जनसहयोग मिलता रहा तो देश का आने वाला भविष्य और भी सुखद होगा। उन्होंने कहा कि समाजसेवी व अन्य संगठन सेवाओं को बेहतर करने में सरकार का सहयोग करें, ताकि उन जरूरतमंदों को इसका लाभ मिल सके जो पैसों के अभाव में अपना इलाज प्राइवेट अस्पतालों में नहीं करा पाते हैं। इस जन सहयोग से देश के पिछड़े तबके को भी बेहतर लाभ मिल सकेगा। सरकारी भी लगातार सरकारी सेवाओं को दुरूस्त बनाने में जुटी है।

### बाइक सवार बदमाश ने झपटी चेन

**गाजियाबाद।** हिंडन एयरफोर्स स्टेशन के पास एक व्यक्ति से बाइक सवार बदमाश ने सोने की चेन झपट ली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहन नगर सेवियर पार्क के केतन मेहता आइटी कंपनी में नौकरी करते हैं। वह बुलेट बाइक से बुधवार को किसी काम से सेवियर पार्क से राजेंद्र नगर की तरफ जा रहे थे। जब वह हिंडन एयरफोर्स स्टेशन से आगे पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो उन्होंने अपनी बाइक की गति धीमी कर ली। इस दौरान बाइक सवार एक युवक ने उनके गले से चेन झपट ली। पीड़ित ने आरोपी का पीछा किया, लेकिन वह हाथ नहीं आया। पीड़ित ने साहिबाबाद थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। साहिबाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाले जा रही हैं। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

## होम्योपैथी विभाग में तैनात डिप्टी डायरेक्टर की पुत्रवधु ने की खुदकुशी

**नोएडा।** सेक्टर-30 स्थित जिला अस्पताल के आवासीय परिसर में बुधवार रात पूर्व जिला होम्योपैथी अधिकारी व वर्तमान में उत्तर प्रदेश होम्योपैथी विभाग में डिप्टी डायरेक्टर लखनऊ में तैनात डॉ. सीमा यादव की पुत्रवधु ने की खुदकुशी कर ली।

जिले में तैनाती के दौरान डॉ सीमा यादव को जिला अस्पताल के परिसर में आवास मिला था। जून में पदोन्नति के बाद वह लखनऊ चली गई। जबकि आवास में पुत्र नवदीप यादव, पुत्र वधु एलेन लैमकेट लेपचा व पुत्र कुशाग्र यादव रह रहा था।

बेटा नवदीप एयर इंडिया में केबिन अटेंडेंट है। एयरलाइन में ड्यूटी के दौरान नवदीप की मुलाकात सिक्किम के गंगटोक निवासी एलन नेमिकेट लेक्या से हुई थी। तकरीबन साढ़े चार वर्ष पहले नवदीप ने एलेन लैमकेट से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद दोनों डा सीमा के आवास में रह रहे थे। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार का कहना है कि बुधवार रात महिला और उसका पति अलग-अलग कमरे में सो रहे थे।

# फर्जी प्रोन्नति का मामलाः अब पीडब्ल्यूडी से होगी इंजीनियर यादव सिंह की जांच

● सीबीआई की गिरफ्तारी के समय ही यादव सिंह को निलंबित कर दिया गया था



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

उत्तर प्रदेश के चर्चित इंजीनियर नोएडा प्राधिकरण में चीफ इंजीनियर रहे यादव सिंह के प्रमोशन समेत भ्रष्टाचार के मामले की प्रशासनिक जांच लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव नरेन्द्र भूषण करेंगे। इससे पहले बतौर ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ नरेन्द्र भूषण ही इस मामले की जांच कर रहे थे। लेकिन, उनके तबादले के बाद यह जांच अधूरी रह गई थी। पहली बार यह जांच औद्योगिक विकास विभाग से बाहर गई है।

सूत्रों का कहना है कि नरेन्द्र भूषण के तबादले के बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने यादव सिंह की फाइल लौटा दी थी। क्योंकि इसे लेकर कोई निर्देश नहीं मिले थे। ऐसे में जांच का काम थम गया था। अब इस जांच को और आगे बढ़ने का फैसला शासन ने किया है। जांच के दौरान यादव सिंह की प्रमोशन समेत कई अनियमितताओं की परतें खोली जाएंगी। हालांकि यादव सिंह का कार्यकाल खत्म हो चुका है। सीबीआई की गिरफ्तारी के समय ही यादव सिंह को निलंबित कर दिया गया था। बाद में लंबे समय तक यादव सिंह को जेल भी जाना पड़ा। अब एक बार फिर शुरू होने वाली जांच से यादव सिंह की मुश्किलें बढ़ेंगी। यादव सिंह पर टेंडर आदि घोटालों के आरोप लगे थे। इसमें नकली कंपनियां बनाकर अपने चहेतों, दलालों तथा राजनेताओं को फायदा पहुंचाने का आरोप लगा था। यादव सिंह ने 1980 में जूनियर इंजीनियर के पद पर ज्वाइन किया था।


**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तरुण लालवानी/ अनीता लालवानी/ जवाहरलाल महेंदर कुमार लालवानी/ प्रेमलता लालवानी/ नीटैक्सेस कम्युनिकेशंस लिमिटेड/ टेलेक्ससेल सूचना प्रणाली LBDEL00002438189 | फ्लैट नंबर 1603, 16वीं मंज़िल, गुड़गांव गेटवे, टॉवर-बी, सेक्टर-112 और 113, गांव बजघेरा, गुड़गांव मानेसर, गुड़गांव 122001/ अगस्त 23, 2022 | अप्रैल 02, 2022 रु.2,10,13,401/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | धीरज त्यागी/ राजकुमार/ LBDEL00004326210 | फ्लैट नंबर-ए-106, सोलरा टॉवर-ए1,11वीं मंज़िल, सोलरा क्लस्टर ए और ए1, सेक्टर-107, हरियाणा, गुड़गांव, 122001/ अगस्त 23, 2022 | अप्रैल 25, 2022 रु.17,92,120/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | अंजू चौधरी/ शरद चौधरी/ LBDEL00002081263/ LBDEL00002084845 | फ्लैट नंबर 4181, 18वीं मंज़िल, टॉवर 4, टाइप-डी, "एटीएस टूर्मालाइन", सेक्टर-109बी, गुड़गांव-122001/ अगस्त 23, 2022 | अप्रैल 16, 2022 रु.1,10,51,630/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | अनीता/ प्रदीप कुमार/ LBNOD00005214533 | प्लॉट नंबर-591, अर्बन एस्टेट, सेक्टर-47, गुड़गांव हरियाणा/ अगस्त 23, 2022 | अप्रैल 26, 2022 रु.50,36,850/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : अगस्त 26, 2022** **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर** **आईसीआईसीआई बैंक लि.**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**
**नियम 8 (6) का परंतुक देखें,**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकरित अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहां है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है " एवं जिस भी स्थीत में है " के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | शफकत अहमद कादरी (कर्जदार), अतफ़ा कादरी (सह-कर्जदार) LBDEL00001056903 | फ्लेट नं. II-F/95, दूसरी मंजिल, लाजपत नगर- 2, नई दिल्ली क्षेत्र- 900 वर्ग फीट। | रू. 21,07,128/- (अगस्त 19, 2022 तक) | रू. 66,50,000/- / रू. 6,65,000/- | सितंबर 12, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00बजे तक | अक्टूबर 03, 2022 सु. 11:00 से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की,** वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)**. पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **अक्टूबर 01, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ई संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में **अक्टूबर 01, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित **अक्टूबर 01, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **अक्टूबर 01, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8657476284** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. मेसर्स नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्र है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।

बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

**तिथि : अगस्त 26, 2022** **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर** **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

**शुद्धिपत्र**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग,दिल्ली-110005

ऋण खाता संख्या एलबीजीयूआर00002961874, कर्जदार का नाम कुंवर सचदेव सम्पत्ति पता फ्लैट नंबर 1625 बी, दि मंगोलियाज डीएलएफ सिटी, डीएलएफ गोल्फ लिंक्स, फेज-5, गुरूग्राम, हरियाणा (परिमाप क्षेत्रफल 9800 वर्ग फीट) के संबंध में सरफासी ऐक्ट के तहत सूचनाएं, सांकेतिक प्रकाशन दिनांकित 16-10-2020 प्रकाशित की गई थी। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना किसी इरादे के, उक्त प्रकाशन में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा फ्लैट नंबर 1625 बी, दि मंगोलियाज डीएलएफ सिटी, डीएलएफ गोल्फ लिंक्स, फेज-5, गुरूग्राम, हरियाणा (परिमाप क्षेत्रफल 9800 वर्ग फीट) के स्थान पर फ्लैट नंबर 1625 बी, दि मंगोलियाज डीएलएफ सिटी, फेज-5, गुरूग्राम, हरियाणा (परिमाप क्षेत्रफल 10174 वर्ग फीट) वर्णित किया गया है। हम अतएव, आपसे उसको फ्लैट नंबर 1625 बी, दि मंगोलियाज डीएलएफ सिटी, डीएलएफ गोल्फ लिंक्स, फेज-5, गुरूग्राम, हरियाणा (परिमाप क्षेत्रफल 9800 वर्ग फीट) के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं। उक्त सूचना दिनांकित में वर्णित सभी अन्य विवरण वही रहेगा। हम आपको इस संबंध में हुई असुविधा के लिए हार्दिक खेद व्यक्त करते हैं।

दिनांकित : 26-08-2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

kotak **KOTAK MAHINDRA BANK LTD.**
**PUBLIC NOTICE**

We, **Kotak Mahindra Bank Limited, (KMBL),** for our office and other related business (including setting up Automated Teller Machine -ATM), desire to take on Lease for the period of 18 (eighteen) years the property, more particularly described in the schedule hereunder written, owned by owners as mentioned herein below.

Public at large and all the concerned, private individuals, government/ semi-government institutions / bodies / authorities, if have got any right, title, interest, or share in the property herein mentioned or anybody who has objection for the aforesaid transaction are herewith publicly informed to raise his/her/their objection/s in writing with copies of all the supportive documents to the undersigned within 7 (Seven) days from publication of this public notice. If the objections are not received by the undersigned in writing along with copies of all supportive documents within 7 (Seven) days from publication of this public notice, then it will be construed that the title to the said property are clear and that all such concerned have waived their rights and all such concerned shall be estopped from raising any objections thereafter and that we shall proceed thereafter further in the execution of the Lease Deed or such agreements and all such persons shall be estopped from raising any objections to such transaction thereinafter.

| Description of the Property to be taken on Lease | Owner |
|---|---|
| **ALL THAT** piece or parcel of commercial property being, admeasuring 1900 sq ft carpet area (approx), 2nd Floor Unit No 206, Sewa Corporate Park, M.G. Road, Gurugram – 122002 situated and being at Sewa Corporate Park, M.G. Road, Gurugram – 122002 | Mrs. Manjeet Kaur W/o late Sh. Harphool Singh Jaggi residing at R/o 624 B,Tower-6, 24th Floor, The Magnolias, Golf Course Road, Gurgaon, Haryana - 122002 |

Legal Department
Kotak Mahindra Bank Limited.
Kotak Infinity, 5th Floor, Building No.21, Infiniti Park, off Western Express Highway, General A K Vaidya Marg, Malad (East), Mumbai 400 097
Ph. Nos.: +91 22 66055570 / 5548/ 5544, Fax-(022) 67259088

kotak **KOTAK MAHINDRA BANK LTD.**
**PUBLIC NOTICE**

We, **Kotak Mahindra Bank Limited, (KMBL),** for our Bank Branch and other related business (including setting up Automated Teller Machine -ATM), desire to take on Lease for the period of 12 (Twelve) years the property, more particularly described in the schedule hereunder written, owned by owners as mentioned herein below.

Public at large and all the concerned, private individuals, government/ semi-government institutions / bodies / authorities, if have got any right, title, interest, or share in the property herein mentioned or anybody who has objection for the aforesaid transaction are herewith publicly informed to raise his/her/their objection/s in writing with copies of all the supportive documents to the undersigned within 7 (Seven) days from publication of this public notice. If the objections are not received by the undersigned in writing along with copies of all supportive documents within 7 (Seven) days from publication of this public notice, then it will be construed that the title to the said property are clear and that all such concerned have waived their rights and all such concerned shall be estopped from raising any objections thereafter and that we shall proceed thereafter further in the execution of the Lease Deed or such agreements and all such persons shall be estopped from raising any objections to such transaction thereinafter.

| Description of the Property to be taken on Lease | Owner |
|---|---|
| **ALL THAT** the piece or parcel of commercial property baring Unit No. C-007 admeasuring about 900 Sq. ft. carpet area (approx.) and 1471 Sq. Ft. Super Area on the ground floor of the building known as Business Zone situate and lying at of Nirvana Country, South City-Phase-II, Gurugram-122018-Haryana. | MRS. RITU SETHI, wife of Mr. Virender K. Sethi, residing at A-3/23, 4th Floor, DLF-Phase-I, Sector-26, Sikanderpur Ghosi, Gurugram-122002. MR. VIRENDER K. SETHI, son of Mr. Satpal Sethi, residing at A-3/23, 4th Floor, DLF-Phase-I, Sector-26, Sikanderpur Ghosi, Gurugram-122002. |

Legal Department
Kotak Mahindra Bank Limited.
Kotak Infinity, 5th Floor, Building No.21, Infiniti Park, off Western Express Highway, General A K Vaidya Marg, Malad (East), Mumbai 400 097
Ph. Nos.: +91 22 66055570 / 5548/ 5544, Fax-(022) 67259088


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# विधानसभा का विशेष सत्र आज, भाजपा-कांग्रेस हमलावर

## भाजपा ने दिल्ली की नई शराब नीति पर केजरीवाल सरकार को सदन से लेकर सड़क तक घेरने की बनाई रणनीति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विधानसभा का एक दिवसीय सत्र शुक्रवार हो बुलाया गया है। इस सत्र के ऑपरेशन लोटस के मामले में पर हंगामेदार होने की पूरी संभावना है। नई आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा ने आम आदमी पार्टी को घेरने की रणनीति बनाई है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने विधानसभा को राजनीति का अखाड़ा बना दिया है और सारे नियमों को ताक पर रख दिया है।

उन्होंने उपराज्यपाल से अनुरोध किया है कि या तो विधानसभा के सत्र बुलाने के लिए नियमों का पालन कराया जाए और अगर सत्ता पक्ष नियमों को नहीं मानता तो विधानसभा भंग कर दिया जाए। वहीं आम आदमी पार्टी आबकारी नीति के सिलसिले में केंद्रीय जांच एजेंसियों की ओर से की जा रही कार्रवाई और सरकार गिराने की साजिश करने पर केंद्र सरकार पर हमला बोलेगी।

आम आदमी पार्टी की पीएसी की बैठक में भी इस पर खास चर्चा हुई और एक प्रस्ताव भी इस मामले के खिलाफ पारित किया गया है। आम आदमी पार्टी खुलेआम आरोप लगा रही है कि भाजपा उसके विधायकों को तोड़ने और 20-20 करोड़ का ऑफर देकर सरकार गिराने की साजिश रच रही है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी ने विधानसभा को राजनीति का अखाड़ा बना दिया है और सारे नियमों को ताक पर रख दिया है। उन्होंने उपराज्यपाल से अनुरोध किया है कि या तो विधानसभा के सत्र बुलाने के लिए नियमों का पालन कराया जाए और अगर आम आदमी पार्टी नियमों को नहीं मानती तो विधानसभा भंग कर दी जाए। भाजपा विधायक दल की गुरुवार को बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता करते हुए बिधूड़ी ने की।

बिधूड़ी ने कहा है कि शुक्रवार को विधानसभा का एक दिन का सत्र फिर से नियमों को तोड़कर बुलाया गया है। संसद से लेकर सभी विधानसभाओं में मानसून सत्र हुए हैं लेकिन विधानसभा का मानसून सत्र नहीं बुलाया गया।

केजरीवाल सरकार जनता के मुद्दों पर बात नहीं करना चाहती और न ही जनता के सवालों का जवाब देना चाहती है।

शुक्रवार को आबकारी नीति पर बात करने के लिए सिर्फ एक दिन का सत्र बुलाया गया है जिसके लिए किसी नियम का पालन नहीं किया गया। आम आदमी पार्टी को जब भी किसी मनमाफिक विषय पर बात करनी होती है तो वे विधानसभा का एक दिन का सत्र बुला लेते हैं। हैरानी की बात यह है कि इस सत्र में न तो प्रश्नोत्तर होता है और न ही सदस्यों को अल्पकालिक चर्चा के विषय उठाने की अनुमति दी जाती है। यह लोकतंत्र का मजाक है कि विधानसभा में सदस्य अपनी बात नहीं कर सकते, कोई सवाल नहीं पूछ सकते। बैठक में भाजपा के सभी विधायकों मोहन सिंह बिष्ट, विजेंद्र गुप्ता, ओमप्रकाश शर्मा, जितेंद्र महाजन, अनिल वाजपेयी, अजय महावर और अभय वर्मा ने हिस्सा लिया।



उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का पुतला फूंकते भाजपा नेता और कार्यकर्ता।

### पांच दिन का सत्र बुलाया जाए: नेता प्रतिपक्ष



रामवीर सिंह बिधूड़ी

नेता प्रतिपक्ष ने उपराज्यपाल से मांग की है कि इस एक दिन के सत्र को रोका जाए और इसके स्थान पर विधानसभा का कम से कम पांच दिन का मानसून सत्र बुलाया जाए। सत्र बुलाने से पहले 15 दिन का नोटिस दिया जाए और सदस्यों को अपनी बात कहने का अधिकार दिया जाए। आम आदमी पार्टी के केंद्र सरकार पर हमला बोल सकती है। आप नेताओं का कहना कि देश में एक के बाद एक सरकार गिराने का एक माहौल चल रहा है। पहले महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश व गोवा की सरकार गिरा दी और अब झारखंड की सरकार गिराने जा रहे हैं।

## भाजपा ने मांगा उपमुख्यमंत्री का इस्तीफा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

*नई आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार को लेकर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के आवास पर सीबीआई की छापेमारी के बाद भाजपा केजरीवाल सरकार पर लगातार हमले कर रही है। इस कड़ी में बृहस्पतिवार को प्रदेश भाजपा ने विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया और सिसोदिया का पुतला फूंका। पार्टी के प्रदर्शनकारियों ने केजरीवाल और उनकी पार्टी पर आबकारी नीति में हुए भ्रष्टाचार के सवालों से बचने का आरोप लगाया और कहा कि अगर केजरीवाल मानते हैं कि उनकी पार्टी ईमानदार है तो आबकारी नीति में भ्रष्टाचार के आरोपी मनीष सिसोदिया को तुरंत पार्टी से बर्खास्त करें। आर के आश्रम में विरोध प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि आज आम आदमी पार्टी के पास कोई जवाब नहीं है क्योंकि उसे भी पता है कि दिल्ली वालों से बड़े-बड़े वादे करके उन्होंने जो धोखा देने का काम किया है, उसकी पोल खुल चुकी है। अब ना बताने के लिए आप के पास कुछ है और ना कहने के लिए। इसलिए अब वे इधर-उधर की बातें कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। भाजपा तो सिर्फ सवाल कर रही है कि अगर आबकारी नीति इतनी अच्छी थी तो उसे वापस क्यों ले लिया। मैन्युफैक्चरर को रिटेलिंग की अनुमति क्यों दी। शराब माफियाओं के 144 और फिर 30 करोड़ रुपये माफ क्यों किये। आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल को आखिर किसने दिल्ली का खजाना लूटने की अनुमति दी। शराब माफियाओं को कमीशन 2.5 फीसदी से बढ़ाकर 12 फीसदी कर करोड़ों रुपये का घोटाला शराब माफियाओं के साथ मिलकर जो किया है उसका हिसाब उन्हें देना पड़ेगा। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा ने कहा कि जिस तरह से केजरीवाल सरकार ने आबकारी नीति लागू करने से पहले खुद कहा था कि इसके लागू होने से दिल्ली राजस्व में करोड़ों रुपये का फायदा होगा लेकिन हकीकत यह है कि वह फायदा दिल्ली के राजस्व को नहीं बल्कि खुद के जेबें भरने का काम किया गया।*

## एलजी-मुख्यमंत्री की साप्ताहिक बैठक टली

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बीच हर सप्ताह शुक्रवार को होने वाली साप्ताहिक बैठक इस बार नहीं होगी। केजरीवाल 26 अगस्त को होने वाले विधानसभा के विशेष सत्र में शामिल लेंगे। विधानसभा के उपाध्यक्ष ने शुक्रवार, 26 अगस्त सुबह 11 बजे राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सातवीं विस के तीसरे सत्र के तीसरे भाग की बैठक बुलाई है। उन्होंने सभी विधायकों को सदन की बैठक में शामिल होने के लिए तलब किया है। मालूम हो कि तीसरे सत्र के दूसरे भाग की बैठक 5 जुलाई को विधानसभा अध्यक्ष द्वारा अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई थी। उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री दिल्ली के विकास से संबंधित मामलों पर चर्चा करने के लिए हर सप्ताह शुक्रवार को नियमित रूप से बैठक करते हैं, लेकिन विधानसभा के विशेष सत्र के कारण उनके बीच आज होने वाली बैठक नहीं होगी।

## विस में शराब घोटाले पर केजरीवाल अपनी स्थिति स्पष्ट करे : कांग्रेस



अनिल चौधरी

**नई दिल्ली।** नई आबकारी नीति में गड़बड़ी के आरोपों से घिरी दिल्ली सरकार पर कांग्रेस हमलावर है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि शुक्रवार को एक दिवसीय विधानसभा के विशेष सत्र में केजरीवाल सदन से माफी मांगे, क्योंकि उन्होंने वर्ष 2021-22 की नई आबकारी नीति को लागू करने से पहले कहा कि योजना से राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी जिससे दिल्ली आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनेगी।

मुख्यमंत्री ने उस समय सदन को झूठ बोलकर गुमराह किया था। उन्होंने कहा कि कट्टर ईमानदारी का चोला पहनने वाले केजरीवाल और सिसोदिया भ्रष्टाचार में कीर्तिमान स्थापित कर रहे है। अनिल कुमार ने कहा कि यदि दिल्ली सरकार की शराब नीति इतनी अच्छी थी तो सीबीआई जांच के तुरंत बाद बिना चर्चा और विचार किए 2021-22 की नई आबकारी नीति को वापस क्यों लिया गया। अगर केजरीवाल और सिसोदिया को यह मालूम था कि शराब नीति ठीक नहीं है तो लागू क्यों की। उन्होंने कहा कि मनीष सिसोदिया शराब घोटाले पर सदन को जवाब दें। शराब घोटाले के जिम्मेदार सिसोदिया तुरंत प्रभाव से इस्तीफा दें। उन्होंने मांग की कि विस में शराब घोटाले पर चर्चा होनी चाहिए।

## महंगाई चरम पर, पीएम को चिंता नहीं : आतिशी



आतिशी

नई दिल्ली। महंगाई, पेट्रोलियम पदार्थ और बेरोजगारी की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। आप विधायक आतिशी मार्लेना ने कहा आज महंगाई से हर वर्ग त्रस्त है। केंद्र सरकार को इन चीजों पर ध्यान देने चाहिए। उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का ध्यान दूसरी राजनीतिक पार्टियों को तोड़ने में हैं। देश के सामने आज दो मॉडल हैं। एक अरविंद केजरीवाल का काम का मॉडल, जिसमें गरीबों-आम आदमी की जिंदगी को बेहतर बनाया जाता है। दूसरा प्रधानमंत्री मोदी का मॉडल कि किस तरह से ईडी-सीबीआई, आयकर विभाग सहित अन्य एजेंसियों का इस्तेमाल करके लोकतंत्र की हत्या की जाती है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हर बच्चे की जिंदगी को सुधारना, हर महिला को सुरक्षा देना, हर व्यक्ति को इलाज देना चाहते हैं।

## तिमारपुर में युवक की पीटकर हत्या, चार लोग गिरफ्तार

- घटना का वीडियो वायरल, जमीन पर लिटाकर लाठियों से हमला नजर आए आरोपी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के तिमारपुर इलाके में चार लोगों ने कथित रूप से 31 वर्षीय व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घटना 13 अगस्त को हुई थी, लेकिन इसका एक कथित वीडियो सामने आया है, जिसमें दो लोग जमीन पर पड़े व्यक्ति को लाठियों से पीटते हुए दिख रहे हैं। पुलिस ने कहा कि तिमारपुर की संजय बस्ती में रहने वाले पीड़ित सुनील को स्थानीय थाने ने बदमाश घोषित कर रखा था और उसे पहले हत्या के एक मामले में दोषी ठहराया गया था।

उन्होंने कहा कि सुनील को पीटने के आरोप में गिरफ्तार किए गए सभी चार आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह ने कहा कि घटना उस समय हुई जब हाथ में दरांती लिए पीड़ित की कुछ लोगों से झड़प हो गई। उन लोगों ने दरांती छीनकर उसकी पिटाई कर दी।

पीड़ित का जब एक अस्पताल में इलाज चल रहा था, तब उसने पुलिस को दिए बयान में कहा था कि एक दिन पहले उन्हीं लोगों ने उसके भाई को पीटा था, जिसका बदला लेने के लिए वह वहां गया था। डीसीपी ने कहा कि बाद में व्यक्ति की मौत हो गई।



### चाकू से हमले में घायल एक व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** विकासपुरी इलाके में बुधवार को चाकू से हमले में घायल व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान बापरोला निवासी ओंकार रूप में हुई है, जो चंदर विहार में एक छोटी एसेम्बली इकाई (जहां कल-पुर्जे को जोड़कर उपकरण वस्तु बनाई जाती है) में श्रमिक सह प्रबंधक था। इस हमले की वारदात को किन लोगों ने दिया है इसकी जानकारी पुलिस जुटा रही है। पुलिस उपायुक्त घनश्याम बंसल ने कहा कि बुधवार को किसी ने फोनकर पुलिस को बताया था कि एक व्यक्ति विकासपुरी में केशोपुर नाला के पास बेहोश पड़ा है। उसके शरीर पर चाकू के हमले के जख्म थे और नजदीक में एक स्कूटर खड़ा था।

## सितंबर से लागू होगी प्रदूषण से बचाव की कार्ययोजना

- सर्दियों में प्रदूषण से निपटने के लिए बैठक में लिया फैसला



गोपाल राय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली सरकार सर्दियों में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सितंबर में 15 सूत्री कार्ययोजना जारी करेगी।

इस योजना में पराली प्रबंधन, धूल प्रदूषण, वाहनों से उत्सर्जन, खुले में कचरा जलाने, औद्योगिक प्रदूषण, हरित वार रूम, स्मॉग टॉवर, ई-कचरा पार्क, पौधरोपण, जन भागीदारी, आतिशबाजी जैसे विषयों और पड़ोसी राज्यों के साथ संयुक्त कार्वाई पर ध्यान दिया जाएगा। राय पांच सितंबर को एक बैठक में संबंधित 33 विभागों के साथ सभी कार्य बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श करेंगे। उनके सुझावों और सिफारिशों को शीतकालीन कार्य योजना में शामिल किया जाएगा।

राय ने कहा कि दिल्ली में 39 प्रतिशत वायु प्रदूषण स्थानीय रूप से होता है और बाकी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आसपास के इलाकों से होता है।



फाइल फोटो

## चिड़ियाघर में सफेद बाघ की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली के चिड़ियाघर में बुधवार शाम सफेद बाघ की मौत हो गई है। चिड़ियाघर के एक अधिकारी ने बताया कि विजय नामक बाघ का जन्म दिल्ली में जू में हुआ था।

उसकी उम्र लगभग 15 साल थी। उसे स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या नहीं थी। चिड़िया घर प्रशासन के अनुसार, इस चिड़ियाघर में दो जोड़े सफेद बाघ और चार बंगाल टाइगर हैं, उन चार में एक नर और तीन मादा हैं। आम तौर पर सफेद बाघ की जिंदगी 12-14 साल की होती है। सूत्रों ने बताया कि ढ़ाई साल में इस चिड़ियाघर में सात शेर और बाघों की मौत हुई। उनमें से चार की मौत गुर्दे के खराब होने से हुई। अधिकारियों ने बताया कि बाघ के खून के नमून जांच के लिए बरेली स्थित पशु चिकित्सालय भेज दिए हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही उसके मौत की सही जानकारी मिल सकेगी।

### राजू श्रीवास्तव अभी भी वेंटिलेटर पर

**नई दिल्ली।** मशहूर कॉमेडियन-अभिनेता राजू श्रीवास्तव की पत्नी शिखा श्रीवास्तव ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनके पति वेंटिलेटर पर हैं और धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं।

राजू श्रीवास्तव के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर जारी एक बयान में, शिखा ने कहा कि उनके पति की हालत स्थिर है। शिखा ने कहा, राजू श्रीवास्तव जी की हालत स्थिर है और वह धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं। वह इस समय वेंटिलेटर पर हैं। इससे पहले दिन में, मीडिया में खबर चली थी कि श्रीवास्तव को एम्स की आईसीयू में भर्ती होने के 15 दिन बाद होश आया है। शिखा ने अनुरोध किया कि आधिकारिक सोशल मीडिया पेज पर जारी किए गए बयानों पर भरोसा करें।

## अवैध हथियारों की खरीद बिक्री करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

- पुलिस ने दो बदमाशों को पकड़ा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को कहा कि उसने अवैध अग्नेयास्त्रों की खरीद बिक्री करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने अनुसार ये लोग मध्य प्रदेश से हथियार खरीदते थे और दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र),हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उनकी आपूर्ति करते थे। उत्तर प्रदेश के प्रमोद कुमार (35) और रोहताश (31) ने तीन साल में दिल्ली-एनसीआर में 500 से अधिक हथियारों की आपूर्ति की है, उन्हें दिल्ली में गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से 12 पिस्तौल और 45 गोलियां बरामद की गई हैं। पुलिस उपायुक्त जसमीत सिंह ने कहा, टीम ने अंतरराज्यीय बंदूक रैकेट का भंडाफोड़ किया है। ये लोग किसी अन्य व्यक्ति को अग्नेयास्त्र और गोलियां देने आए थे। उन्होंने खुलासा किया कि उन्हें मध्य प्रदेश के सेंधवा के एक हथियार निर्माता एवं आपूर्तिकर्ता से पिस्तौल और कारतूस की खेप मिली है।

## 16 माह के मासूम ने बचाई दो लोगों की जान

- एम्स में सबसे कम उम्र का बना अंगदाता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दो लोगों की जिंदगी रोशन करने वाला 16 माह का मासूम अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में सबसे कम उम्र का अंगदाता बन गया है। गिरने के कारण बुरी तरह चोटिल हुए बच्चे को एम्स में इलाज के लिए लाया गया था।

चिकित्सकों द्वारा दिमागी तौर पर मृत घोषित करने के बाद बच्चे के परिजन अंगदान के लिए राजी हो गए। जिससे दो रोगियों को जीवन की नई उम्मीद मिली है। एम्स के चिकित्सकों के अनुसार यह बच्चा एम्स में सबसे कम उम्र का अंगदाता है। उन्होंने बताया कि बच्चे के गुर्दों और यकृत को दो अन्य बच्चों को लगाया गया है, वहीं उसके हृदय वाल्व तथा कॉर्निया एम्स में सुरक्षित रखा गया है। रिशांत नामक बालक 17 अगस्त को गिर गया था और गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसके पिता उपिंदर उसे यमुना पार्क के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां से उसे उसी दिन एम्स में जयप्रकाश नारायण ट्रॉमा सेंटर लाया गया। एम्स में न्यूरोसर्जरी के प्रोफेसर डॉ. दीपक गुप्ता ने कहा कि बच्चा अंगदान के लिए ही जन्मा था।

सिर में गहरी चोट लगने के बाद वह आठ दिन तक लड़ता रहा। उसे 24 अगस्त को मस्तिष्कीय रूप से मृत घोषित कर दिया गया था।

चिकित्सकों और एम्स स्थित अंग प्रतिरोपण समन्वयकों ने शोक-संतप्त परिवार से बातचीत की और अंगदान की जानकारी दी। जिसके बाद परिवार ने बच्चे के अंगदान के लिए राजी हो गए।

# राजधानी के ग्रामीण इलाकों में नहीं होगी पानी की किल्लत

## उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने पेयजल आपूर्ति में सुधार के लिए 16.79 करोड़ की परियोजना को दी मंजूरी

पायनियर समार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के विभिन्न ग्रामीण व शहरी इलाकों में पानी की पुरानी पाइपलाइनों-सीवर लाइनों को बदलने 16.79 करोड़ रुपये के परियोजना को मंजूरी दी गई है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने जलबोर्ड की विभिन्न क्षेत्रों में पाइपलाइन व सीवरलाइन बिछाने के लिए पहले ही सहमति दी।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में दिल्ली सरकार अपने हर नागरिकों तक बेहतर जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम दिल्ली में 24 घंटे जलापूर्ति सुनिश्चित करने लिए चरणबद्ध तरीके से काम कर रहे हैं। सिसोदिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पाइपलाइन और सीवर लाइन बदलने की पूरी प्रक्रिया के दौरान सेफ्टी-सिक्योरिटी व क्वालिटी के सभी मानकों का पालन प्रतिबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए और समय के साथ ये कार्य पूरे किए जाए ताकि स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़ें।

बता दे कि दिल्ली के सभी इलाकों में पानी की बाधारहित आपूर्ति सुनिश्चित करने की इस कड़ी में केजरीवाल सरकार द्वारा हसनपुर गांव, मटियाला के खेड़ा डाबर गांव, पंडवाला खुर्द गांव व सारंगपुर गांव में पुरानी क्षतिग्रस्त पानी की लाइनों को बदलने की मंजूरी दी गई है।

इसके अलावा, बुराड़ी के नंगली पूना, झरोदा हरिजन बस्ती व कमल विहार में भी पानी की लाइनों में को बदलकर जलापूर्ति में सुधार किया जाएगा। साथ ही लक्ष्मी नगर के मंगल बाजार रोड से विकास मार्ग ट्रंक सीवर तक मुख्य पेरिफेरल सीवर लाइन, गणेश नगर-द्वितीय से मधुबन चौक तक मुख्य पेरिफेरल सीवर लाइन, साउथ गणेश नगर से गणेश चौक तक मुख्य पेरिफेरल सीवर और आरके पुरम के शांति निकेतन सीवर लाइन को बदला जाएगा।



- मटियाला के खेड़ा डाबर गांव, पंडवाला खुर्द गांव, सारंगपुर गांव व हसनपुर गांव में पुरानी क्षतिग्रस्त पाइपलाइनें बदली जाएंगी

### एचडीडी पद्धति से बदला जाएगा

*पुरानी सीवर लाइनों को आधुनिक एचडीडी पद्धति से बदला जाएगा। इसके तहत मंगल बाजार रोड से विकास मार्ग ट्रंक सीवर एसी-58 तक मुख्य पेरिफेरल सीवर लाइन को एचडीडी पद्धति से बदला जाएगा। वहीं, गणेश नगर-द्वितीय से मधुबन चौक तक मुख्य पेरिफेरल सीवर लाइन और साउथ गणेश नगर से गणेश चौक तक मुख्य पेरिफेरल सीवर लाइन को एचडीडी पद्धति से बदला जाएगा।*

## जन्म व मृत्यु संबंधी पंजीकरण 21 दिन के भीतर करवाने के आदेश

- एमसीडी ने नरेला क्षेत्र के पैनल में शामिल अस्पतालों को ऑनलाइन पंजीकरण कराने को कहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

एमसीडी जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र संबंधी पंजीकरण को 21 दिन के भीतर कराने के आदेश दिए हैं। उसने नरेला क्षेत्र के पैनल में शामिल विभिन्न अस्पतालों को पत्र लिखकर कहा कि तय समय पर ऑनलाइन पंजीकरण कराने का कहा है।

दिल्ली नगर निगम उपायुक्त नरेला जोन ने पैनल में शामिल विभिन्न अस्पतालों द्वारा जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण समय पर करने के सम्बन्ध में एक पत्र जारी किया गया है। उपायुक्त अंजलि सहरावत ने बताया कि जन्म एवं मृत्यु के पंजीकरण एक्ट 1969 के अनुसार जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण 21 दिन के भीतर करवाने से प्रार्थी को इसके लिए कोई विलम्ब शुल्क नहीं देना पड़ता है। इसके अतिरिक्त जन्म एवं मृत्यु के प्रसंग को ऑनलाइन निगम कि वेबसाइट पर डालने से प्रार्थी को यह प्रमाण पत्र तुरंत उपलब्ध हो जाता है। उन्होंने बताया कि प्रमाण पत्र के लिए 21 दिन के बाद ऑनलाइन पंजीकरण करवाया जाता है तो इसके लिए सम्बंधित रजिस्ट्रार की मंजूरी की जरूरत पड़ती है।

# अब ऑटो व कैब में महिलाओं को मुफ्त मिलेंगे सैनेट्री नैपकिन

### गुरुग्राम से रीअर्थ लाइफ संस्था ने की ये पहल

### सभी ऑटो के भीतर पैड के लिए स्टीकर भी चस्पा किए

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुवार** को रिअर्थ लाइफ संस्था द्वारा गुरुग्राम के हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन से एक मुहिम की शुरुआत की गई। जिसके तहत 500 ऑटो में मुफ्त सैनेट्री नैपकिन रखे गए और इसकी जानकारी के स्टिकर ऑटो के अंदर लगाए गए। ये सैनेट्री नैपकिन महिलाओं को मुफ्त में ही दिए जाएंगे। रिअर्थ से राकेश हुक्मा का पोता रिअर्थ का मकसद है कि अगर कोई महिला ऑटो या कैब से रास्ते में कहीं जा रही है। अचानक से उनकी माहवारी शुरू हो जाती है तो वो इस आपात स्थिति में ड्राइवर से मुफ्त सैनेट्री पैड ले सकती है। जिस प्रकार गाड़ी ऑटो में आपातकाल के लिए मेडिकल किट होती है, उसी तरह महिलाओं के लिए अब सैनेट्री नैपकिन भी मौजूद रहेंगे। राकेश ने बताया कि हमारा मकसद माहवारी से जुड़ी शर्म और अफवाहों को खत्म करना चाहते हैं। महिलाओं को ऐसी स्थिति में शर्म और डर से बचाने के लिए ऑटो और कैब में पैड उपलब्ध करवा रहे हैं। इस मुहिम को धीरे-धीरे पूरे दिल्ली-एनसीआर की कैब और ऑटो तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। गुरुग्राम से इसकी शुरुआत की गई। हरियाणा ऑटो चालक का पूरा सहयोग मिला है। ऑटो में पैड खत्म हो जाने पर हरियाणा ऑटो चालक संघ के कार्यालय से इसे रिफिल कर सकते हैं। इस मौके पर सिद्धार्थ भाटिया, सुनील सैनी, केशिका, गौतम सैनी, योगेश महामंत्री हरियाणा ऑटो चालक संघ, देवेंद्र मिनर्वा ऋतुराज मौजूद रहे।



गुरुग्राम के हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन पर ऑटो में पैड की जानकारी महिलाओं को देने के लिए स्टीकर लगाती रीअर्थ लाइफ संस्था की कार्यकर्ता।

# बिलासपुर चौक पर राजमार्ग के नीचे बनेगी लिंक ड्रेन : दुष्यंत चौटाला

### जलभराव की समस्या के निवारण के लिए बनेगी यह लिंक ड्रेन

### डिप्टी सीएम ने गांव बिलासपुर में सामुदायिक भवन बाघनकी में खेल स्टेडियम व सड़क की घोषणा की

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**उप-मुख्यमंत्री** दुष्यंत चौटाला ने कहा कि दिल्ली-गुरुग्राम-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-48 स्थित बिलासपुर चौक पर जलभराव की समस्या को दूर किया जाएगा। जलभराव के निवारण व राजमार्ग के दोनों तरफ मौजूद वर्तमान ड्रेनों को आपस में जोड़ने के लिए राजमार्ग के नीचे से लिंक ड्रेन का निर्माण करवाया जाएगा। यह बात उन्होंने बिलासपुर में आयोजित अभिनंदन समारोह में बोलते हुए कही।

उन्होंने कहा कि राजमार्ग के नीचे बनने वाली इस लिंक ड्रेन के निर्माण से राजमार्ग के दोनों ओर जलभराव की समस्या से निजात मिलने के साथ ही उससे होने वाली जाम की समस्या से भी मुक्ति मिलेगी। श्री चौटाला ने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के मार्गदर्शन से पूरे प्रदेश में नए राजमार्गों के निर्माण के साथ साथ मौजूदा राजमार्गों के जीर्णोद्धार कार्यों को भी गति प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि सड़कें विकास की रीढ़ होती हैं। किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए यदि सड़क का निर्माण करा दिया जाए तो उस क्षेत्र का विकास स्वत: होने लगता है। उपमुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों द्वारा गांव बिलासपुर में सामुदायिक भवन के निर्माण की मांग पर अपनी सहमति जतायी। उन्होंने कहा कि गांव बिलासपुर के युवा एक टीम बनाकर गांव शेखपुरा में बनाए गए सामुदायिक भवन का दौरा करें और पंचायती राज विभाग से अपने गांव बिलासपुर में वैसा ही सामुदायिक भवन बनवाए। इसके निर्माण उपरान्त आसपास के अन्य गांवों के लिए भी इस सामुदायिक भवन का उपयोग हो सके। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि वर्ष 2010 में गांव बाघनकी से कावड़ लेने गए 24 युवकों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी, उस समय की सरकार ने उन युवकों की याद में गांव में खेल स्टेडियम बनाने को घोषणा की थी, जोकि अभी तक पूरी नही हुई है। इस पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गांव बाघनकी की पंचायत ने यदि युवकों के नाम बनने वाले खेल स्टेडियम के सम्बंध में कोई रेजोल्यूशन पास किया है तो वे उसकी कॉपी उपलब्ध कराएं, ताकि मनरेगा योजना से वहां जल्द से जल्द खेल स्टेडियम का निर्माण करवाया जा सके। दुष्यंत चौटाला ने इस दौरान गांव बाघनकी के लिए सड़क निर्माण की भी घोषणा की।

कार्यक्रम में जेजेपी के राष्ट्रीय सचिव अंतराम तंवर, पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता, पटौदी के पूर्व विधायक गंगाराम, जेजेपी के गुरुग्राम जिला अध्यक्ष ऋषि राज राणा, जिला परिषद गुरुग्राम के पूर्व चैयरमैन कल्याण सिंह, जेजेपी के पूर्व जिला अध्यक्ष सूबे सिंह बोहरा आदि उपस्थित थे।



गुरुग्राम के गांव बिलासपुर में अपने अभिनंदन समारोह में बोलते उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

# भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व में सुधा के शामिल होने से गुरुग्राम की शान बढ़ी

### विधायक सुधीर सिंगला ने डा. सुधा यादव को शुभ कामनाएं देकर कहा

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी में संसदीय समिति और चुनाव समिति में सदस्य नियुक्त हुईं पूर्व सांसद डा. सुधा यादव को शुभकामनाएं देने गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला उनके आवास पर पहुंचे। उन्होंने पार्टी का इस बात के लिए धन्यवाद किया कि गुरुग्राम से केंद्रीय स्तर पर डा. सुधा को इतना बड़ा सम्मान दिया गया है।

विधायक सुधीर सिंगला ने डा. सुधा यादव को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका संसदीय समिति में और चुनाव समिति में शामिल किया जाना गुरुग्राम के लिए गौरव की बात है। यहां का हर कार्यकर्ता पार्टी के इस निर्णय से खुश है। सिर्फ गुरुग्राम ही नहीं बल्कि अहीरवाल और हरियाणा के लिए यह खुशी की बात है। पहले उन्हें पिछड़ा वर्ग आयोग में सदस्य नियुक्त करके सम्मान दिया गया था और अब इस सम्मान में बढ़ोतरी भी पार्टी ने कर दी। विधायक ने कहा कि गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा का वे केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष जो तस्वीर पेश करेंगी, वही आगामी चुनावों में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं के लिए संज्ञान में रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि डा. सुधा यादव बेहद ही सादगी की जीवन जीते हुए पार्टी हित में पहले से ही लगातार कार्य कर रही हैं। पार्टी ने उनकी कार्यकुशलता को पहचाना और उन्हें केंद्रीय स्तर पर पार्टी के फैसलों में शामिल कर लिया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने डा. सुधा यादव को एक साथ दो समितियों में शामिल करके यह बता दिया है कि पार्टी में महिलाओं का कितना सम्मान है। डा. सुधा यादव कारगिल के पहले शहीद डिप्टी कमांडेंट सुखबीर सिंह यादव की वीरांगना हैं। यह एक तरह से देश के शहीदों का भी सम्मान है। डा. सुधा यादव को शुभकामनाएं देने के लिए विधायक के साथ पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, पार्षद मनीष वजीराबाद समेत कई गणमान्य लोग पहुंचे।



गुरुग्राम में पूर्व सांसद डा. सुधा यादव का स्वागत करते विधायक सुधीर सिंगला।

## संक्षिप्त समाचार

### कार की टक्कर से वृद्ध व्यक्ति की मौत

**सोहना।** गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग के गांव धुनेला में तेज रफ्तार कार की टक्कर लगने से वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। वृद्ध व्यक्ति को अज्ञात चालक सड़क पार करने के दौरान टक्कर मार कर भाग गया। बुधवार की शाम साढे सात बजे गुरूग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग स्थित गांव धुनेला निवासी वृद्ध व्यक्ति रामजस सड़क पार कर रहा था। उसी समय सर्विस मार्ग पर तेजी से सोहना की तरफ से एक कार आई। जिसके चालक ने रामजस को लापरवाही बरते हुए सीधी टक्कर मार दी। कार को टक्कर लगने घायल रामजस सड़क पर गिर गया। चालक अपनी कार को गुरूग्राम की तरफ लेकर भाग गया। यह हादसा सोहना की बांध कॉलोनी निवासी कमल ने अपनी आंखों से देखा। कमल ने अन्य लोगों की मदद से नागरिक अस्पताल सोहना में दाखिल कराया। जहां डॉक्टरों ने रामजस को मृत घोषित कर दिया। भोंडसी थाना पुलिस ने मृतक के वृद्ध व्यक्ति के पुत्र की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

### घर के बाहर से रात में पिकअप वाहन चोरी

**सोहना।** शहर के वार्ड-14 में घर के बाहर खड़ी पिकअप गाड़ी रात के समय चोरी हो गई। गाड़ी मालिक की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। शहर निवासी राम अवतार ने पुलिस शहर थाना को बताया कि उसने मंगलवार की शाम को अपनी पिकअप गाड़ी को घर के बाहर खड़ा किया था। बुधवार की सुबह उठकर देखा तो गाड़ी मौके से गायब मिली। यह गाड़ी उसकी पत्नी नेहा के नाम पर ली हुई है। पुलिस ने चोरी हुई गाड़ी की तलाश शुरू कर दी है।

### करनाल में होगी स्टेट यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप का दो दिवसीय 27 और 28 अगस्त को करण स्टेडियम करनाल में किया जाएगा। इस बात की जानकारी एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने दी। वहीं एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राज्य यूथ एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 1 जनवरी 2005 से 31 दिसम्बर 2006 तक आयु के लड़का और लड़की वर्ग एथलीट खिलाड़ी भाग लेंगे। इस यूथ एथलेटिक प्रतियोगिता में रनिंग इवेंट, जंप इवेंट और थ्रो इवेंट कराए जाएंगे। राजकुमार मिटान ने बताया कि इस प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ी भारतीय एथलेटिक महासंघ ( एएफआई ) के द्वारा दिए गये उचित मापदंडो के अनुसार टीटी नगर स्टेडियम भोपाल ( मध्यप्रदेश ) में तीन दिवसीय 17वीं नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। हरियाणा राज्य के जो भी एथलीट खिलाडी नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पदक विजेता बनेंगे, वे एथलीट खिलाड़ी एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया (एएफ आई) के दिशानिर्देश अनुसार चौथी यूथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 13 से 16 अक्टूबर तक होने वाली तीन दिवसीय प्रतियोगिता में भाग लेकर हरियाणा राज्य और भारत वर्ष देश का नाम रोशन करने का कार्य करेंगे।

### मातृशक्ति उद्यमिता योजना से आत्मनिर्भर होंगी महिलाएं

**फरीदाबाद।** उपायुक्त यशपाल ने कहा कि महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन किया जाता है। इनके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता से लेकर स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान की जाती है। हरियाणा सरकार द्वारा ऐसी ही एक योजना आरंभ की गई है, जिसका नाम हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जाता है। जाएगा। उपायुक्त यशपाल ने कहा कि सरकार द्वारा इस योजना के अंतर्गत स्वरोजगार स्थापित करने के लिए महिलाओं को ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। योजना के अंतर्गत परिवार पहचान पत्र के माध्यम से महिलाओं को ऋण उद्यम स्थापित करने के लिए प्रदान किया जाएगा।

# विवाहिता ने पति समेत आठ के खिलाफ दर्ज कराया दहेज प्रताड़ना का केस

### पीड़िता की शादी थाना तावडू के सूंध निवासी समीन से हुई थी

**सोहना।** भोंडसी थाना पुलिस ने हरियाहेडा निवासी विवाहिता की शिकायत पर पति समेत आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। विवाहिता ने पति पर अरावली पहाड़ी में बहला कर ले जाना और जान से मारने के इरादे से पिटाई करने का आरोप लगाया है।

हरियाहेडा निवासी शकीला पुत्री नसरूद्दीन ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी जिला नूंह थाना तावडू का गांव सूंध निवासी समीन के साथ 15 जून 2014 को हुआ था। शादी में मिले दहेज से ससुराल पक्ष का एक भी सदस्य खुश नहीं था। जिसको लेकर महिलाओं से लेकर पति और पुरुष से उसे पिता के घर से शादी में बाइक न लाने पर ताने मारे जाने लगे। वह तानों से परेशान हो अपने पिता के घर हरियाहेडा में आकर रहने लगे। 4 मई को उसके पति समिन उसे पिता के घर से बहला फुसला कर पहाड़ में ले गया। जहां पहले तो उससे प्यारी प्यारी बातें करता रहा और फिर एक दम जोश में आ गया। गुस्से से उसकी डंडा से पिटाई की। कुल्हाड़ी से मारा। पिता के घर से बाइक न लाने पर पीटा गया। उसकी तलाश करते हुए अरावली पहाड़ी में पहुंचे परिजनों को देख समिन भाग गया।

# नालों से हटाए जाएंगे अवैध कब्जे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद शहर के सभी गंदे व बरसाती पानी के नालों पर हो रहे अवैध कब्जों को हटाएगी। ताकि नालों की नियमित जमा कचरे की सफाई हो सके।

शहर और शहर से बाहर के बाहर सभी वार्ड के अंदर बने गंदे व बरसाती पानी के नालों की सफाई करेगी। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में बने बरसाती नालों की संख्या 10 से 12 है। नालों की सफाई से पहले उनके ऊपर हो रहे अवैध कब्जों का सफाया कराया जाएगा। सबसे ज्यादा शहरी क्षेत्र में बने नालों पर दुकानदार और रिहायशी क्षेत्र में मकान मालिकों ने कंक्रीट के फर्श तथा पत्थर के टुकड़े डालकर किए हुए हैं।

**शहरी क्षेत्र में इन स्थानों पर हैं नाले** : शहर के अस्पताल मार्ग से लेकर बस स्टैंड मार्ग, हरीनगर मार्ग, जखोपुर, पलवल मार्ग, मंगलनगर, पुरानी सब्जी मंडी मार्ग के नालों पर दुकानदार और मकान मालिकों ने अवैध कब्जा किया हुआ है। जिसके कारण इन नालों में जमा कचरा निकाला नहीं जाता। यही जमा कचरा बरसात के मौसम में जल भराव की बड़ी समस्या बनकर परेशानी का कारण बन जाता है। इसके साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में बालूदा, बेरका, सांप की नंगली रायपुर, दमदमा मार्ग, चुंगी नंबर एक से बाजार में आने वाले मार्ग समेत आदि बने नालों की सफाई न होने से कचरा भरा हुआ है। टूटे हुई नाले की दीवारों की मरम्मत न होने से पानी की निकासी नहीं होना भी बड़ी समस्या बनी है।



बालूदा मार्ग पर वार्ड-6 की हरीनगर कॉलोनी में नाले की सफाई करता कर्मचारी।

> “ **रविवार** को बाजार बंद होने से शहरी क्षेत्र के सभी नालों की सफाई जेसीबी से कराई जाएगी। नालों पर अवैध कब्जों को हटाने के लिए मुनादी कराई जा रही है। रविवार को चलने वाले अभियान में बाधा पहुंचाने वालों पर केस दर्ज कराया जा सकता है।
>
> **अतर सिंह**
> **( कार्यकारी अधिकारी नप )**

# सोहना क्षेत्र में पशुओं को एक सप्ताह में लग जाएंगी 7 हजार डोज : डा. सुरेंद्र यादव

### पशुओं को लंपी बीमारी से बचाने में जुटा है पशु पालन विभाग

### दूसरे जिलों से पशुओं को लाने पर भी लगाया गया है प्रतिबंध

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पशुओं** में फैली बीमारी लंपी को लेकर पशु पालन विभाग लगातार सक्रियता से काम कर रहा है। यह दावा करते हुए पशु पालन एवं डेयरिंग विभाग के उपमंडल अधिकारी डा. सुरेंद्र यादव ने बताया कि अकेले सोहना क्षेत्र में पशुओं को अगले एक सप्ताह में 7000 डोज लगा दी जाएंगी, ताकि पशुओं को इस बीमारी से बचाया जा सकते। उन्होंने बताया कि चार टीमें गठित की गई हैं, जोकि क्षेत्र में गायों को इंजेक्शन लगा रही हैं।

डा. सुरेंद्र यादव ने कहा कि जो भी पशु थोड़े से भी उन्हें प्रभावित नजर आ रहे हैं, उन्हें प्राथमिकता से टीके लगाए जा रहे हैं। लंपी स्किन डिजीज एक वायरल बीमारी है, जिससे संक्रमित मवेशियों में बुखार, आंखों और नाक से बहाव, मुंह से लार आना, पूरे शरीर में गांठ, दूध उत्पादन कम होना और खाने में कठिनाई इसके मुख्य लक्षण दिखने लगते हैं। प्रशासन ने जिला गुरुग्राम के अधिकार क्षेत्र में जानवरों के अंतर-राज्य कार्यक्रमों पर भी प्रतिबंध लगा दिया है, जिनमें गुरुग्राम में पशु मेलों और जानवरों के प्रदर्शन के आयोजन शामिल है। डा. यादव ने बताया कि आदेशों में आगे कहा गया है कि पुलिस अंतरराज्यीय और अंतर-जिला सीमाओं के साथ-साथ जिले के भीतर पुलिस चौकियों पर पर्याप्त बल की तैनाती करके गुरुग्राम में मवेशियों की आवाजाही की जांच करेगी।



सोहना क्षेत्र में गायों को टीके लगाते चिकित्सक।

# बिहार क्रिकेट में चमका हरियाणवी खिलाड़ी

### कूच बिहार ट्रॉफी के लिए ट्रायल में नदीम अली का बेहतरीन प्रदर्शन

### मात्र 17 रन देकर 4 ओवर में चटकाए 4 विकेट

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सुविधाओं** के अभाव के बीच आगे बढ़ना ठीक उसी तरह से जैसे आग में तपकर सोना कुंदन बनता है। इसी कहावत को चरितार्थ किया है गुरुग्राम के ग्रामीण अंचल में पले-बढ़े नदीम अली पुत्र अब्दुल रजाक ने। क्रिकेट के खेल में उसने बिहार में जाकर अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कूच बिहार ट्रॉफी में जगह बनाने के लिए नदीम चार बॉलर में से सेंकेंड रनर अप रहा। उसने 4 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट झटके।

गुरुग्राम के गांव धुनेला निवासी नदीम अली (20) कूच बिहार ट्रॉफी में चयनित होने के लिए बिहार की राजधानी पटना में क्रिकेट खेलने गया था। क्रिकेट में कुछ कर गुजरने के प्रति दीवानगी मन में पाले हुए नदीम ने वहां पर बेहतरीन खेल दिखाया। बैटिंग से ज्यादा उसने बॉलिंग में अपना हुनर दिखाया। नदीम ने चार ओवर में चार विकेट झटके। खास बात यह है कि उसने मात्र 17 रन देकर ही यह उपलब्धि हासिल की। यानी बिना अधिक रन गंवाए ही नदीम ने जो यह कारनामा कर दिखाया, उसके आगे बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों को नदीम में भविष्य का बेहतरीन क्रिकेटर नजर आया। उसे कुल खिलाड़ियों में से 30 खिलाड़ियों में शामिल किया गया है, जो कि अब दो टीमों में बंटकर खेलेंगे। उन्हीं में से अंडर-19 क्रिकेट टीम तैयार होगी।

बिहार से अपने घर गुरुग्राम के गांव धुनेला लौटे नदीम ने बताया कि करीब छह साल उसने पहले क्रिकेट खेलने की शुरुआत की थी। उसने गुरुग्राम जिले के लिए 2018 में भी ट्रायल दिया था। जयपुर में कैंप में गया था, लेकिन चयन नहीं हो पाया। उसके हौंसले पस्त नहीं हुए और वह लगातार प्रयासरत रहा।

**सोहना के सरकारी स्कूल से पास की है 12वीं** : नदीम अली ने सोहना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बाल से 12वीं कक्षा पास की है। उसे माही क्रिकेट अकादमी भोंडसी से क्रिकेट की बारीकियां सीखीं। परिवार की आर्थिक स्थिति सही नहीं थी, लेकिन उसके पिता अब्दुल रजाक ने उसके जुनून को देखते हुए पूरा सहारा और सहयोग दिया। नदीम की इस उपलब्धि पर गांव में खुशी का माहौल है। सभी ग्रामीणों को नदीम में भविष्य का बड़ा क्रिकेटर नजर आ रहा है। उसे बधाई देने वालों की गांव में भीड़ लगी रही। नदीम की सरकार से मांग है कि क्रिकेट की तरफ भी ध्यान दिया जाए। जिस तरह से दूसरे खेलों के लिए सुविधाएं दी जा रही हैं, क्रिकेट की सुविधाएं भी दी जाएं।



नदीम अली।

# मरणोपरांत नेत्रदान बने पारिवारिक परंपरा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एनआईटी** तीन स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने सैतीसवां नेत्रदान पखवाड़े के शुभारंभ पर नेत्रदान जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम के बारे में जेआरसी एवम ब्रिगेड सदस्य छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि नेत्रदान पखवाड़ा देश के नेत्रहीनता निवारण अभियान के अंतर्गत चलाया जा रहा है ताकि मरणोपरांत नेत्रदान द्वारा देश से दृष्टिविहीनता को समाप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के द्वारा जीवन में नेत्रदान की घोषणा न भी की गई हो फिर भी संबंधी, मित्र एवम घर के सदस्य मृत व्यक्ति का नेत्रदान कर सकते हैं। नेत्रदाता को मृत्यु पूर्व एड्स, पीलिया, कर्करोग, रैबीज सेप्टीसीमिया टिटनेस, हेपेटाइटिस तथा सर्पदंश जैसी बीमारी है तो उस अवस्था में नेत्र दान के लिए अयोग्य माने जाते हैं। नेत्रों की शल्य चिकित्सा उपरांत तथा स्पेक्स पहनने वाले व्यक्ति भी नेत्रदान कर सकते हैं। प्राचार्य ने छात्राओं को बताया कि मधुमेह अर्थात डायबिटीज के रोगी भी नेत्रदान कर सकते हैं। निर्धन और विकासशील देशों में प्रमुख रुप से दृष्टिहीनता स्वास्थ्य समस्याओं में से एक बहुत बडी समस्या है। राष्ट्रीय दृष्टि विहीनता कार्यक्रम के अंतर्गत देश में पच्चीस अगस्त से आठ सितंबर तक राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जाता है। एन आई टी तीन फरीदाबाद के कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आज छात्राओं की नेत्रदान विषय पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।



# अवादा ग्रुप ने किया 40,000 करोड़ रुपये के ग्रीन अमोनिया संयंत्र को राजस्थान से समझौता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** के '2070 नेट-जीरो' लक्ष्यों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए देश के अग्रणी इंटीग्रेटेड एनर्जी एंटरप्राइज अवादा ग्रुप ने बुधवार (24 अगस्त) को राजस्थान सरकार के उद्योग और वाणिज्य विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता ज्ञापन राजस्थान में कोटा में ग्रीन अमोनिया फेसिलिटी और अक्षय ऊर्जा बिजली संयंत्र स्थापित करने के संबंध में है।

नई दिल्ली में आयोजित इनवेस्टमेंट राजस्थान शिखर सम्मेलन के लिए निवेश प्रोत्साहन रणनीति के हिस्से के रूप में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन में 40,000 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव किया गया है। इस कदम से लगभग 3,500 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर और 10,500 से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार हासिल होगा। इस समझौते को देश के ग्रीन फ्यूचर के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए अवादा ग्रुप के चेयरमैन विनीत मित्तल ने कहा, "हरित ऊर्जा की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाना देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण है और इस तरह नेट-जीरो से संबंधित लक्ष्यों की ओर मार्ग प्रशस्त करेगा। अवादा में हम देश को आत्मनिर्भर बनाने की तरफ कदम बढ़ाते हुए हरित ऊर्जा सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करके भारत को ऊर्जा के लिहाज से स्वतंत्र बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं।" उन्होंने आगे कहा, "अवादा में, हम मानते हैं कि व्यापार और सस्टेनेबिलिटी साथ-साथ चलती है। हम इस साझेदारी के लिए राजस्थान सरकार के आभारी हैं। यह माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की हरित ऊर्जा क्रांति को मजबूत करने में मदद करेगा, क्योंकि हम अक्षय ऊर्जा (आरई) क्षेत्र में देश की शानदार तरक्की को सपोर्ट करने के लिए नवीन स्वच्छ ऊर्जा समाधानों में महत्वपूर्ण निवेश करते हैं।" स्वच्छ ऊर्जा से संबंधित टैक्नोलॉजी के बारे में विस्तार से बताते हुए श्रीमित्तल ने आगे बताया कि ग्रीन हाइड्रोजन का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह जलते के दौरान भी स्वच्छ रहती है और सिर्फ जल वाष्प को पीछे छोड़ती है। उन्होंने आगे कहा, "उन उद्योगों के लिए जिन्हें उच्च तापमान वाली हीट की आवश्यकता होती है, जैसे कि फाउंड्री और ग्लास और स्टील निर्माता, यह अभूतपूर्व हो सकता है क्योंकि यह न केवल जीवाश्म ईंधन को नवीकरणीय स्रोतों से बदल देगा, बल्कि ग्रीन अमोनिया और गैस के विकल्प का भी उत्पादन करेगा।" अवादा के बारे में- सामाजिक उद्यमी विनीत मित्तल के नेतृत्व वाला अवादा समूह एक इंटीग्रेटेड एनर्जी प्लेटफॉर्म है, जिसमें सोलर सेल, मॉड्यूल और इलेक्ट्रोलाइज़र के निर्माण से लेकर अक्षय ऊर्जा उत्पादन, हरित हाइड्रोजन और ग्रीन अमोनिया उत्पादन तक शामिल हैं।



# मेगा कैंप : जांच में 1566 कैदी पाए गए बीमारियों से ग्रस्त

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

आजादी के 75 में अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विस के दिशा-निर्देश के द्वारा स्वास्थ्य विभाग फरीदाबाद ने नीमका जेल में स्वास्थ्य का मेगा कैंप का शुभारंभ किया। जिसका उद्घाटन सिविल सर्जन डॉक्टर विनय गुप्ता, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ शीला भगत व डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर हरीश आर्य, डॉ. प्रोनिता, डिप्टी सुपरडेंट रामचंद्र, डॉ मयंक पाराशर, एचआईवी कोऑर्डिनेटर सुभाष गहलोत आदि ने रिबन

## नीमका जेल में जांच के दौरान 85 में से दो कैदी मिले कोरोना पॉजिटिव

काटकर मेगा कैंप का शुभारंभ किया गया। जिसमें सभी कैदियों की जांच की जाएगी। इससे पहले स्वास्थ्य विभाग ने 4 दिन में सभी कैदियों की स्क्रीनिंग की गई थी। वहीं स्क्रीनिंग में विभिन्न रोगों से ग्रस्त पाए गए 1566 रोगियों की जांच शुरू कर दी गई, पहले दिन कोरोना जांच भी की गई, जिसमें 85 में से 2 कैदी कोरोना पॉजिटिव पाए गए। जानकारी के मुताबिक नीमका जिला जेल में जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से स्वास्थ्य मेगा कैम्प का शुभारंभ बृहस्पतिवार को किया। इस कैम्प में


जेल में मेगा कैंप का शुभारंभ करते स्वास्थ्य अधिकारी।

डेंटल, मनोरोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, गायनोलॉजिस्ट, त्वचा रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ ने कैदियों की जांच की। जिसमें जेल में बंद 3103 कैदियों की चार दिनों से स्क्रीनिंग के बाद 1566 कैदियों में विभिन्न प्रकार की बीमारियां पाई गई। जिनकी विशेषज्ञों ने जांच शुरू कर दी। इस दौरान फिजिशियन दिनेश रंगा द्वारा जांच किए गए 586 में 32 कैदी चेस्ट समेत विभिन्न रोगों से ग्रस्त मिले थे। वहीं मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा ने 272 रोगियों में 15 को जांच की। ईएनटी स्पेशलिस्ट डॉ. अंगुश प्रिया ने 160 में से 93 रोगियों की जांच की। वहीं डेंटल सर्जन डॉ. धीरज ने 85 में से 9 रोगियों की जांच की। सर्जन संदीप बैनीवाल ने 40 में से 20 रोगियों की जांच की। वहीं त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. सरोज लोचन ने 194 में से 49 रोगियों की जांच की। गायनोलॉजिस्ट डॉ. प्रोनिता अहलावत ने 11 में से 8 महिलाओं की जांच की। इसके साथ ही कैम्प में डेंटल ऑर्थोपेडिक, एचआईवी, टीबी, कोविड, बीपी और शुगर की जांच, कोविड वैक्सीन तथा उनके ब्लड टेस्ट में सीबीसी, लीवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट यूरिन आदि की टेस्टिंग की गई। इस बारे में जानकारी देते हुए डॉ. शीला भगत ने बताया कि कैम्प में 85 कोविड टैस्ट हुए। उनमें से दो पॉजिटिव निकले।

# बीके : मृत पशुओं की दुर्गंध से शिफ्ट करना पड़ा वैक्सीनेशन सेंटर

## दशहरा मैदान में मरे हुए पशुओं के शवों से उठती दुर्गंध से बढ़ी परेशानी

कविता। फरीदाबाद

जिले के बादशाह खान सिविल अस्पताल की दीवार के निकट मरे हुए पशुओं को फेंका जा रहा है। जिससे हाल यह हो गया है कि यहां बैठकर काम करना डॉक्टरों और कर्मचारियों के लिए दूभर हो गया है। यहां मौजूद आयुष विभाग, वैक्सीनेशन सेंटर, ब्लड बैंक समेत सखी सेंटर और जनरेटर रूम में पशुओं के शवों के सड़ने से दुर्गंध फैल रही है। वहीं दशहरा ग्राउंड में पड़े इन पशुओं के शवों के कारण वहां ड्राइविंग सीखने आने वाले भी कुछ दिनों से दुर्गंध से परेशान हो गए हैं। वहीं दुर्गंध इतनी अधिक है कि वैक्सीनेशन सेंटर को शिफ्ट करना पड़ा। दुर्गंध को सुंघते हुए डॉग भी अस्पताल की दीवार पर चढ़ने का प्रयास करते नजर आए।


दशहरा ग्राउंड मैदान में खुले में पड़े मृत पशुओं के शव।

जानकारी के मुताबिक एनआईटी दशहरा ग्राउंड में बीके अस्पताल की दीवार के साथ ही मृत पशुओं के शवों को डाला जा रहा है। पिछले कुछ दिनों में मरे हुए पशुओं के शवों की संख्या करीब 10 हो चुकी है। जिसमें कुत्ते, सुअर इत्यादि के शव शामिल है।

रविवार से इन पशुओं के शवों से दुर्गंध आनी शुरू हो गई थी। जिसके कारण बीके अस्पताल में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों व चिकित्सकों ने इसकी सूचना अस्पताल प्रबंधन को दी थी। लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। ऐसे में अब यहां बैठना



पशुओं से आ रही दुर्गंध के कारण बंद वैक्सीनेशन सेंटर।

दुर्भर हो गया। दुर्गंध जहां इंसान को आ रही थी, वहीं अस्पताल में घूम रहे कुत्ते तो दीवार से आ रही स्मैल को सुंघते हुए दीवार पर चढ़ने का प्रयास करते नजर आए।

**शिफ्ट किया सेंटर :** कोरोना से बचाव की वैक्सीन आयुष विभाग के निकट लगाई जाती है। दो रूमों की इमारत में पूरा खुला होने के कारण रविवार से गंदी बदबू आ रही है। ऐसे में बृहस्पतिवार को जब कर्मचारियों का यहां बैठना दुर्भर हो गया तो उन्होंने यहां वैक्सीन लगाना बंद कर दिया। उन्होंने बृहस्पतिवार को अस्पताल के पीपीई सेंटर कमरा


एक बी-मैदान से आ रही दुर्गंध को सूंघ कर दीवार पर चढ़ता एक कुत्ता।

नम्बर 37 में बैठकर वैक्सीन लगवाई।

**दी शिकायत :** जहां वैक्सीनेशन सेंटर के कर्मचारियों ने इसकी सूचना सेंटर इंचार्ज और अस्पताल प्रबंधन को दी। लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।

वहीं दूसरी तरफ आयुष विभाग में तैनात योगा आचार्य विकास यादव ने सीएमएम को दी, लेकिन बृहस्पतिवार को दोपहर बाद तक भी एमसीएच द्वारा इन पशुओं के शवों को नहीं हटाया। जिसके कारण आयुष विभाग में आए मरीजों के संग चिकित्सकों व कर्मचारियों को भी भारी परेशानी हुई।

# छात्राओं को दुर्गा शक्ति टीम ने किया जागरुक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देशानुसार एवं पुलिस उपायुक्त मुख्यालय नितिन अग्रवाल के निर्देशन तथा एसीपी मनीष सहगल के मार्गदर्शन व बल्लभगढ़ महिला थाना प्रभारी इंदु बाला के नेतृत्व में सेक्टर-8 स्थित महिला पॉलिटेक्निक विश्वविद्यालय में छात्राओं को दुर्गा शक्ति टीम ने पोक्सो एक्ट, बाल अपराध तथा दहेज जैसी कुरीतियों के विरुद्ध तथा महिला शक्ति एप मोबाइल में डाउनलोड करवाने के साथ-साथ उन्हें अपनी आवाज उठाने और समाज की विभिन्न कुरीतियों के बारे में जागरुक किया।

महिला थाना प्रभारी इंदु बाला ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस आयुक्त के दिशा-निर्देश अनुसार पुलिस अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों को समाज में फैली कुरीतियों के बारे में जागरुक करने का काम भी कर रही है। अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ नागरिकों को अपराधों के प्रति जागरूक करना भी उतना ही आवश्यक है। पुलिस कार्य में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत महिला पुलिस दुर्गा शक्ति टीमें शहर के अलग-अलग स्थानों पर जाकर आमजन को कानून तथा कानूनी अधिकारों के प्रति जागरुक करके उन्हें सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध लड़ने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। स्कूल कॉलेज में पढ़ रहे छात्र-छात्राएं इस देश का भविष्य है जो आगे चलकर समाज को एक नई दिशा प्रदान करते हैं इसीलिए वह समाज की एक आधारभूत इकाई मानी जाती है।

इस आधारभूत इकाई को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करके उनके आत्मविश्वास को बल देना अति आवश्यक है। इसी कड़ी में बल्लभगढ़ महिला थाना प्रभारी इंदु बाला ने बताया कि महिला पुलिस और दुर्गा शक्ति की टीम विश्वविद्यालय में पहुंचकर छात्राओं को बाल अपराध के बारे में जागरुक करते हुए उन्हें इस प्रकार की कुरीतियों से लड़ने के लिए प्रेरित किया।

# अमृता अस्पताल देगा स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती: सीईओ



फरीदाबाद। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 अगस्त बुधवार को जिला फरीदाबाद के सेक्टर-88 स्थित नवनिर्मित अमृता अस्पताल का उद्घाटन किया, जो अब भारत का सबसे बड़ा मल्टीस्पेशलिटी निजी अस्पताल है।

इस अवसर पर माता अमृतानंदमयी देवी, हरियाणा राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला सहित अन्य वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अस्पताल के उद्घाटन पर बोलते हुए फरीदाबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी के कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने कहा कि यह राज्य और देश के लोगों के लिए विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हरियाणा सरकार राज्य के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में कई प्रमुख परियोजनाओं पर काम कर रही है। हमें गर्व है कि फरीदाबाद माता अमृतानंदमयी द्वारा इस अस्पताल को स्थापित करने के लिए चुना गया है। फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण अमृता अस्पताल की आवश्यकता के अनुरूप उस क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को विकसित करने का कार्य कर रहा है। नागरिक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर लिया जा रहा है और इसके साथ ही समय पर निष्पादन, गुणवत्ता जांच और निगरानी का कड़ाई से पालन किया जा रहा है।

# 2025 तक 20 प्रतिशत मार्केट शेयर का लक्ष्य रखा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

25 वर्ष पुरानी भारत की मशहूर परफ्यूम ब्रांड रिया ने कोविड महामारी की चुनौतियों के बावजूद 80 करोड़ रुपये का टर्नओवर किया है। यह इतिहास कंपनी ने वित्त-वर्ष 2021-2022 में बनाया है। कंपनी की स्थापना कोलकता में 1997 में की गई थी तबसे रिया को भारत की सबसे मशहूर परफ्यूम कंपनी में गिना जाता है। इसे भारत में वैल्यू शेयर के आधार पर लगातार तीसरे साल, परफ्यूम सेगमेंट की लीडर की मान्यता मिली है।

यह मान्यता प्रतिष्ठित निल्सन आईक्यू रिटेल ऑडिट रिपोर्ट, जनवरी-दिसंबर 2021 में दी गई है। नेल्सन आईक्यू रिटेल ऑडिट रिपोर्ट जनवरी-दिसंबर 2021 के अनुसार ई-कामर्स रेवन्यू को छोड़ दें तो भारत में परफ्यूम की इंडस्ट्री लगभग 790 करोड़ रुपये की है। माना जाता है कि वर्ष 2025 तक यह इंडस्ट्री बढ़कर 1200 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगी। इस घरेलू ब्रांड




जिसकी पूरी भारत में पहुंच है, बढ़ती हुई परफ्यूम इंडस्ट्री में वर्ष 2025 तक अपना मार्केट शेयर 20 फीसदी तक करते हुए अपना टर्नओवर 240 करोड़ रुपए तक करना चाहती है। पर्पस प्लेनट के संस्थापक और सीईओ आदित्य विक्रम डागा का कहना है, भारत की परफ्यूम विरासत का इतिहास लगभग 300 साल पुराना है। भारत का सामान्य आदमी भी खुशबुओं के तमाम प्रकारों से परिचित रहता है, इसमें जब मजबूत सांस्कृतिक कारणों को जोड़ देते हैं तब भारतीय परफ्यूम एक अनोखा रूप प्राप्त कर लेता है। रिया ने अच्छे ढंग से भारतीय दृष्टिकोण से अपना मूल्य स्थापित कर लिया है और पुरानी फैक्टरी का जो ज्ञान है वह मैट्रो शहरों के साथ-साथ टीयर 1,2 और 3 के बाजारों की संवेदनाओं को समझता है।

# महिला ने जेठ के परिवार पर लगाया पति की हत्या का आरोप

फरीदाबाद। थाना तिगांव में सूचना प्राप्त हुई थी ढहकोला गांव में एक 40 वर्षीय व्यक्ति की हत्या हो गई है। सूचना मिलते ही डीसीपी बल्लबगढ़ कुशल सिंह, एसीपी तिगांव सुखबीर सिंह, थाना प्रभारी अशोक तथा एफएसएल की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया।

एफएसएल की टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्रित किए तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल भिजवाया गया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि ढहकोला गाव मृतक विक्रम की पत्नी नीरज की शिकायत के अनुसार उसके पति और पति के बड़े भाई आरोपी वीरेंद्र के साथ पैसों के लेनदेन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। 25 अगस्त को सुबह आरोपी वीरेंद्र, उसकी पत्नी तथा बेटे अभिषेक ने विक्रम के साथ उसके खेत में झगड़ा किया। जिसमें आरोपियों ने विक्रम के सिर में चोट मारकर उसकी हत्या कर दी। पीड़ित को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# बीजेपी सरकार ने शहर का विकास नहीं, विनाश किया : भड़ाना

## एनआईटी विधानसभा में रोड बनाने के नाम पर हो रहा है बड़ा घोटाला : भड़ाना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

शहर के बदतर हालातों, टोल रोड के नाम पर अवैध वसूली, स्मार्ट सिटी के नाम पर मचाई गई लूट और नगर निगम में हुए भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी लगातार आंदोलनरत है। इसी क्रम में भ्रष्टाचार का एक और मामला उजागर करते आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना, वार्ड नं.-11 से प्रभावी उम्मीदवार हरजिंदर सिंह मेंहदीरत्ता एवं समस्त कार्यकर्ताओं के साथ एनआईटी विधानसभा 86 में पहुंचे। भड़ाना ने बताया कि कुरुक्षेत्र स्कूल के पास सारन रोड जो कि एक तरफ वार्ड नंबर 6 और एक तरफ वार्ड नं. 11 में आती है। वह रोड वार्ड नं. 6 में 9 इंच तथा वार्ड नं. 11 में 4 इंच मोटाई की रोड बनाई जा रही है।


घोटालों को उजागर करने के दौरान आप नेता।

भड़ाना ने बताया कि वार्ड नंबर 6 की रोड ऊंची होने के कारण जब कभी जलभराव की समस्या होगी तो पानी सीधा वार्ड नंबर 11 की तरफ जाएगा और वार्ड नंबर 11 में रह रहे लोगों के घरों में घुसेगा। इसी कारण वहां के स्थानीय लोगों में बहुत रोष है। एनआईटी विधानसभा 86 के विधायक नीरज शर्मा पर तंज कसते हुए भड़ाना ने कहा की सड़कें पूरी टूटी हुई हैं, रोड पर पानी भरा हुआ है, मगर स्थानीय विधायक और पार्षद अपनी मस्ती में मगरूर हैं और विकास के बड़े-बड़े वादे करते हैं। विधायक केवल काम कागजों में करते है जमीन स्तर पर कोई काम नहीं किया जाता है। जब भड़ाना ने रोड को बनाने वाले अफसरों से बात की तो अफसरों ने कहा कि स्थानीय विधायक और सरकारी अफसरों ने जो फाइल पास कि है हम उस के मुताबिक ही रोड बनाएंगे हम अपने पास से कैसे बनाए। भाजपा सरकार पर वार करते हुए भड़ाना ने कहा कि बीजेपी सरकार ने फरीदाबाद का विकास नहीं, विनाश किया है। विपक्ष का कोई भी नेता, कोई भी पार्टी जब इनके विकास कार्यों की पोल खोलता है, तो उसको ईडी व विजिलेंस का डर दिखाया जाता है।

# विद्यार्थियों में प्रोबायोटिक्स पर जानकारी बढ़ाने को मनाया जागरुकता दिवस

## एसआरएम यूनिवर्सिटी और गट माइक्रोबायोटा एंड प्रोबायोटिक साइंस फाउंडेशन की पहल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



भारत में मूल्य-आधारित उच्चतर शिक्षा के अग्रणी प्रवर्तकों में से एक, एसआरएम यूनिवर्सिटी ने भारत में प्रोबायोटिक्स के शीर्ष संगठन, गट माइक्रोबायोटा एंड प्रोबायोटिक साइंस फाउंडेशन (इंडिया) के साथ मिलकर सोनीपत में अभी तक का पहला प्रोबायोटिक्स जागरुकता दिवस आयोजित किया।

स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस अद्वितीय प्रतियोगिता में 15 प्रमुख स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रोबायोटिक्स के स्वास्थ्य संबंधी फायदों पर आकर्षक प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। यह पहल मुख्य रूप से विद्यार्थियों को सहभागी बनाने के उद्देश्य से प्रेरित है। जो भारतीय लोगों में चिंताजनक कमजोर रोग-प्रतिरोधक क्षमता के मद्देनजर, विश्व स्तर पर सुविख्यात प्रोबायोटिक विज्ञान और स्वास्थ्य में इसकी भूमिका के बीच सम्बन्ध दर्शा सकते हैं।

अपने अभी तक के प्रथम स्कूली पहल पर गट माइक्रोबायोटा एंड प्रोबायोटिक साइंस फाउंडेशन (इंडिया) के प्रेसिडेंट, प्रोफेसर एनके गांगुली ने कहा कि यह फाउंडेशन अपने आरम्भ से ही गट माइक्रोबायोटा एवं प्रोबायोटिक्स के विज्ञान के विषय में जागरूकता पैदा करने में सबसे आगे रहा है। इसके साथ ही यह रोग का आक्रमण होने पर आंतों के माइक्रोबायोटा के प्रभाव और रोग को दूर करने में प्रोबायोटिक्स की उपयोगिता पर जानकारी-सहभाजन के उत्प्रेरक के रूप में काम करता रहा है। मौजूदा वैश्विक महामारी से लड़ाई ने पूरी दुनिया को जाग्रत कर दिया है। इस महामारी ने जीवनशैली से जुड़े रोगों को दूर रखने के लिए आँतों और मजबूत प्रतिरक्षण के महत्व पर हमारे विश्वास को और ज्यादा पुष्ट किया है।

हमें प्रोबायोटिक जागरूकता दिवस का आयोजन करने के लिए एसआरएम यूनिवर्सिटी के साथ सहयोग करके खुशी हो रही है। इस कार्यक्रम में हम छोटे बच्चों के साथ बातचीत करेंगे। प्रोबायोटिक्स जैसे क्रियात्मक खाद्यों के बारे में उन्हें शिक्षित करेंगे। हम सभी जानते हैं कि प्रोबायोटिक्स आज दुनिया भर में एक विकसित और मान्य विज्ञान है। तथापि, भारत में अब इसकी प्रासंगिकता स्थापित होनी आरम्भ हुई है।

# संक्षिप्त समाचार

## श्रीलड्डू गोपाल की छठी महापर्व पर हुई विशेष आरती



फरीदाबाद। हिंदू धर्म में कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार बेहद ही खास होता है और इसे हाल ही में पूरे देश में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। वहीं अब कृष्ण भक्तों ने श्रीलड्डू गोपाल के छठी महापर्व पावन सिद्धपीठ श्रीहनुमान मंदिर 1 बी ब्लॉक में धूमधाम से मनाई। श्रीलड्डू गोपाल की छठी पूजा के उपलक्ष्य पर अखिल भारतवर्षीय श्रीसनातन धर्म महाबीर दल ने विशेष आरती एवं भव्य पूजा का आयोजन किया। इस विशेष आरती में सभी श्रद्धालुओं ने एक स्थान पर खड़े होकर पूजा की। इस अवसर पर महिला सत्संग मंडली में नीरू खेरा, वीना शर्मा, निधि, अनु, ममता भाटिया, तमन्ना, सरोज नागपाल, गुलशन अरोड़ा ने श्रीलड्डू गोपाल के छठी महापर्व के अवसर पर भजनों की अमृत वर्षा कर खूब रंग जमाया। मंदिर के प्रधान अशोक अरोड़ा ने कहा कि हिंदू धर्म में कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार बेहद ही खास होता है। इसे हाल ही में पूरे देश में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। वहीं अब कृष्ण भक्त कृष्ण छठी मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि जन्माष्टमी की तरह ही कृष्ण छठी का भी विशेष महत्व होता है, हिंदू धर्म में किसी बच्चे का जन्म होने के 6 दिन बाद षष्ठी देवी की पूजा की जाती है और इसे छठी कहते हैं। मान्यता है कि छठी के दिन षष्ठी देवी बच्चे को स्वास्थ्य रहने की आशीर्वाद देती हैं। उन्होंने कहा कि छठी महापर्व के अवसर पर सुबह स्नान के बाद बाल गोपाल को पंचामृत (दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल) से स्नान करवाया जाता है। इसके बाद दक्षिणावर्ती शंख में गंगाजल भर कर बाल गोपाल का फिर से अभिषेक करा जाता है। कान्हा को उनके प्रिय पीले रंग के वस्त्र पहनाएं जाते है और चंदन का टीका लगाकर उनका श्रृंगार किया जाता है। इसके बाद उनका कोई भी पंसदीदा नाम जैसे-लड्डू गोपाल, ठाकुरजी, कान्हा, माधव, आदि नाम रखे जाते है।

## कारगिल युद्ध में जीत की मनाई 23वीं वर्षगांठ



फरीदाबाद। कारगिल युद्ध में जीत की 23 वीं वर्षगांठ मनाने के लिए, दिल्ली पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद की टीम एनसीसी ने 1 हरियाणा नेवल एनसीसी यूनिट, फरीदाबाद, 4 हरियाणा (गर्ल्स) बटालियन एनसीसी, नूंह और 5 हरियाणा बटालियन एनसीसी, गुरुग्राम के सहयोग से कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया। इस समारोह का नाम था 'ए ट्रिब्यूट टू द हीरोज'। मुख्य अतिथि के रूप में कारगिल युद्ध शहीद कैप्टन विजयंत थापर के माता-पिता रिटायर्ड कर्नल वीएन थापर और तृप्ता थापर ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य अनिल कुमार ने अतिथियों का स्वागत उन्हें गुलदस्ता भेंट करके व तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। एनसीसी कैडेट्स ने भारतीय सैनिकों द्वारा दिए गए बलिदान को याद करते हुए, देशभक्ति गीत के साथ एनसीसी गीत और मंत्रमुग्ध कर देने वाला युगल गीत प्रस्तुत किया, जिसके बाद एक नाट्य और नृत्य प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथियों ने अपने बेटे कैप्टन विजयंत थापर की यादों को साझा किया और कैडेटों को दृढ़ संकल्प और राष्ट्र की सेवा के लिए, तैयार रहने के लिए प्रेरित किया और इस तथ्य पर ज़ोर दिया कि सैनिकों और उनके परिवारों के बलिदान का कभी वापस नहीं लौटाया जा सकता है। इसी के साथ वाइस प्रिंसिपल, डॉ संदीपन ऋषि ने धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए कैडेटों को एक अद्भुत कार्यक्रम के लिए बधाई दी। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## नेत्रदान पखवाड़े का किया शुभारंभ



फरीदाबाद। जिला सिविल सर्जन कार्यालय में 37वें नेत्रदान पखवाड़े के शुभारंभ पर नेत्रदान जागरुकता वैन को हरी झंडी दिखा कर सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता ने रवाना किया। इस मौके पर उनके संग डिप्टी सीएमओ डॉ. रश्मि बत्रा, डॉ. गजराज, डॉ. सीमा, डॉ. शिखा, डॉ. वंदना, काउंसलर अनुक्रमा भाटी मुख्य रूप से मौजूद रही। इस मौके पर सीएमओ ने कहा कि नेत्रदान पखवाड़ा देश के नेत्रहीनता निवारण अभियान के अंतर्गत चलाया जा रहा है। ताकि मरणोपरांत नेत्रदान द्वारा देश से दृष्टिविहीनता को समाप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के द्वारा जीवन में नेत्रदान की घोषणा न भी की गई हो फिर भी संबंधी, मित्र एवम घर के सदस्य मृत व्यक्ति का नेत्रदान कर सकते हैं। वहीं डॉ. रश्मि बत्रा ने बताया कि यह पखवाड़ा 25 अगस्त से 8 सितम्बर 2022 तक चलेगा।

## फिरौती मांगने के मुकदमे में 7 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार



फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने वर्ष 2015 के फिरौती के एक मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अमित उर्फ हबडू है, जो फरीदाबाद के मुजेड़ी गांव का रहने वाला है। आरोपी की उम्र 32 वर्ष है। सितंबर 2015 में पुलिस थाना एसजीएम नगर में आरोपी के खिलाफ रंगदारी मांगने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इसमें आरोपी ने एसजीएम नगर के रहने वाले डॉक्टर सुभाष को धमकी भरा पत्र लिखकर 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी और रंगदारी ना देने पर बवाना गैंग द्वारा उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपी इस मुकदमे में गिरफ्तार नहीं हुआ था और पुलिस से बचने के लिए ठिकाने बदल बदल कर रह रहा था। अदालत ने उपरोक्त आरोपी को बार-बार सम्मन भेजें परंतु आरोपी न्यायालय में पेश नहीं हुआ जिसके कारण उक्त आरोपी को अदालत द्वारा जुलाई 2016 में भगोड़ा घोषित कर दिया गया। अपराध शाखा सेक्टर 48 की टीम ने इस मामले में आगे की कार्रवाई करते हुए गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## घर में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने घर में घुसकर चोरी करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सागर तथा अजय का नाम शामिल है। आरोपी सागर बिहार का रहने वाला है और फिलहाल पलवल के असावती कॉलोनी में रह रहा था वहीं आरोपी अजय हिमाचल प्रदेश का रहने वाला है और फरीदाबाद की चावला कॉलोनी में रह रहा था। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी ने आरोपियों ने चोरी किए गए आभूषण तथा नकदी बरामद करवाई। आरोपियों के कब्जे से सोने की एक चेन, दो झुमकी, एक सिलेंडर, एक ऑल्टो गाड़ी, एक स्टेपनी सहित 7000 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने के आदी और नशे की आपूर्ति के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपियों को अदालत में दोबारा पेश करके जेल भेज दिया गया है।

# निष्पक्ष कार्रवाई

## केसीआर की पहल

**भारतीय** जनता पार्टी ने हैदराबाद के सांसद टी राजा सिंह द्वारा कथित रूप से पैंगंबर मोहम्मद पर ईशनिन्दा वाली टिप्पणी पर त्वरित कार्रवाई की। इसके बाद उनको गिरफ्तार किया गया तथा भाजपा ने उनकी सदस्यता निलंबित कर दी। हैदराबाद में उनकी गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक बयानबाजी, आरोपों, प्रत्यारोपों व विरोध प्रदर्शनों का एक और दौर शुरू हो सकता है। शायद बहुत से लोग इसे इस दक्षिणी राज्य में भाजपा का प्रभाव बढ़ाने की रणनीति की तरह देख रहे हैं। वैसे दक्षिण भारत में भाजपा की उपस्थिति सीमित है और कर्नाटक एकमात्र ऐसा राज्य है जहां भाजपा की सरकार है। अन्य चार राज्यों-तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु व केरल ने 'ह' से दूरी बनाए रखी है। भाजपा अपने प्रयासों से देश के उत्तरी व पश्चिमी राज्यों में लगभग खिखर तक पहुंची है। उदाहरण के लिए, उसने 2019 के आम चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 सीटों में से 71 पर तथा गुजरात की सभी 26 सीटों पर विजय प्राप्त की थी। 2024 में उसे बिहार में कठिनाई होगी और अन्य राज्यों में भी समस्यायें पैदा हो सकती हैं जहां भाजपा का वर्चस्व है। लेकिन समग्र रूप से देखें तो वह उत्तरी व पश्चिमी राज्यों में ज्यादा कुछ हासिल नहीं कर सकती है। पूर्वी राज्यों में भाजपा ने पहले ही अपनी पहुंच बना ली है और वह यह गतिशीलता बनाए रखेगी। लेकिन दक्षिण भारत में भाजपा ऐसी कोई गतिशीलता पैदा करने में विफल रही है। हालांकि, 14 साल पहले 2008 में भाजपा ने कर्नाटक में सरकार बनाई थी। इस पृष्ठभूमि में देखने पर भाजपा द्वारा तेलंगाना में प्रवेश करने की इच्छा को गलत नहीं कहा जा सकता है। पैगंबर मुहम्मद पर राजा सिंह की टिप्पणी शायद इसी इच्छा की द्योतक है, हालांकि यह अपनी भावनायें व्यक्त करने के लिए सही शब्द के चयन में विफलता भी हो सकती है।



लेकिन राजा सिंह की टिप्पणी के बाद शायद भाजपा की समझ में आ गया कि उन्होंने सीमा रेखा पार की है, इसलिए उनकी सदस्यता निलंबित की गई। भाजपा ने उनको एक कारण बताओ नोटिस दिया है जिसका जवाब उनको 10 दिन में देना है। यह संभवत: नूपुर शर्मा प्रकरण का एक प्रकार से दुहराव है, उनकी भी सदस्यता निलंबित की गई थी पर उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई थी। संभवत: इसका कारण यही था कि वे गैर-भाजपा शासित राज्य में नहीं थीं। ये प्रकरण काफी भ्रमित करने वाले हैं और सवाल उठता है कि आखिर भाजपा क्या चाहती है? वह नूपुर शर्मा व राजा सिंह जैसे नेताओं को इसलिए आगे नहीं बढ़ती है कि उसका अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर दृढ़ विश्वास है। लेकिन जब हिंदुओं की भावनाओं का मामला आता है तो भाजपा मामूली से उकसावे पर और कभी-कभी बिना उकसावे के भी आक्रामक दृष्टिकोण अपनाती है। इससे वह संयुक्त राज्य अमेरिका या यूरोप की दक्षिणपंथी पार्टियों से अलग हो जाती है। वे चरम वामपंथ के अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लगाम लगाने के प्रयासों का विरोध करती हैं, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि वे वामपंथी रचनाओं पर प्रतिबंध का अभियान चलाएं। वे उन किताबों, फिल्मों, आदि के खिलाफ हिंसक गतिविधियां भी नहीं करती हैं जो उनके देश में ईसाइयत, पश्चिमी सभ्यता, आदि की आलोचना करती हैं। इसके साथ ही जब चीजें नियंत्रण के बाहर हो जाती हैं तब भाजपा रक्षात्मक हो जाती है। नूपुर शर्मा की टिप्पणी के बाद यही हुआ जब अनेक अरब व मुस्लिम देशों में उनकी टिप्पणी के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए। उसे यह अवश्य समझ लेना चाहिए कि धार्मिक ध्रुवीकरण दक्षिण भारत में बहुत लाभ पहुंचाने वाली राजनीतिक रणनीति नहीं होगी क्योंकि वहां उत्तर भारत की तरह इस्लाम के बारे में कड़वी स्मृतियां नहीं हैं। वैसे भी लाभ घटने का सिद्धान्त ध्रुवीकरण की राजनीति पर भी लागू होता है।

# भारत के जंगलों में बाघों का विस्तार

भारत के अधिकांश संरक्षित वन क्षेत्र बाघों से संतृप्त हो चुके हैं। इस कारण टकराव से बचने के कठोर उपाय किए जाने चाहिए।



**एचएस सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी हैं)



भारत में बाघ अपने लिए सुरक्षित क्षेत्रों से निकल कर नए क्षेत्रों में जा रहे हैं। वन्यजीव संरक्षण का अर्थ उनके प्रमुख पर्यावासों में वनस्पतियों व जीवों को सुरक्षित रखना है। आज भारत में 987 संरक्षित क्षेत्र हैं जिनमें राष्ट्रीय पार्क, वन्यजीव अभयारण्य, संरक्षण क्षेत्र तथा सामुदायिक संरक्षण क्षेत्र शामिल हैं। ये देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र के लगभग 5.3 प्रतिशत क्षेत्र में फैले हैं। इन संरक्षित क्षेत्रों में गुजरात में एशियाटिक लायन के पांच संरक्षित क्षेत्र, 18 राज्यों के 52 बाघ अभयारण्य तथा 30 चीतों वाले राज्यों व संघशासित क्षेत्रों में 385 संरक्षित क्षेत्र शामिल हैं। पर्यावास के हिस्से के रूप में प्रमुख वन्यजीव प्रजातियों या सर्वोच्च मांसाहारियों की स्थिति प्राकृतिक परिस्थितिकी के स्वास्थ्य व मजबूती का संकेतक है। वर्तमान समय में प्रबंधन की प्रभावशीलता से संकेत मिलता है कि अधिकांश संरक्षित क्षेत्रों में संरक्षण का स्तर खराब है जिसका कारण जैविक प्रजातियों का अत्यधिक बोझ है। इसमें मानव गतिविधियों में लगातार वृद्धि तथा अनुपयुक्त प्रबंधन प्रयास शामिल हैं। भारत में प्रबंधन प्रभावशीलता ने लगभग एक बटा दस संरक्षित क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन किया है जिनमें बाघों, एशियाई शेरों, हाथियों, गैंडों तथा कुछ अन्य अत्यधिक संकटग्रस्त प्रजातियां रहती हैं। वास्तव में इन संरक्षित क्षेत्रों में प्रबंधन तथा वित्तीय निवेश देश के ऐसे ही अन्य क्षेत्रों की तुलना में बहुत बेहतर स्थिति में है। वैश्विक रूप से 'बिग कैट्स' की सात प्रजातियां भारत में पाई जाती हैं जिनमें बाघ, शेर, जगुआर, पूमा, तेंदुआ, चीता तथा ध्रुवीय चीता शामिल हैं।

भारत में पांचवें बिग कैट चीता को राजस्थान तथा मध्य प्रदेश के कुना राष्ट्रीय पार्क में बसाने का काम लगभग पूरा होने वाला है। दो दशक पहले बड़े पैमाने पर शिकार से बाघ व तेंदुए की प्रजातियों पर असर पड़ा था। लेकिन 2006 में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण अधिकरण तथा नेशनल वाइल्डलाइफ क्राइम ब्यूरो की स्थापना से उनके संरक्षण के प्रभावी प्रयास शुरू हुए हैं। अफ्रीका और एशिया में बिग कैट्स की संख्या में लगातार कमी आई है, पर भारत ने कठोर सुरक्षा तथा सुरक्षित पर्यावास की व्यवस्था से यह प्रवृत्ति रोकने में काफी सफलता पाई है। एशिया के सभी देशों में बिग कैट्स की संख्या घटी है, पर भारत में यह संख्या बढ़ी है। मानव जनसंख्या के घनत्व तथा प्रजातियों के दबाव के बावजूद शेरों, बाधों व तेंदुओं की संख्या उनके सुरक्षित पर्यावासों में लगातार बढ़ी है तथा कुछ बिग कैट अभयारण्यों में संतृप्ति के बाद वे नए क्षेत्रों में जा रहे हैं। वर्तमान समय में एशियाई शेर केवल भारत के गुजरात में पाए जाते हैं, जबकि एशिया माइनर 150 साल पहले इस शाही शिकारी का प्रमुख क्षेत्र था। 2018 में 3,850 बाघों की कुल वैश्विक संख्या में भारत में उनकी संख्या 2,960 थी, जबकि बाकी 850 एक दर्जन एशियाई देशों में थे। इसी प्रकार आठ उप-प्रजातियों वाले 22,000 एशियाई चीतों में से 18,000 वयस्क व बच्चे भारत में थे, जबकि बाकी चीते एशिया के तीन दर्जन देशों में थे। गिर सिंह संरक्षण पर केन्द्रित रूप से ध्यान देने के परिणाम स्पष्ट हैं।

एशियाई शेरों की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है, जबकि इनकी संख्या पहले बहुत कम थी तथा 1960 के दशक में ये लगभग 170 रह गए थे। 1965 में गिर वन्यजीव अभयारण्य की घोषणा के बाद पिछले पांच दशकों में संरक्षण गतिविधियों में लगातार तेजी आई है। गिर वनों के बाहर लगभग दो तिहाई मवेशी पालक मालधारियों को बसाने से इस क्षेत्र में वन्यजीवों की संख्या बढ़ाने में मदद मिली है। इसके परिणामस्वरूप आज भारत में शेरों की संख्या लगातार बढ़ रही है और 2020 में 676 की तुलना में ये 2022 में 700 हो गए हैं।

राज्य सरकार ने सिंह संरक्षित क्षेत्रों का विस्तार किया है तथा सिंह संरक्षण के लिए पांच संरक्षित क्षेत्र बनाए हैं, पर उनका प्रसार इन क्षेत्रों के बाहर भी हुआ है। पांच जिलों में 1970 के दशक में यह क्षेत्र 5,000 वर्ग किलोमीटर था जो अब बढ़ कर 16,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक हो गया है। वर्तमान समय में गिर वन्यजीव संरक्षित क्षेत्रों के बाहर सिंहों की संख्या इन सीमाओं के भीतर रहने वाले सिंहों की तुलना में अधिक है। यहां चीतों की संख्या भी बढ़ी है। सौराष्ट्र के चार जिलों में फैले सिंह संरक्षण क्षेत्रों में सिंहों व चीतों की संख्या 1,350 से अधिक है। इसने प्रबंधन के समक्ष बड़ी चुनौती पैदा की है। बिग कैट्स के इतने उच्च संकेन्द्रण के कारण मानव-चीता टकराव की घटनायें अवश्यंभावी हैं, हालांकि इन क्षेत्रों में मानव-वन्यजीव टकराव प्रतिक्रिया व्यवस्था मजबूत की गई है। सिंहों के विस्तार की वर्तमान प्रवृत्ति को देखते हुए सरकार ने 'द प्रोजेक्ट लायन' शुरू करने की योजना बनाई है। 2022 से 2047 तक प्रस्तावित इस दीर्घकालीन परियोजना में सौराष्ट्र के 10 जिलों में पर्यावास सुरक्षित व मजबूत किए जाएंगे तथा सिंहों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। 1973 में चीता संरक्षण परियोजना की घोषणा के बाद से इसमें उतार-चढ़ाव आता रहा है। बड़े पैमाने पर शिकार से चीते प्रभावित हुए हैं। कुछ चीता संरक्षण क्षेत्रों में ये पूर्णत: विलुप्त हो गए, जबकि अन्य संरक्षित क्षेत्रों में भी इनकी संख्या घटी। 2006 में 1411 सर्वेक्षण वाले क्षेत्रों में इनकी संख्या लगभग 1,600 वयस्कों व बच्चों की बची थी। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण अधिकरण तथा राष्ट्रीय वन्यजीव अपराध ब्यूरो को 2006 में मजबूत करने के बाद से शिकारों की संख्या पर लगाम लगी तथा बाघ संरक्षित क्षेत्रों के विस्तार से बाघ संरक्षण पर पुन: जोर दिया गया। वर्तमान समय में 52 बाघ संरक्षित क्षेत्रों में बाघ संरक्षण गतिविधियां तेज की गई हैं तथा प्रमुख क्षेत्रों के बीच आने वाले गांवों के विस्थापन व उनको पुन: बसाने से पर्यावास बेहतर हुआ है। अनुमान है कि भारत में 2018 में 2,960 वयस्क बाघ व उनके बच्चे थे जो वैश्विक बाघ संख्या का लगभग दो तिहाई है। वर्तमान समय में बाघों, सह-शिकारियों व शिकारों की गणना में कैमरा इमेज कैप्चर व रिकैप्चर तकनीक का प्रयोग हो रहा है। 2022 में इस विधि के प्रयोग से पता चला कि बाघों की संख्या में और सुधार हुआ है। वर्तमान समय में भारत के 18 राज्यों में बाघों की उपस्थिति वाला क्षेत्र 89,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक हो गया है।

बिग कैट्स में सबसे तेजतर्रार भारतीय चीता अनेक विकास व संरक्षण गतिविधियों से प्रभावित हुआ है जिनमें छोटे व बड़े सिंचाई बांधों का निर्माण तथा गन्ने व चाय बागान की खेती वाले क्षेत्रों में वृद्धि शामिल है। इसकी संख्या 28 राज्यों व दो संघशासित क्षेत्रों में लगातार घटी है। अनुमान है कि 2018 में भारत के 18 बाघ राज्यों में 12,800 वयस्क व बच्चे चीते थे। भारत के चीते वाले सभी राज्यों व संघशासित क्षेत्रों के सभी पर्यावासों में वयस्क व बच्चे चीतों की संख्या लगभग 18,000 है। वास्तव में चीतों की एक-तिहाई संख्या ही देश के संरक्षित क्षेत्रों में रहती है, जबकि बाकी जंगलों या गैर-जंगली क्षेत्रों में रहते हैं। अनुमान है कि तेंदुओं की बड़ी संख्या भारत के चाय बागानों, गन्ने के खेतों तथा घने प्रोसोपिस क्षेत्रों रहती है। भारतीय चीतों का वर्तमान क्षेत्र लगभग 3,10,000 वर्ग किलोमीटर हो सकता है जो पहले के अनुमानों से अधिक है। भारत के लगभग आधा दर्जन बाघ संरक्षित क्षेत्र व पांच सिंह संरक्षित क्षेत्र पूरी तरह संतृप्त हो चुके हैं। अब बाघ और सिंह नए क्षेत्रों में जा रहे हैं, लेकिन अनेक बढ़ती समस्याओं के कारण उनको उपयुक्त परिवेश नहीं मिल पाता है। वन्यजीव संरक्षण का एक और नकारात्मक पक्ष यह है कि पूर्वोत्तर भारत तथा चार राज्यों-छत्तीसगढ़, झारंखड, ओडिशा व तेलंगाना में बाघों, चीतों, तेंदुओं व अन्य वन्यजीवों की संख्या घटी है।

इन चार राज्यों में जारी नक्सलवादी आंदोलन ने वन्यजीवों को भारी नुकसान पहुंचाया है। यदि इन क्षेत्रों की पुरानी गरिमा बहाल की जाती है तो बड़ी संख्या में बाघों व चीतों का प्रबंधन कठिन नहीं होगा। यदि तीन बिग कैट्स की संख्या में सुधार की वर्तमान प्रवृत्ति जारी रहती है तो 1,000 एशियाई सिंहों, 5,000 बाघों तथा 25,000 भारतीय चीतों का भारतीय जंगलों में पबंधन गहन संरक्षण व सुरक्षा गतिविधियों के चलते संभव हो सकता है।

हालांकि, मानव-वन्यजीव टकराव एक गंभीर प्रबंधकीय चुनौती बन जाएगी। मानव-वन्यजीव टकराव की उभरती प्रबंधकीय चुनौतियों को देखते हुए इन क्षेत्रों में मजबूत टकराव प्रतिक्रिया व्यवस्था बनाने की आवश्यकता है।

# गर्मी से बचने के लिए स्मार्ट घर बनाएं

> हमारी इमारतों को जलवायु परिवर्तन की घटनाओं के खिलाफ बचाव करना चाहिए, और ऐसा तभी होगा जब हम घर व इमारतें स्मार्ट तरीके से बनाएं।

**प्रसाद वैद्य**
(लेखक सोलर डिकैथलॉन इंडिया के निदेशक हैं)



अपने आप को भाग्यशाली समझें यदि आपने हाल ही में गर्मी की लहर का सामना नहीं किया है। इससे बचने के लिए, आपको या तो विदेश में रहना होगा या भारत के उन आठ प्रतिशत परिवारों में से एक होना चाहिए, जिनके पास एयर-कंडीशनिंग है। यह जलवायु परिवर्तन है, और हम इसके प्रभावों को घर के करीब तूफान और बाढ़ की तरह महसूस करते हैं। तबाह हुई सब्जियां, अनाज और फलों की फसलों पर असर पड़ा।

सरकारें धीरे-धीरे चलती हैं, लेकिन उपभोक्ताओं के रूप में, हम जलवायु विभाजन को बंद करने के लिए अधिक चतुराई से कार्य कर सकते हैं। हम भोजन, यात्रा और हमारे रहने की जगहों में बदलाव के साथ तीन चीजों से शुरुआत कर सकते हैं। आइए देखें कि हम जिन इमारतों और स्थानों में रहते हैं, उनके लिए हम क्या कर सकते हैं। इमारतें कितनी मायने रखती हैं? वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में इमारतों का योगदान लगभग 40 प्रतिशत है। हमारे शहरों के तापमान में 3-4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। हमारी इमारतों को इस तरह की जलवायु परिवर्तन की घटनाओं के खिलाफ पहला बचाव होना चाहिए, लेकिन केवल तभी जब हम उन्हें स्मार्ट तरीके से बनाएं। अधिकांश लोगों के लिए, एक घर संभवत: जीवन का सबसे बड़ा निवेश है। तो, स्मार्ट होने का अर्थ है इस निवेश की सुरक्षा के लिए अपने घर का निर्माण और संचालन करना और इसे आपके लिए काम करना।

स्मार्ट होने का अर्थ है नई और मौजूदा इमारतों को ऊर्जा और पानी के लिए शून्य बनाना, और बेहतर स्वास्थ्य और लचीलापन के लिए उनका निर्माण करना। नेट-जीरो एनर्जी में ऊर्जा के उपयोग को कम करना और उस न्यूनतम ऊर्जा उपयोग को ऑफसेट करने के लिए सोलर पीवी जैसी अक्षय ऊर्जा का उपयोग करना शामिल है। चूंकि कूलिंग



और हीटिंग में लगभग 50 प्रतिशत ऊर्जा की खपत होती है, इसलिए सबसे पहले पूर्व और पश्चिम दिशाओं की ओर खिड़कियों वाले अपार्टमेंट से बचकर इससे निपटा जा सकता है, जहां कम कोण वाला सूरज असुविधा का कारण बनता है। बड़ी कांच की खिड़कियों से बचा जा सकता है, क्योंकि खिड़की का क्षेत्र बाहरी दीवार का 30 प्रतिशत या उससे कम होना चाहिए, जिसे बालकनियों से छायांकित किया जाना चाहिए। केवल आवश्यकता पड़ने पर ही सूर्य को अंदर आने देने के लिए जंगम बाहरी स्क्रीनों को जोड़ा जा सकता है। मोटी या इन्सुलेटेड दीवारों को चुना जाना चाहिए, और एएसी (ऑटोक्लेव्ड एरेटेड कंक्रीट) ब्लॉक अच्छा थर्मल इन्सुलेशन प्रदान करते हैं। एसी, रेफ्रिजरेटर और टीवी जैसे गैजेट्स थ्री-स्टार रेटेड होने चाहिए, जबकि सीलिंग फैन सभी कमरों में होने चाहिए। एसी को 25ख्रष्ट या उससे अधिक पर सीलिंग फैन के साथ रखा जाता है। किसी के सो जाने के बाद एसी को उच्च तापमान पर प्रोग्राम किया जा सकता है, या इसे बंद भी किया जा सकता है।

'नेट-जीरो वाटर' जाना आसान नहीं है, लेकिन ज्यादातर लोगों को वहां से 50-75 फीसदी पानी मिल सकता है। इसके लिए नलों पर जलवाहकों का प्रयोग किया जाए और जल दक्ष शावरहेड्स लगाए जाएं, जबकि दोहरे फ्लश वाले शौचालय होने चाहिए। आइएपीएमओ की वेप-1 स्टार रेटिंग को एक गाइड के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। बगीचे में, पानी की खपत वाले लॉन को कम से कम किया जाता है और पौधों की देशी / अनुकूलित प्रजातियों को रखा जाता है, जिससे पक्षियों और अन्य जीवों की जैव विविधता को बढ़ावा मिलेगा।

कुशल ड्रिप सिंचाई को भी नियोजित किया जा सकता है, जबकि पक्षियों और जानवरों को जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद करने के लिए तालाब या पानी के स्नान भी उपलब्ध कराए जा सकते हैं। बारिश के पानी को स्टोर करके धोने और नहाने के लिए इस्तेमाल किया जाना चाहिए, जबकि बोरवेल को रिचार्ज करने के लिए रिचार्ज पिट का निर्माण किया जाना चाहिए।

इमारतों को स्वस्थ और जलवायु लचीला बनाया जाना चाहिए, जो कि कोई दिमाग नहीं है, क्योंकि यह संपत्ति के दीर्घकालिक मूल्य में सुधार करता है। अपार्टमेंट और घरों में हर कमरे में अच्छा प्राकृतिक वेंटिलेशन होना चाहिए, जबकि कम-वीओसी (वाष्पशील कार्बनिक यौगिक) का उपयोग किया जाना चाहिए जो इनडोर वायु गुणवत्ता में सुधार करेगा।

एक इन्वर्टर/बैटरी स्थापित करना और छत के पंखे, रोशनी, इंटरनेट उपकरण और रेफ्रिजरेटर को जोड़ने का भी प्रयास किया जा सकता है, बैटरी से जुड़े सौर फोटो-वोल्टाइक सिस्टम के साथ। बाढ़ प्रवण क्षेत्रों में साइटों से बचा जाना चाहिए, और नियमित बाढ़ से बचने के लिए फर्श के स्तर को ऊपर उठाया जाना चाहिए, जबकि सभी बिजली बाढ़ के स्तर से ऊपर रखी जानी चाहिए। भूमिगत टैंकों को सुरक्षित किया जाना चाहिए ताकि बाढ़ से पानी दूषित न हो। हवा और तूफान से सुरक्षित रहने के लिए भवन के तत्वों को बांध दिया जाना चाहिए।

## आप की बात

### मुफ्त की रेवड़ियां

**सर्वोच्च** न्यायालय में मुफ्त की रेवड़ीयो पर सुनवाई चल रही है। न्यायाधीशों की समझ मे कुछ नहीं आ रहा है कि क्या करे कैसे फैसला ले क्या मापदंड अपनाए। कमेटी बनाने पर विचार हो रहा है। रोटी कपड़ा और मकान ये आम आदमी की मूलभूत आवश्यकताएं हैं। हालाकि हर आदमी को ये स्वयं ही अपनी पूर्ति करनी चाहिए। पर देश मे गरीबी को देखते हुए कम से कम रोटी तो गरीबी रेखा से नीचे वालों को सरकार से मुफ्त मिलनी चाहिए। कपड़े और मकान की व्यवस्था आदमी स्वयं करे। इस दिशा मे प्रधानमंत्री आवास योजना कारगर सिद्ध हो रही है। अब बात शिक्षा और स्वास्थ्य की आती है तो दसवीं तक कि शिक्षा सभी के लिए मुफ्त हो। स्वास्थ्य के लिए सभी के लिए मुफ्त ईलाज की सुविधा हो। रही बात बिजली पानी की ये सभी को मूल्य पर दिए जाए कोई कर्ज माफी ना हो,कोई सब्सिडी ना हो। देखने में आ रहा है कि एक पार्टी सौ यूनिट बिजली फ्री, एक लाख तक कर्जे माफी की बात करती है तो दूसरी पार्टी दो सौ यूनिट बिजली फ्री, दो लाख तक कर्जे माफी कहने लगती है। इस प्रकार ये पार्टियां टैक्स देने वाले लोगों के धन का मनमाने तरीके से गलत प्रयोग करती हैं और विकास के आवश्यक मुद्दों को भुला देती हैं।

– **अतिवीर जैन**, मेरठ

### भ्रमित करने की रणनीति

**काफ़ी** वर्षो से जनता जनार्दन अक्सर राजनीती एवं राजनेताओं द्वारा भ्रमित हो जाती है। विभिन्न घोषणाएं अक्सर होती हैं, अनेक वादे होते हैं, प्रलोभन इत्यादि दिए जाते रहे हैं और भोली जनता वोट की ताकत का स्थानांतरण अक्सर सही और गलत दोनों पक्षों को करती है। परन्तु वर्तमान में जिस प्रकार तीव्र गति से आयकर विभाग, केंद्रीय अंवेशण ब्यूरो,प्रवर्तन निदेशालय जैसे विभाग छापे मारी कर रहे हैं उसके जवाब में अरविन्द केजरीवाल और उनकी पार्टी ने प्रबंधन की पुरानी तकनीक का प्रयोग कर दिया है। यदि आप कन्विन्स नहीं कर सकते तो कंफ्यूज कर दो। अब क्योंकि वो एवं उनके साथी कई बार गलत आरोप लगाने के बाद पलटी मारते और माफ़ी मांगते देखे जा चुके हैं उसके बाद लगता है उन्हें डर था कि जनता कन्विन्स होने से रही। इसलिए कंफ्यूज करना ही उचित है। उनका ये कहना कि उनके साथी पाक साफ हैं और भारत रत्न की मांग करना। तत्पश्चात केंद्र द्वारा उनके मंत्रियों को पार्टी ज्वाइन करने पर क्लीन चिट दिए जाने के फोन आने की घटना जिसका ये लोग साक्ष्य नहीं दे रहे हैं। इस और इशारा करती हैं कि लोगों को कंफ्यूजन रहे, और बेनिफिट ऑफ़ डाउट आम आदमी पार्टी और केजरीवाल को मिले।

– **मनोज शर्मा**, मेरठ

### फिर विवादास्पद बयान

**बीजेपी** विधायक टी राजा सिंह की गिरफ्तारी और फिर जमानत के बाद भी हैदराबाद में तनाव बना हुआ है। पैगंबर मोहम्मद साहब को लेकर दिए गए टी राजा के बयान के बाद हैदराबाद में माहौल गरम हो गया था। नूपुर शर्मा प्रकरण का हश्र देख लेने के बाद टी राजा की ओर से वैसा ही बयान आना बताता है कि पार्टी अपने अंदर के फ्रिंज एलीमेंट पर प्रभावी अंकुश नहीं लगा पाई है।भारतीय जनता पार्टी ने राजा को पार्टी से निलंबित कर यह संदेश देने की कोशिश की कि वह ऐसे नेताओं को बर्दाश्त नहीं करेगी जो अपने जहरीले बयानों से पार्टी की छवि खराब रहे हैं। यह घटना बता रही है कि एक दूसरे के धर्मों के खिलाफ टीका-टिप्पणी और आपत्तिजनक बातें करने की घातक प्रवृत्ति हमारे नेताओं का हिस्सा बन चुकी है। अब वक्त आ गया है कि बीजेपी से ही सभी पार्टियां अपने कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों व मंत्रियों को किसी भी प्रकार की धार्मिक या सांप्रदायिक विषय पर व्यक्तवय देने पर रोक लगा देना चाहिए. ऐसे बयानों से सरकार का समय धन व ख्याति पर गलत प्रभाव पड़ता है।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**निर्माण** में समय महत्वपूर्ण है। सरकार की सबसे बड़ी समस्या सही समय पर फैसला न लेना है।

– **नितिन गडकरी**
सड़क परिवहन मंत्री

**कनाडा** स्वच्छ ऊर्जा का विश्वसनीय सप्लायर बन सकता है। हम 2025 तक जर्मनी को स्वच्छ हाइड्रोजन निर्यात पर विचार कर रहे हैं।

– **जस्टिन त्रूदो**
कनाडा के प्रधानमंत्री





**नूपुर** शर्मा के बयान पर मामला ठंडा भी नहीं हुआ था कि तेलंगाना सांसद राजा सिंह का एक और भड़काऊ बयान सामने आ गया।

– **मायावती**
बसपा सुप्रीमो

# अपराध की आधुनिक प्रवृत्ति के अनुरूप ट्रेनिंग कार्यक्रमों को आगे बढ़ाना होगा

## मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय रक्षा विवि के अमृत कौशल विकास योजना कार्यक्रम को सम्बोधित किया

● मोदी के नेतृत्व व शाह के प्रयासों से देश आंतरिक व बाह्य सुरक्षा में निरन्तर मजबूत हो रहा है

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन में राष्ट्रीय रक्षा विवि द्वारा आयोजित अमृत कौशल विकास योजना-सुरक्षार्थ, सुरक्षा गार्ड प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम को सम्बोधित किया। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व व गृह मंत्री अमित शाह के प्रयासों से देश आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा में निरन्तर मजबूत हो रहा है। देश में पहली बार राष्ट्रीय रक्षा विवि द्वारा सुरक्षा के दृष्टिगत शोध कार्य तथा समाज की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप सुरक्षा सम्बन्धी विभिन्न प्रशिक्षण कोर्स चलाये जा रहे हैं। राष्ट्रीय रक्षा विवि द्वारा निजी सुरक्षा गार्डों को भी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इससे निजी प्रतिष्ठानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, शिक्षण संस्थानों इत्यादि की सुरक्षा मजबूत होगी और लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार भी प्राप्त हो सकेगा। इस प्रकार पहली बार निजी सुरक्षा एजेंसियों, कम्पनियों को अपने सुरक्षा कार्मिकों के कौशल उन्नयन के लिए राष्ट्रीय रक्षा विवि द्वारा मंच प्राप्त हुआ है। प्रदेश में 2000 से अधिक निजी सुरक्षा एजेंसियों के लाइसेंस हैं और इन सक्रिय निजी सुरक्षा एजेंसियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। राष्ट्रीय रक्षा विवि द्वारा इन सुरक्षा कार्मिकों के बेहतर प्रशिक्षण के लिए विभिन्न अभिनव प्रयोग किये जा रहे हैं। योगी ने कहा कि राष्ट्रीय रक्षा विवि की पहल पर अमृत कौशल विकास योजना-सुरक्षार्थ के माध्यम से राज्य के युवाओं के लिए अपने आपको सशक्त, सामर्थ्यवान बनाने के साथ स्वावलम्बी बनाने के नये द्वार खुले हैं। अमृत कौशल विकास योजना के अन्तर्गत प्रदेश के 7 जनपदों के 805 युवाओं ने सुरक्षा गार्ड, प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम पूर्ण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध की आधुनिक प्रवृत्ति के अनुरूप हमें भी अपने ट्रेनिंग के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाना होगा। प्रदेश में साइबर अपराध को रोकने के लिए सभी 18 परिक्षेत्रों में साइबर लैब्स स्थापित की जा चुकी हैं। वर्ष 2017 तक प्रदेश में मात्र 4 फॉरेंसिक लैब्स थीं। वर्तमान में प्रदेश में 12 फॉरेंसिक लैब्स संचालित हैं। 6 फॉरेंसिक लैब्स की स्थापना का कार्य प्रगति पर है। प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय रक्षा विवि के सहयोग से लखनऊ में उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज की स्थापना करा रही है। रक्षा विवि ने प्रदेश में अपने क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित करने का प्रशंसनीय कार्य किया है। प्रदेश सरकार राष्ट्रीय रक्षा विवि से समन्वय स्थापित कर अपराधों की रोकथाम एवं सुरक्षा में अभिवृद्धि और युवाओं को सशक्त एवं सामर्थ्यवान बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। इसी दिशा में प्रदेश के 800 से अधिक युवाओं और पीआरडी के जवानों को सुरक्षा कार्य में सफल प्रशिक्षण प्रदान करने का कार्य किया गया है। यह प्रशिक्षण कार्य हमारे युवाओं को स्वावलम्बन की दिशा में आगे बढ़ाएगा तथा अन्य लोगों को प्रेरित भी करेगा।

# नए भारत के नए उप्र में निवेश के लिए उद्यमियों का बढ़ा विश्वास



● तीन मेगा परियोजनाओं को दी गई 46.74 करोड़ रूपए इन्सेन्टिव की धनराशि

● 61 औद्योगिक उपक्रमों जारी किया गया लेटर ऑफ कम्फर्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले उद्यमियों को उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने पिकअप भवन में औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत 46.74 करोड़ रूपए की इन्सेन्टिव धनराशि प्रदान की। इन्सेन्टिव धनराशि मिलने पर उद्यमियों ने एक तरफ जहां प्रदेश सरकार के औद्योगिक नीतियों की प्रशंसा की, वहीं प्रदेश सरकार की सख्त कानून व्यवस्था एवं सुविधाओं से प्रभावित होकर और बेहतर निवेश का भरोसा दिलाया। औद्योगिक विकास मंत्री ने उद्यमियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे उद्यमियों व व्यापारियों के साथ है। किसी के भी साथ कोई अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मंत्री नन्दी ने कहा कि यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है, जहां अब गुंडे, माफियाओं के दिन लद चुके हैं और हर जगह कानून का राज है। जो बदमाश, गुंडे और माफिया उद्यमियों और व्यापारियों को परेशान करते थे, आज वे सलाखों के पीछे हैं। योगी सरकार के सुशासन का बुल्डोजर चल रहा है जिसकी वजह से उद्यमियों और निवेशकों का उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए विश्वास बढ़ा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरे देश में एक मिसाल बनी है। मंत्री नन्दी ने कहा कि औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2017 के अंतर्गत मेगा एवं वृहद श्रेणी के 61 औद्योगिक उपक्रमों को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किए जा चुके हैं। जिनमें कुल पूंजी निवेश लगभग 15935 करोड़ प्रस्तावित है। इन इकाईयों के द्वारा लगभग 25 हजार युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। मंत्री नन्दी ने कहा कि कोरोना के बेहद चुनौतीपूर्ण समय में जब दुनिया की बड़ी-बड़ी अर्थव्यवस्थाएं संकट में थीं, तब हमारी सरकार ने त्वरित निवेश प्रोत्साहन नीति 2020 के अंतर्गत सात परियोजनाओं को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किया गया जिसमें लगभग 2512 करोड़ निवेश क्रियान्वयन की स्थिति में है। मंत्री नन्दी ने कहा कि हम उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए संकल्पित हैं। हमारी सरकार ने लेबर रेगुलेशन, ऑनलाइन सिंगल विंडो, पारदर्शिता, लैंड एडमिनस्ट्रेशन, एनओसी की प्रक्रियाओं को बेहद सरल एवं व्यवहारिक बनाया है। नन्दी ने कहा कि तीन जून को प्रधानमंत्री की उपस्थिति में सम्पन्न हुए तीसरे ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में रिकार्ड 80.224 करोड़ रूपए की परियोजनाओं का शिलान्यास यह बताता है कि हमने निवेशकों का भरोसा और विश्वास जीता है।

### 1 सितंबर को किसान राष्ट्रव्यापी विरोध दिवस मनाएंगें

**लखनऊ।** अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव अतुल कुमार अनजान ने कहा कि हर वर्ष किसानों की समस्याओं को लेकर देशव्यापी स्तर पर 1 सितंबर को देशव्यापी मांग दिवस मनाती रही है। इस बार भी आगामी 1 सितंबर को सभी राज्यों और विभिन्न स्तरों पर कृषि लागत दर घटाने, डीजल, पेट्रोल, पेट्रोलियम प्रोडक्ट के दाम घटाने, किसानों को उस पर सब्सिडी देने, महंगाई पर रोक लगाने, स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों को लागू करने, संसद में प्रस्तावित बिजली बिल को संपूर्णता में वापस लेने, खेती किसानी के लिए किसानों को नि:शुल्क बिजली देने, सरकारी और सहकारी कर्जे को माफ करने, आवारा पशुओं से किसानों की फसल को बचाने, किसानों पर चल रहे मुकदमों को वापस लेने, लखीमपुर खीरी के किसानों की हत्या के दोषियों को सजा दिए जाने आदि मांगों को लेकर व्यापक स्तर पर प्रतिरोध दिवस, मशाल जुलूस, जनसभा आयोजित किए जाएगे। अखिल भारतीय किसान सभा के सभी यूनिटों से यह आह्वान किया जाता है कि 1 सितंबर को किसान मांग दिवस को आयोजित करें और नव निर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म को गर्वनर जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित करें।

## पोषण पाठशाला, पोषण प्रबन्धन पर अत्यंत ही प्रभावशाली रणनीति है



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मोदी**-योगी की सुपोषित भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की सेवाओं पोषण प्रबन्धन, कुपोषण से बचाव के उपाय, पोषण शिक्षा व पोषण के सन्देशों को घर-घर तक पहुँचाने के लिए विभाग द्वारा एनआईसी के माध्यम से तृतीय पोषण पाठशाला का आयोजन किया गया। इस माह के पोषण पाठशाला का विषय सही समय पर ऊपरी आहार की शुरुआत है। इस कार्यक्रम में वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी 75 जनपद के जनपद स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे। प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण वेबकास्ट लिंक के द्वारा किया गया। ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर 22 लाख से अधिक पंजीकृत धात्री महिलाएं व उनके परिवारजनो द्वारा पोषण पाठशाला को देखा व सुना गया। पोषण पाठशाला की अध्यक्षता महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य द्वारा आगरा से वीसी के माध्यम से किया गया। उन्होंने कहा कि पोषण पाठशाला का आयोजन हमारे पीएम और सीएम की दूरदृष्टि और एक भारत, श्रेष्ठ भारत बनाने के महाअभियान के लिए पोषण प्रबन्धन पर एक अत्यंत ही प्रभावशाली रणनीति है।

### निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कमी पाए होगी कठोर कार्रवाई

**लखनऊ।** लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद ने विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक कर लोनिवि, राजकीय निर्माण निगम तथा सेतु निगम द्वारा लखनऊ में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली और युद्ध स्तर पर निर्माण कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए फटकार लगाई और उच्च अधिकारियों को संबंधित की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण कराया जाय। लोक निर्माण मंत्री ने समीक्षा बैठक में जिन कार्यों में धीमी प्रगति मिली उनकी पूरी रिपोर्ट उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माणधीन परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की लापवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सहकारी बैंकों से मिलने वाले आवास ऋण की सीमा 30 से बढ़ाकर 75 लाख की गई

● कृषि अवसंरचना निधि के तहत मिल रह 3.3 प्रतिशत का ब्याज अनुदान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने सहकारिता विभाग द्वारा किसानों कृषि उद्यमियों को आसान ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने सहकारी संस्थाओं को टैक्स में राहत प्रदान की है तथा सहकारी बैंकों से मिलने वाले आवास ऋण की सीमा को 30 लाख से बढ़ाकर 75 लाख कर दिया गया है जिससे सहकारी बैंकों से आम जनमानस को आवास ऋण लेने में सुविधा होगी। कृषि अवसंरचना निधि के अन्तर्गत भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा 3.3 प्रतिशत का ब्याज अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। लाभार्थी को प्रभावी ब्याज दर 2.3 प्रतिशत पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कोल्ड स्टोर एण्ड कोल्ड चैन, कस्टम हायरिंग, वेयर हाउस, प्राइमरी प्रोसेसिंग यूनिट, राईपनिंग चैम्बर आदि योजनाओं में लगभग 126.89 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट स्वीकृत करते हुए 140 कृषि उद्यमियों को लाभान्वित किया गया। समितियों के परिसम्पत्तियों का डिजिटलीकरण का कार्य किया जा रहा है, 5000 समितियों का डिजिटलीकरण का कार्य सम्पन्न हो चुका है जिससे परिसम्पत्तियों का उचित रख-रखाव होगा तथा अवैध कब्जे से मुक्ति मिल सकेगी। समस्त 7400 पैक्स को माइक्रो एटीएम उपलब्ध कराकर बैंकिंग सुविधाएं कृषकों के दरवाजे तक ले जाने का अभियान आरम्भ किया गया है। श्री राठौर ने कहा कि सहकारिता विभाग की कार्यदायी संस्थाओं में 75 प्रतिशत कार्य, परियोजनाओं का ई-एमबी एवं ई-बिल से आच्छादित कराया गया जिससे परियोजनाओं की समीक्षा, भुगतान तथा कार्यों की प्रगति में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सकेगी।

### राजस्व संग्रह में शिथिलता क्षम्य नहीं: रविंद्र

**लखनऊ।** प्रदेश के स्टांप पंजीयन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविंद्र जायसवाल ने कर संग्रह संबंधित सभी विभागीय कार्यालयों को निर्देश दिए हैं कि कर व करेत्तर राजस्व संग्रह के कार्य में शिथिलता क्षम्य नहीं है। उत्तर प्रदेश महानिरीक्षक निबंधन की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार स्टांप तथा पंजीयन विभाग ने वर्ष 2022-23 के जुलाई माह में 3197.80 करोड़ रुपए के सापेक्ष 2285.42 करोड़ रुपए का संग्रह किया। जोकि लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 71.47 प्रतिशत रहा। वर्ष 2022-23 के जुलाई माह तक के लिए निर्धारित वार्षिक लक्ष्य 10528.70 करोड़ रुपए के लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 8362.24 करोड़ रुपयों का संग्रह किया गया जोकि लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 79.4 प्रतिशत रहा।

## अयोध्या में किसानों को नहीं मिल रहा जमीनों का संतोषजनक मुआवजा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जीरो टॉलरेंस की कहानी सुबह-शाम, सोते-जागते दुहराने वाली भाजपा सरकार में अब घोटाले ही घोटाले हो रहे हैं। प्रशासन तंत्र पर भाजपा सरकार की पकड़ नहीं दिखाई पड़ रही है। भ्रष्टाचार सत्ता के संरक्षण में फलफूल रहा है। विकास की काल्पनिक कहानियां गढ़ी जा रही हैं ताकि जनता को भ्रमित किया जा सके। अखिलेश ने आरोप लगाया है कि इस समय भगवान राम की पवित्र नगरी अयोध्या में भी भ्रष्टतंत्र का जाल फैला हुआ है। वहां आसपास के गांवों के किसानों की जमीनों का संतोषजनक मुआवजा नहीं मिल रहा है, उल्टे उन्हें प्रताड़ित किया गया। भाजपा समर्थित भूमाफियों और सत्ताधीशों ने मिलकर श्रीराम जन्म भूमि से चन्द कदम की दूरी पर माझा जमथरा गांव में 4 बिस्वा खतौनी को कूट रचित दस्तावेज में 21 बीघा दिखा कई करोड़ रुपयों का घोटाला कर दिया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपाराज में मिड-डे-मील में भी भ्रष्टाचार की शिकायतें मिल रही हैं। कन्नौज के कंपोजिट विद्यालय, मदनापुर काजी में बच्चों को घटिया खाना दिया गया। शिकायत पर शिक्षक ने चार छात्रों की पिटाई की और स्कूल से भगा दिया। वैसे भाजपा सरकार ने मिड-डे-मील में पोषक तत्वों को हटा दिया है। गरीब के बच्चों को दूध, फल आदि नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों को मुफ्त राशन देने का ढोल पीटने में कोई कसर नहीं रखी थी परन्तु प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद मुफ्त राशन योजना में तरह.तरह के नियम कानून और पेंच फंसाकर गरीबों को खाने का अधिकार भी छीनने की साजिश की जा रही है। भाजपा राज में कृषि विभाग ने एक बड़ा चमत्कार कर दिखाया। इस वर्ष 23 जिलों में 40 प्रतिशत से भी कम वर्षा हुई जबकि 45 जिलों में सामान्य से कम वर्षा रिकार्ड की गई।

## तैयारियों को लेकर कांग्रेस ने बनाई रणनीति




● महंगाई पर हल्ला बोल-चलो दिल्ली रैली में प्रदेश कांग्रेस की व्यापक सहभागिता की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आगामी** 4 सितंबर को कांग्रेस की रामलीला मैदान नई दिल्ली में होने वाली मंहगाई पर हल्ला बोल-चलो दिल्ली रैली को लेकर प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बैठक कर रणनीति तैयार की। इस रैली में प्रदेश कांग्रेस की ओर से व्यापक स्तर पर कार्यकता, नेता, पदाधिकारी और विभिन्न राजनीतिक संगठन के सदस्य शामिल होंगे। तैयारी बैठक में प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी राष्ट्रीय सचिव एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी-फ्रंटल संगठनों, विभागों, प्रकोष्ठों के चेयरमैन और प्रदेश भर से आए जिला पदाधिकारी शामिल हुए और ब्यापक भागीदारी को लेकर बनी रणनीति में अपने विचार और सुझाव रखे। प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी धीरज गुर्जर ने कहा कि भाजपा ने सरकार बनाने से पहले देश की जनता को बड़े वादे किए थे। उसमें सबसे बड़ा वादा मंहगाई कम करने का किया गया था। कांग्रेस सरकार में अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में कच्चा तेल 125 डालर का था फिर भी देश वासियों को 56 रुपए लीटर डीजल और 66 रुपए प्रति लीटर पेट्रोल मिलता था और घरेलू गैस सिलिंडर 400 रुपए का मिलता था। उस पर भाजपा नेता मंहगाई को लेकर प्रदर्शन कर जनता को गुमराह करते थे लेकिन आज भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से मंहगाई सातवें आसमान पर पहुंच गई है।

## पर्यटन विकास परियोजनाओं के लिए 3 करोड़ जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पर्यटन** एवं संस्कृति विभाग द्वारा वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या तथा आजमगढ़ मंडल के वाराणसी, कुशीनगर, सुल्तानपुर तथा मऊ में पर्यटन विकास की परियोजनाओं के लिए 3 करोड़ 10 लाख 98 हजार रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। वाराणसी में स्थित गुरु रविदास जन्म स्थान सीरगोवर्धन में निर्मित सत्संग भवन के चारो तरफ बांउड्रीवाल के निर्माण के लिए 46.39 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इसी प्रकार जनपद कुशीनगर में एयरपोर्ट परिसर में टूरिस्ट इन्फारमेशन सेंटर की स्थापना के लिए 7.78 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृत जारी की गयी है। इसी प्रकार जनपद सुल्तानपुर के तहसील बल्दीराय में ग्राम कुवांसी स्थित प्राचीन बरगद पेड़ स्थल के समेकित पर्यटन विकास के डीपीआर के लिए 75.07 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा जनपद मऊ के फतेहपुर मंडाव के ग्राम भिटिया स्थित ब्रम्हबाबा स्थल के सौन्दर्यीकरण-पर्यटन विभाग के लिए 63.39 लाख रुपए तथा मऊ जनपद के ही पंचायत कटघड़ा शंकर स्थित शहीद स्मारक स्थल के पर्यटन विकास के लिए 118.35 लाख रुपए की धनराशि जारी की गयी है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने विगत मंगलवार को इसकी समीक्षा की थी। उन्होंने उप्र राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड और सीएलडीएफ दोनों कार्यदायी संस्थानों को निर्देशित किया था कि धनराशि स्वीकृत होने के बाद तत्काल निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाए। कार्यों में हर स्तर पर गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा था कि अधोमानक सामग्री अथवा घटिया निर्माण पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### पंचामृत के सिद्धांतों के साथ देश को विकास की राह पर ले जाना सभी भारतीयों का लक्ष्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंचामृत के सिद्धान्तों के साथ देश को विकास के रास्ते पर ले जाने का हम सब भारतीयों का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री मोदी इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए विशेष प्रयास कर रहे हैं। महाना ने जोर देकर कहा कि भारत अपने लक्ष्यों को 2030 तक पूरा करने को लेकर कार्य कर रहा है। कनाडा के हैलीफैक्स में 65वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में उपस्थित विभिन्न देशों से आये प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे महाना ने इस मौके पर सतत् विकास के लक्ष्यों के विषय पर भारत के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करते हुए कहा कि इसे हासिल करने में भारत की परफारमेंस रेटिंग 66 तक पहुंची है। उन्होंने उत्तर प्रदेश एवं देश के अन्य राज्यों की जनसंख्या, उनके आकार और जलवायु आदि पर चर्चा की और कार्बन बजटिंग के पालन करने पर जोर दिया।

## गन्ने की दो नई किस्में बढ़ाएंगी किसानों की मिठास



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के गन्ना किसानों की खुशहाली के लिए चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग सदैव प्रयासरत है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को गन्ना आयुक्त कार्यालय में प्रदेश के गन्ना आयुक्त संजय आर. भूसरेड्डी की अध्यक्षता में 'बीज गन्ना एवं गन्ना किस्म स्वीकृति उपसमिति' की बैठक आयोजित की गयी। इस उपसमिति में प्रदेश के गन्ना किसान एवं चीनी मिलें भी सदस्य हैं। इस बैठक में वैरायटल रिलीज कमेटी द्वारा प्रदेश के गन्ना किसानों के लिए 2 नई गन्ना को.शा.17231 एवं यूपी.14234 प्रजाति को प्रदेश में सामान्य खेती के लिए अवमुक्त किया गया। भूसरेड्डी ने बैठक में प्रस्तुत किए गए आंकड़ों का गहनता पूर्वक अवलोकन कर सर्वसम्मति से गन्ना किस्म को.शा.17231 एवं यूपी 14234 को प्रदेश में सामान्य खेती के लिए स्वीकृत किया।

उन्होंनें बताया कि इन किस्मों के सामान्य खेती के लिए स्वीकृत होने से प्रदेश में गन्ना किसानों की मिठास बढ़ेगी। गन्ना किसानों के उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ चीनी परते में भी वृद्धि होगी तथा प्रदेश के गन्ना किसानों को खेती के लिए नवीन किस्मों की श्रेणी में विकल्प के तौर पर और किस्में उपलब्ध हो सकेंगी। यह भी बताया कि गन्ना किस्म यूपी14234 उन क्षेत्रों के लिए है जहां की भूमि ऊसर है तथा उन क्षेत्रों में गन्ने की खेती नहीं हो रही है अथवा गन्ने की उपज बहुत कम है। ऐसे क्षेत्रों में यूपी 14234 गन्ना किसानों के लिए लाभदायक सिद्ध होगी। उन्होंने को.शा.17231 गन्ना किस्म के बारे में बताया कि इस नवीन किस्म का जमाव, व्यॉत एवं मिल योग्य गन्नों की संख्या अच्छी है तथा गन्ना मोटा एवं लम्बा होने के साथ-साथ पेड़ी उत्पादन क्षमता भी बेहतर है।

इसी के साथ लाल सड़न के रोग से ग्राही हो जाने के कारण गन्ना किस्म को.पी.के. 05191 को फेज आउट करने का भी निर्णय लिया गया। पेराई सत्र 2022-23 में इस किस्म की पेड़ी एवं पौधा फसल सामान्य किस्म के रूप में क्रय की जायेगी तथा पेराई सत्र 2023-24 में केवल पेड़ी फसल को सामान्य किस्म के रूप में लिया जायेगा।

## अक्टूबर में प्रदेश के सभी जिलों में होगा खादी-ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन

● नवनीत सहगल ने प्रदर्शनी के आयोजन के लिए सभी डीएम को जारी किए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप्र** खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर इस वर्ष अक्टूबर माह में प्रदेश के सभी 75 जनपदों में खादी तथा ग्रामोद्योगी प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी में ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत खादी एवं ग्रामोद्योगी इकाइयों द्वारा अपने उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शन, प्रचार-प्रसार एवं बिक्री की जायेगी।

एसीएस खादी तथा ग्रामोद्योग डॉ. नवनीत सहगल ने प्रदर्शनी के आयोजन के लिए प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। सहगल ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरूप 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' के अन्तर्गत स्वदेशी उत्पादों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने साथ-साथ प्रचार-प्रसार एवं बिक्री को दृष्टिगत रखते हुए चालू वित्तीय वर्ष में प्रदेश के सभी जनपदों में प्रदर्शनी के आयोजन का निर्णय लिया गया है। गत वर्ष प्रदेश के समस्त मण्डल मुख्यालयों एवं चयनित जनपदों में खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इसमें 12 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के उत्पादों की बिक्री प्रदर्शनियों में हुई थी। इन प्रदर्शनियों को खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की खदीददारी के प्रति लोगों में अच्छा उत्साह देखने को मिला था। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदर्शनी के आयोजन से जहां एक ओर खादी तथा ग्रामोद्योगी उत्पादों का प्रचार-प्रसार होगा वही दूसरी ओर आम जनमानस को स्थानीय स्तर परं स्वदेशी एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध होगें। इन प्रदर्शनियों में खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग एवं माटी कला बोर्ड द्वारा स्वरोजगार के लिए संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर निजी उद्यम स्थापित करने के लिए युवाओं प्रेरित किया जाएगा।

## अब आधार से लिंक होगा हर पेंशन लाभार्थी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सरकारी योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत लोगों तक पहुंचाने के लिए लाभार्थियों का डाटा आधार से लिंक कराया जा रहा है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर पहले ही प्रदेश के समस्त सरकारी विभागों के सभी कार्य ऑनलाइन कर दिए गए थे। इसी कड़ी में निराश्रित महिला, वृद्धावस्था पेंशन समेत दिव्यांग पेंशन के करीब एक करोड़ लाभार्थियों का डाटा आधार से लिंक कराया जा रहा है। सरकार ने आधार लिंक कराने के लिए 31 अगस्त तक का समय निर्धारित किया है। वहीं, विभाग द्वारा इसकी सीडिंग के लिए अक्टूबर तक का समय तय है। सीडिंग से डुप्लीकेसी को खत्म करने और सही व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मदद मिलेगी। समाज कल्याण विभाग के डायरेक्टर राकेश कुमार शुक्ला ने बताया कि विभाग की ओर से हर तिमाही करीब 56 लाख लाभार्थियों को वृद्धावस्था पेंशन दी जा रही है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने और इसे पारदर्शी बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी लाभार्थियों का डाटा आधार से लिंक किया जा रहा है। इससे डुप्लीकेसी को भी पूरी तरह से खत्म किया जा सकेगा। डायरेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि अभी तक कुल लाभार्थियों के सापेक्ष 60 प्रतिशत यानी करीब 34 लाख लाभार्थियों की सीडिंग की जा चुकी है। अक्टूबर तक शत-प्रतिशत सीडिंग का काम पूरा कर लिया जाएगा। इसी तरह महिला कल्याण विभाग और दिव्यांग कल्याण विभाग में भी सीडिंग का काम जोर शोर से चल रहा है। महिला कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश की करीब 31 लाख 50 हजार निराश्रित महिलाओं को पेंशन दी जा रही है।

# एसडीएम ने गौशाला का काटा फीता

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**लहरपुर ब्लाक** की ग्रामसभा अंदेशनगर में एक ऐसी हाईटेक गोशाला की शुरुआत की गई,जो आने वाले समय में पूरे जनपद में एक मिसाल बनेगी। इस आधुनिक सुविधाओं से लैस गोशाला का फीता काट कर एसडीएम अनुपम मिश्रा ने ग्रामीणों के सुपुर्द की। इस अवसर पर उनके साथ लहरपुर नगर पालिका परिषद की प्रशासक एसडीएम दिब्या ओझा व एसडीएम न्यायिक लहरपुर भी मौजूद रहे। ग्राम प्रधान रामभूखन व ब्लाक की टीम इस बेहतर काम के सभी अधिकारियों ने सराहना भी की। इसके बाद एसडीएम ने इसी गाव में अपने गोद लिए प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया। लहरपुर उप जिलाधिकारी अनुपम मिश्रा ने नपाप लहरपुर प्रशासक एसडीएम दिब्या ओझा व एसडीएम न्यायिक के साथ लहरपुर ब्लाक की ग्रामसभा अंदेशनगर में गोशाला का फीता काट कर ग्राम वासियो को समर्पित किया। बताते चले की ये गोशाला सरकारी योजनाओं से इतर अंदेशनगर के ग्रामप्रधान रामभूखन का ड्रीम प्रजेक्ट है। इस गोशाला में पशुओं के चारे से लेकर पानी,चिकित्सीय सुविधाओं के अलावा जिले की पहली गोशाला है जो सीसी टीवी कैमरों से लैस है। इसके अलावा गोशाला के पास ही करीब 30 बीघा जमीन पर पशुओं के लिए हरे चारे की भी भरपूर ब्यवस्था है। गोशाला के उद्घाटन के बाद एसडीएम अनुपम निश्रा व नपाप प्रशासक दिब्या ओझा ने ग्रामप्रधान व ब्लाक प्रशासन के प्रयासों की जमकर सराहना की। इसके बाद एसडीएम ने इसी ग्रामसभा में खुद के गोद लिए स्कूल प्राथमिक विद्यालय अंदेशनगर का भी निरीक्षण किया। एसडीएम की कोशिशों से बाहरी तौर पर किसी कान्वेंट स्कूल की तरह दिखने वाले परिषदीय स्कूल को और बेहतर कैसे बनाया जाए,इसे लेकर एसडीएम अनुपम मिश्रा व एसडीएम दिब्या ओझा ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक, ग्रामप्रधान व ग्रामीणों के साथ चर्चा की। इस अवसर पर एडीओ पंचायत रमेश मिश्रा,क्षेत्रीय लेखपाल रेशमा बानो,ग्रामविकास अधिकारी अविनाश कुमार रस्तोगी के अलावा शिव शक्ति सनातन सेवा समिति के अध्यक्ष व प्रमुख समाजसेवी दिलीप शुक्ल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



### लूट से सहमा लहरपुर, कोतवाली क्षेत्र का मामला

# चाकू की नोक पर महिला से लूटा सोना

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**जहां एक** और प्रदेश में शक्ति के साथ कानून का पालन करवाने और कानून वयवस्था को मजबूत बनाने में जुटी हुई है बताते चले कि सीतापुर पुलिस अधीक्षक भी लगातार प्रेस वार्ता कर जनपद में हो रही छुटपुट लूट की घटनाओं को मात्र अफ्वाह बता रहे हैं वही आपको बताते चलें की लूटपाट करने वालों के हौसले इतने बुलंद हो गए है कि शाम होते ही धारदार हथियार की नोक पर आए दिन लूट हो रही है वही तहसील लहरपुर के मोहल्ला चिक्की टोला में एक महिला ने धारदार हथियार दिखाकर महिला को ही लूट लिया गौरतलब है की बुधवार शाम करीब 8 बजे खालिद खाँ पुत्र स्वर्गीय अब्दुल नसीर खान ने लहरपुर कोतवाली में तहरीर देकर ये बताया कि मेरी माँ सूफ्यिा घर के लॉन में बैठी हुई थी तभी एक नकाबपोश महिला लॉन में घुसती है और बाल पकड़ कर खींच लेती है और चाकू की नोक पर नाक की बाली और सोने के अंगूठी लेकर फ्रार हो गयी दूसरी तरफलहरपुर कोतवाली क्षेत्र में आए दिन ,दिन दहाड़े चलते बैठे लोगों से लूट जैसी घटनाएं आम हो गयी हैं।। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में कुछ माह पूर्व से कोतवाली क्षेत्र में मानो चोरों के हौसले बुलंद हो गए हैं इन चोरी लूट जैसी घटनओं पर अंकुश न लगा पाना लहरपुर पुलिस के लिए चुनौती बन गयी है। लूट चोरी जैसी बातें आम जैसी हो गयी है लोग पुलिस का सहारा छोड़ रात भर अपने घरों की रखवाली करते नज़र आ रहे हैं। उधर लहरपुर पुलिस नकाबपोश महिला की जांच में जुटी है।

## क्विक न्यूज

### साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय में भजन प्रतियोगिता का आयोजन




**बरेली** । राम स्वरूप महिला महाविद्यालय में संगीत विभाग द्वारा एक भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसकी विशेषता रही कैरिओके ट्रैक्स । एम ए प्रथम वर्ष, एम ए द्वितीय वर्ष एवं बी.ए द्वितीय वर्ष की लगभग 15 छात्राओं ने प्रतिस्पर्धा में भाग लिया और सभी ने अपनी भजन प्रस्तुति कैरिओके ट्रैक पर दी। निर्णायक मंडल में डॉ आशा गुप्ता विभागाध्यक्षा हिंदी विभाग एवं डॉक्टर दीपिशिखा सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर संगीत तबला रही । इस अवसर पर डॉ प्रीति सिंह , डॉक्टर ज्योति शर्मा आदि उपस्थित रहे। प्रथम स्थान एम ए प्रथम वर्ष की प्रियंका ने प्राप्त किया वहीं दूसरा स्थान पर बीए द्वितीय वर्ष की मिष्ठी एवं तृतीय स्थान पर एम ए प्रथम वर्ष की संजना रही। सांत्वना पुरस्कार बीए द्वितीय वर्ष की मोहिनी एवं एम ए प्रथम वर्ष की नेहा भारती ने प्राप्त किया संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अनुपमा मेहरोत्रा एवं संगीत विभागाध्यक्षा डॉ शशि शुक्ला के निर्देशन में हुआ । कार्यक्रम की समन्वयक डॉ आकांक्षा रस्तोगी असिस्टेंट प्रोफेसर संगीत गायन रही।

### ट्रेन में यात्रा कर रहे युवक की मौत

**बरेली** । ट्रेन में यात्रा कर रहे एक युवक की बीती रात ट्रेन में ही मौत हो गई घरवालों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार किया ।कानपुर के घाटमपुर निवासी ज्ञान प्रकाश की बीती रात ट्रेन में ही मौत हो गई मृतक के भाई ज्ञान प्रकाश को बताया कि जयप्रकाश चार भाइयों में सबसे बड़े थे और दिल्ली में एक फ्यर फाइटिंग कंपनी में फ्यर फाइटिंग उपकरण लगाने का काम करते थे कल शाम को परिवार के साथ घर वापस लौटने के लिए दिल्ली से कानपुर जाने वाली ट्रेन में सवार हुए थे लेकिन जब उनकी ट्रेन मुरादाबाद पहुंची तभी उनकी हालत बिगड़ने लगी ट्रेड के बरेली पहुंचने तक उनकी हालत बुरी तरह खराब हो गई जब ट्रेन रेलवे स्टेशन पर रुकी तब घटना की जानकारी पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल ले जाने की कोशिश की लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी घरवालों ने जयप्रकाश के शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार किया पुलिस ने कागजी कार्रवाई के बाद शव उन्हें सौंप दिया।

### विभिन्न समस्याओं को लेकर एनसीपी जिलाध्यक्ष ने दिया डीएम को ज्ञापन

**सीतापुर** । सीतापुर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने जनपद की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी सीतापुर को पार्टी कार्यकर्ताओ के साथ 4 सूत्रीय बिंदु का ज्ञापन दिया ज्ञापन के माध्यम से श्री सिंह ने अवगत कराया कि जनपद में आवारा पशु से आम जनमानस को काफी कठिनाइयों का सामना उठाना पड़ रहा है किसानो कि लहराते फसल को आवारा पशुओं द्वारा पलक झपकते ही तबाह कर दिया जाता है जिसकी मुख्य वजह है जनपद में जो बनाए गए गौआश्रय में नियमानुसार उचित चारा पानी की उचित व्यवस्था न होना शासन से बनाये गए गौआश्रय में उचित चारा व पानी की व्यवस्था कराई जाए और आवारा घूम रहे पशुओं को उनको गौ आश्रय में पहुंचाया जाये 2 जहाँ एक तरफशासन द्वारा आवास को लेकर बड़े बड़े वादे किए वही दूसरी तरफ जनपद में आज भी बहुत से गरीब व्यक्ति झुग्गी झोपड़ी में और खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर है जिसका मुख्य कारण जनपद में विकास खंडों में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी अपात्रों को पात्र बना कर मोटी वसूली करके चयन कर लेते जिससे पात्र योजना से वंचित रह जाते है ऐसे दोषी अधिकारियों पर जल्द से जल्द कार्यवाही की जाए।

### नकली नोटों के साथ पति-पत्नी गिरफ्तार

**बरेली** ।वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार दंपत्ति और एक अन्य युवक को नकली नोटों के साथ गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ शुरू कर दी ।फ्तेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के धनेटा रेलवे फाटक के पास बीती रात पुलिस ने बरेली की तरफसे आ रही एक मोटरसाइकिल को रोकने की कोशिश की लेकिन पुलिस को देखकर धीमी होने के बाद वापस लौटने लगी और फिर अचानक पुलिस के पास से होकर गुजरने की कोशिश की पुलिस ने शक होने पर मोटरसाइकिल को रोक लिया जिस पर 3 लोग सवार थे पूछताछ करने पर पता चला कि बाइक चला रहे युवक अलीगंज निवासी शोएब है और दो अन्य लोग पीलीभीत के रहने वाले पुष्पेंद्र और उसकी पत्नी शीला है पुलिस ने उनके पास मौजूद पिट्ठू बैग की तलाशी ली तो उसमें एक कोने में तीन लाख के पाच पांच सौ के नकली नोट बरामद हुए पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी ।

# आंख अस्पताल को मिला दुनिया का सबसे आधुनिक व्यवस्थाओं वाला आई बैंक

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर आंख** अस्पताल द्वारा संस्थान के जनक पद्मश्री पद्मविभूषण डॉ. एमपी मेहरे के नाम पर उनकी जनमानस की सहायता हेतु कार्य करने की निरन्तता को याद करते हुये गुरुवार को डॉ. एमपी मेहरे आई बैंक का उद्घाटन जिलाधिकारी अनुज सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। आई बैंक की स्टोर क्षमता के साथ अन्य विशेषताओं की जानकारी जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कर्नल डॉ. मधु भदौरिया से प्राप्त की। जिलाधिकारी ने कहा कि नेत्रदान महादान है यह महत्वपूर्ण है कि डॉ. मेहरे के संघर्षों एवं उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति से हम सब कुछ सीख सकते हैं। सीतापुर की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर ऑख अस्पताल से है। इस ऑख अस्पताल की पहचान को बनाये रखने का दायित्व हम सभी का है। सीएमओ कर्नल डॉ. मधु भदौरिया ने कहा कि नेत्रदान पखवारे की जागरूकता नुक्कड़ नाटक, लेक्चर आदि के माध्यम से की जा रही है। इस मौके पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी दीपक, आई बैंक की मेडिकल डायरेक्टर एवं कार्निया चिकित्सक डॉ. नेहा, धीरेन्द्र कुमार शर्मा, जितेन्द्र बहादुर सिंह, अंशु सिंह, सबा बुशरा, अक्षय वर्मा, रंजना शुक्ला एवं स्वर्णिम अवस्थी मौजूद थे।



### नरेन्द्र मोदी-20 पुस्तक का कन्नौज सांसद ने किया विमोचन

# पूरे देश में विपक्ष समाप्त हो चुका है: सुब्रत पाठक

● सीतापुर सांसद ने केन्द्र सरकार की गिनाईं योजनाएं

संवाददाता। सीतापुर

**प्रधानमंत्री के** विकास कार्यो की किताब लिखी जाए तो पन्ने कम पड़ जाएगें। जबसे देश की कमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में है तबसे हर वर्ग हर समाज का विकास हुआ है। यह बात प्रदेश महामंत्री/कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक ने शहर के एक गेस्ट हाउस में आयोजित नरेन्द्र मोदी/20 पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरतंर विकास के पथ पर अग्रसर है। पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। पूरे देश में विपक्ष समाप्त हो चुका है। प्रधानमंत्री ने जब कश्मीर से धारा 370 को हटाया था। तब पूरे देश ने एक स्वर में उस निर्णय का स्वागत किया था और आज कश्मीर में अमन चौन से लोग रह रहे है। सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में फिर एक बार नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में फिर से पूर्ण बहुमत में भाजपा की सरकार बनेगी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र को मिल रहा है। इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद सुब्रत पाठक ने पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम में स्थानीय वक्ता के रूप वरिष्ठ व्यापारी नेता गोपाल टंडन एवम अधिवक्ता शिवेंद्र शिवम ने मोदी/20 बुक के महत्वपूर्ण विषयो को प्रबुद्ध जनों के समक्ष रखा। पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, व्यापारी नेता सुशील अग्रवाल, तुषार साहनी भगवती गुप्ता वीरेन ड़ोडेजा दिनेश अग्रवाल शुभम जयसवाल शंकर गुप्ता बबीता गुप्ता सागर गुप्ता अधिवक्ता विजय अवस्थी रोहित मेहरोत्रा विक्रम सिंह हिमांशु सिंह मोनिका दीक्षित वरिष्ठ समाजसेवी सोम दिक्षित, बनवारी लाल अजय विश्वकर्मा अनु विश्वकर्मा दीपक शुक्ला मनोज तिवारी सुमित शुक्ला रामेश्वर प्रसाद गुड्डू भारती सुधीर सिंह सुनील मिश्रा राजेश शुक्ला, रोहित सिंह, दीपू भार्गव, जिला उपाध्यक्ष नैमिष रत्न तिवारी, संजय मिश्रा, राजकुमार अग्रवाल, जया सिंह, कंचन प्रभा पाण्डेय, सुनील मिश्रा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सचिन मिश्रा, राहुल श्रीवास्तव, अधिवक्ता , वरुण सिंह तोमर, रवि विक्रम सिंह, भंवर सिंह, डॉ यू सी दीक्षित, डॉ ओ एन वर्मा सहित सैकड़ों प्रबुद्धजीवी व चिकित्सा व समाजसेवी क्षेत्र के लोग मौजूद क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।



# फागिंग और एंटी लार्वा छिड़काव की मांग



● सभासदों ने ईओ को सौंपा ज्ञापन

**मोहम्मदी-खीरी।** संक्रामक बुखार से मुहल्ला बसबिरवा में हुई मौतों के लेकर पूरे नगर में फागिंग व एंटी लार्वा छिड़काव कराए जाने के संबंध में नामित सभासद सहित अन्य सभासदों ने अधिशासी अधिकारी को एक पत्र सौंपा। पत्र में कहा है कि वर्तमान में बरसात का मौसम है। नगर के कई मोहल्ले संक्रामक बुखार जैसी बीमारियों से घिरे हैं जबकि पालिका परिषद द्वारा अभी तक कई मोहल्लों में दवा का छिड़काव ही नहीं कराया गया है। मुहल्ला बसबिरवा में पिछले दिनों से अब तक आठ लोगों की मृत्यु हो चुकी है। नगर के कई अन्य भागों में भी तमाम लोग बुखार से पीड़ित हैं। नगर के लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से पूरे नगर में सफाई, फागिंग तथा एंटी लारवा का छिड़काव अत्यंत आवश्यक है। इसके अलावा आवारा सुअरों पर अंकुश लगाया जाना भी अति आवश्यक है। उन्होंने मांग की है कि जनहित को देखते हुए उक्त कार्य अविलंब करवाया जाए। पत्र सौंपते समय नामित सभासद रवि शुक्ला, सभासद मोहम्मद शाहिद, फरीद खां व महताब आलम मौजूद रहे।

## आयोजित हुई गोष्ठी

**लखीमपुर-खीरी।** प्राथमिक विद्यालय जटपुरवा द्वितीय विकास क्षेत्र में रमियाबेहड़ की अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन समिति के सचिव एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक विश्वनाथ मौर्य ने किया। बैठक की शुरुआत पिछली बैठक की कार्रवाई पढ़कर शुरू हुई।

बैठक में विद्यालय के प्रधानाध्यापक विश्वनाथ मौर्य ने बताया कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत निपुण भारत लक्ष्य को प्राप्त करना है जिसके लिए अभिभावकों एवं शिक्षकों का सामंजस्य बहुत जरूरी है। सरकार हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इसके लिए प्रतिबद्ध है।

यह तभी सम्भव है जब हम शिक्षकों को समुदाय का सहयोग मिलेगा। अभिभावकों के खाते में यूनिफार्म, जूता-मोजा, स्वेटर एवं स्टेसनरी के लिए धनराशि प्रेषित की गई है। जिससे उन्हें बच्चों के लिए 2 जोड़ी ड्रेस, एक जोड़ी जूता मोजा, एक बैग, एक स्वेटर और कापी कलम खरीदना है।

# 1.74 करोड़ से कलेक्ट्रेट की बदलेगी सूरत

● सड़क चौड़ीकरण सुदृढ़ीकरण, नाली निर्माण व प्रवेश द्वारों का होगा नवनिर्माण

संवाददाता। लखीमपुर खीरी




**खीरी में** कलेक्ट्रेट को सजाने संवारने के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह नित नए प्रयास कर रहे। शासन स्तर पर डीएम की पैरवी के चलते कलेक्ट्रेट में सड़क चौड़ीकरणए सुदृढ़ीकरणए नाली निर्माण तथा प्रवेश द्वारों के नव निर्माण हेतु एक करोड़ए 74 लाखए 40 हजार की धनराशि की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिल गईए जल्द ही कार्य शुरू होगा।

खीरी जिले में डीएम महेन्द्र बहादुर सिंह ने आजादी के अमृत महोत्सव पर कलेक्ट्रेट स्थित पार्क का जीर्णोद्धार कराने के साथ ही पूरे कलेक्ट्रेट भवन सहित अन्य दफ्तरों को तिरंगामय बनवाया। बताते चलें कि कलेक्ट्रेट परिसर में सड़क चौड़ीकरणए सुदृढीकरणए नाली निर्माण, दोनों प्रवेश द्वारों का नवनिर्माण कार्य कराने के लिए डीएम के निर्देश पर नामित कार्यदायी संस्था पीडब्ल्यूडी विभाग से उपलब्ध कराये गये प्रायोजना प्रस्तावध्आगणन की आंकलित लागत रुपए 174.40 लाख की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति तथा सम्पूर्ण धनराशि रू. 174.40 लाख अवमुक्त कर नियमानुसार व्यय किये जाने की स्वीकृति प्रदान की। डीएम ने कहा कि कार्य की विशिष्टियां मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था पीडब्लूडी की होगी तथा कार्यदायी संस्था यह सुनिश्चित करें कि कार्य निर्धारित समयावधि में ही पूर्ण हो जाय। यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए कि कार्यों की गुणवत्ता उच्च कोटि की हो तथा समय-समय पर कराए जा रहे कार्यों की मॉनिटरिंग की जाए। कार्यदायी संस्था पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता ई-अनिल जाटव ने बताया कि उक्त कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की गई। निविदा प्राप्त होते ही अनुबंध गठन कराते हुए जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस कार्य के पूरा होने से कलेक्ट्रेट की सूरत बदल जाएगी।

# एक मुश्त शास्ति समाधान योजना में लाभ उठाने का अंतिम मौका आज

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

● पहले 26 थी अंतिम तिथि

● लोगों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए बढ़ाई थी 26 अगस्त तक तारीख

● अंतिम दिवस में लोगों से लाभ उठाने की हुई अपील

**एक मुश्त** शास्ति समाधान योजना द्वारा 01 अप्रैल 2020 को या उसके पूर्व पंजीकृत, बकाया कर से आच्छादित परिवहन यानों पर देय शास्ति से शत-प्रतिशत छूट प्रदान करने के संबंध में शासन ने अधिसूचना जारी की। इस आशय की जानकारी एआरटीओ (प्रशासन) आलोक कुमार सिंह ने दी।उन्होंने बताया कि एक मुश्त शास्ति समाधान योजना की अन्तिम तिथि 26 जुलाई थी परंतु अधिक से अधिक वाहन स्वामियों, वित्तपोषक संस्थानों को लाभ पहुंचाने हेतु अंतिम तिथि 26 जुलाई से बढ़ाकर 26 अगस्त की जा चुकी है।

उन्होंने वाहन स्वामियों/ वित्तपोषक संस्थानों जिनकी वाहनों के प्रति कर (टैक्स) बकाया है, को पुनः सूचित करते हुए बताया कि उक्त एक मुश्त शास्ति समाधान योजना के अन्तर्गत बकाया कर पर लगने वाले शास्ति से शत-प्रतिशत छूट प्राप्त करने हेतु एक मुश्त शास्ति समाधान योजना के तहत 26 अगस्त तक स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से आवेदन करते हुए टैक्स जमा कर सकते हैं।

26 अगस्त के बाद बकाया कर जमा करने पर कार्यालय द्वारा शास्ति प्लांटी की छूट प्रदान नहीं की जायेगी।

# पेज एक का शेष

## सोरेन की...

भाजपा एवं सहयोगियों को मिलाकर उन्हें अधिकतम 30 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने इस मामले को 10 फरवरी को संवाददाता सम्मेलन कर उठाया था और उन्होंने 11 फरवरी को राज्यपाल से मिलकर हेमंत सोरेन को विधायक पद से अयोग्य ठहराने की मांग की थी। झारखंड में यदि राज्यपाल, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता समाप्त करने के बारे में कोई फैसला सुनाते हैं तो राज्य में लगभग पौने तीन वर्ष पुरानी सोरेन सरकार गिर जाएगी और सत्ताधारी गठबंधन को मुख्यमंत्री पद के लिए किसी अन्य का नाम चुनना होगा। ऐसी चर्चा है कि मुख्यमंत्री अपने पिता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के नाम को ही एक बार फिर यहां मुख्यमंत्री पद के लिए प्रस्तावित कर सकते हैं।

## केजरीवाल का...

फंसे नेताओं को बचाने के लिए राजघाट पर प्रदर्शन करना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान है। आप नेताओं के राजघाट पहुंचने के कुछ देर बाद ही भाजपा ने करारा हमला बोलते हुए कहा कि केजरीवाल की राजघाट यात्रा लोगों का ध्यान शराब घोटाले से हटाने के लिए एक और बड़ा नाटक है। पार्टी अब इस पवित्र स्थल को शुद्ध करने के लिए इस पर गंगाजल छिड़केगी। केजरीवाल और उनकी पार्टी के कई प्रवक्ता दिन भी यही कहते रहे कि भाजपा ने दिल्ली सरकार को गिराने के लिए 800 करोड़ रुपये एक तरफ रख दिए हैं। पार्टी से अलग होने के लिए उनके 40 विधायकों को 20-20 रुपये देने की पेशकश दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश यह जानना चाहता है कि आखिर इतनी मोटी रकम किस की है और यह कहां रखी गई है। इसका स्रोत क्या है। हमारा एक भी एमएलए टूटेगा नहीं, भले जान चली जाए। उन्हें खुशी है कि उनका एक भी विधायक भाजपा की धमकियों के सामने नहीं झुका। सरकार पूरी तरह स्थिर है। दिल्ली को चमकाने के अच्छे काम जारी रहेंगे। तंज भरे लहजे में अपना हमला जारी रखते हुए केजरीवाल ने पूछा कि क्या यह जीएसटी से वसूली रकम है या पीएम केयर्स फंड से ली गई है या उनके कुछ दोस्तों ने इस रकम का इंतजाम किया है ?

## भाजपा ने...

साथ ही उत्तर प्रदेश तीसरा राज्य हो गया है, जहां भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी जाट नेताओं को सौंपी है। हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ और राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पुनिया जाट समुदाय से आते हैं। चौधरी ने बुधवार देर शाम नड्डा से मुलाकात की थी। वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंत्रिपरिषद में पंचायती राज मंत्री हैं। चौधरी, प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का स्थान लेंगे। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा संगठन का नेतृत्व सिंह ने किया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जब दोबारा राज्य की कमान संभाली तो उन्होंने सिंह को अपने मंत्रिपरिषद में शामिल किया। आदित्यनाथ ने अध्यक्ष बनाए जाने पर चौधरी को बधाई दी और भरोसा व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में भाजपा प्रदेश में सफलता के नए प्रतिमान स्थापित करेगी। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, वरिष्ठ व जनप्रिय राजनेता भूपेंद्र सिंह चौधरी को उत्तर प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। नि:संदेह, आपके ऊर्जावान नेतृत्व में भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास भाव के साथ प्रदेश में सफलता के नए प्रतिमान स्थापित करेगी। अपनी नियुक्ति के बाद लखनऊमें पत्रकारों से बातचीत में चौधरी ने कहा कि वह सभी को साथ लेकर चलेंगे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2024 के चुनावों के लिए मुझे जो लक्ष्य दिया गया है, मैं उसे हासिल करने का प्रयास करूंगा।

## भारत के...

रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव, केद्रीय राज्य श्रम मंत्री रामेश्वर तेली समेत राज्यों के श्रम मंत्री मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने ई-श्रम पोर्टल का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत में श्रम बल को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने और असंगठित क्षेत्र को मजबूत बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि सिर्फ एक साल में 400 क्षेत्रों के 28 करोड़ कामगारों ने इस पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराया है। इससे विशेषकर निर्माण क्षेत्र के कामगारों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने श्रम मंत्रियों से अनुरोध किया कि वे ई श्रम पोर्टल से राज्यों के पोर्टल को जोड़ें। उन्होंने कहा कि 29 श्रम कानूनों को 4 सरल श्रम संहिता में बदला गया है।

## फिरोजपुर एसएसपी...

राज्य के अधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने के वास्ते अपनाई जाने वाली एक स्पष्ट और विस्तृत प्रक्रिया होती है। पांच सदस्यीय समिति ने उच्चतम न्यायालय को यह भी बताया कि एसएसपी के पास पर्याप्त समय था, उसके बाद पंजाब के तत्कालीन अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजीपी) जी. नागेश्वर राव ने उन्हें सूचित किया कि प्रधानमंत्री आकस्मिक मार्ग से जाएंगे और वह उनके निर्देश पर कार्रवाई करने में विफल रहे। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वह शीर्ष अदालत की पूर्व न्यायाधीश इंदु मल्होत्रा की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय समिति की रिपोर्ट को उचित कार्रवाई के लिए सरकार के पास भेजेगा। प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने समिति की रिपोर्ट को पढ़ते हुए कहा, फिरोजपुर के एसएसपी अवनीत हंस कानून-व्यवस्था बनाए रखने के अपने कर्तव्य का निर्वहन करने में विफल रहे। पर्याप्त बल उपलब्ध होने के बावजूद और प्रधानमंत्री के मार्ग पर प्रवेश की सूचना दो घंटे पहले देने के बावजूद वह ऐसा करने में विफल रहे।

## कीमतों पर...

में आंशिक संशोधन की जरूरत थी। बयान में कहा गया है, सीसीईए ने गेहूं या मेस्लिन आटे पर निर्यात प्रतिबंधारोक से छूट की नीति में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इससे पहले जुलाई में डीजीएफटी की एक अधिसूचना में कहा गया था कि सरकार ने गेहूं का आटा या आटा, मैदा और सूजी के निर्यात पर एक शर्त लगाई है। एक अधिकारी ने मंत्रिमंडल के निर्णय के बारे में पूछे जाने पर कहा कि पहले गेहूं के आटे के लिए निर्यात व्यवस्था मुक्त थी, लेकिन अब यह प्रतिबंधित श्रेणी में आ गई है। उल्लेखनीय है कि 2021-22 में भारत ने 24.6 करोड़ डॉलर के गेहूं के आटे का निर्यात किया। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून अवधि के दौरान निर्यात लगभग 12.8 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया है।

## जांच पैनल...

साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानून में संशोधन करने का सुझाव दिया गया है। पीठ ने कहा, उन्होंने (समितियों ने) कहा है कि भारत सरकार ने सहयोग नहीं किया। आप यहां वही रुख अपना रहे हैं, जो आपने वहां अपनाया था। पीठ के सदस्यों में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली भी शामिल हैं। पीठ ने तकनीकी पैनल की एक रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि यह थोड़ी चिंताजनक है, क्योंकि जांच के लिए तकनीकी समिति के पास जमा किए गए 29 फोन में से पांच में कुछ तरह का मालवेयर पाया गया, लेकिन ऐसा नहीं कहा जा सकता कि ये पेगासस के कारण थे। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, जहां तक तकनीकी समिति की रिपोर्ट की बात है ऐसा प्रतीत होता है कि जिन व्यक्तियों ने अपने मोबाइल फोन दिए थे उन्होंने अनुरोध किया है कि रिपोर्ट साझा नहीं की जाए...ऐसा लगता है कि करीब 29 फोन दिए गए थे और पांच फोन में, उन्होंने कुछ मालवेयर पाया लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि यह पेगासस का मालवेयर है...।

## भारत ने...

देश नाखुश हैं। यूक्रेन पर हमले के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर कड़े आर्थिक एवं अन्य प्रतिबंध लगाए हैं। भारत ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के हमले की निंदा नहीं की है। नई दिल्ली ने रूस और यूक्रेन से कूटनीति एवं वार्ता के मार्ग पर लौटने की कई बार अपील की है और दोनों देशों के बीच संघर्ष समाप्त करने के सभी कूटनीतिक प्रयासों में सहयोग व्यक्त किया है। भारत दो साल के लिए यूएनएससी का अस्थायी सदस्य है। उसका कार्यकाल दिसंबर में समाप्त होगा। सुरक्षा परिषद ने यूक्रेन की स्वतंत्रता की 31वीं वर्षगांठ पर छह महीने से जारी युद्ध की समीक्षा के लिए बुधवार को एक बैठक की। जैसे ही बैठक शुरू हुई, संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वासिली ए नेबेंजिया ने वीडियो टेली-कॉन्फ्रेंस द्वारा बैठक में जेलेंस्की की भागीदारी के संबंध में एक प्रक्रियात्मक वोट कराने का अनुरोध किया।

## 24 सेकेंड...

एक पानी के टावर को गिराने के रूप में मिला था। गोल्ड और यूरेनियम प्लांट में उनका पहला बड़ा प्रोजेक्ट 1993 में आया। इसके अगले साल उन्होंने जेट डिमोलिशन कंपनी की स्थापना की। उन्होंने बताया कि ट्विन टावर्स में, जो उनके नियंत्रण में नहीं है वह है धूल के बादल। जो अपने आप ही कुछ ही देर में छट जाएंगे।

# वंचितों के जीवन स्तर को बेहतर बनाएं लोकसेवक: राष्ट्रपति

**भाषा।** नई दिल्ली



वर्ष 2020 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के 75 अधिकारियों ने की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म से मुलाकात

**राष्ट्रपति द्रौपदी** मुर्मू ने बृहस्पतिवार को लोक सेवकों से कहा कि यह सुनिश्चित करना उनके हाथों में है कि 2047 का भारत अधिक समृद्ध, मजबूत और खुशहाल हों और उनसे अपने क्षेत्र के सबसे वंचित व्यक्ति तक पहुंचने और उनके जीवन स्तर में सुधार करने की अपेक्षा की जाती है। राष्ट्रपति ने कहा कि कोई भी कल्याण योजना तभी सही अर्थों में सफल मानी जा सकती है जब उसका लाभ गरीबों एवं समाज के सबसे निचले तबके के लोगों को प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि ऐसे में लोक सेवकों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी जिम्मेदारी वाले इलाके में सबसे वंचित लोगों तक पहुंचें और उनके जीवनस्तर को बेहतर बनाएं।

वर्ष 2020 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 75 अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की। ये अधिकारी अभी विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों में सहायक सचिव के रूप में कार्यरत हैं। राष्ट्रपति भवन के बयान के अनुसार, राष्ट्रपति मुर्मू ने इन अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोक सेवक के रूप में उन्हें वैश्विक ज्ञान केंद्र, आपूर्ति श्रृंखला, नवाचार, प्रौद्योगिकी विकास सहित विविध क्षेत्रों में भारत को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। मुर्मू ने कहा, लोक सेवकों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी जिम्मेदारी वाले इलाके में सबसे वंचित व्यक्ति तक पहुंचें और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाएं। उन्होंने कहा कि लोक सेवक उन लोगों के लिए मददगार हो सकते हैं जिन्हें कल्याण योजनाओं या विकास कार्यक्रमों की जानकारी नहीं है। राष्ट्रपति ने याद दिलाया कि कोई भी कल्याण योजना तभी सही अर्थो में सफल मानी जा सकती है जब उसका लाभ गरीबों, कमजोर वर्गों एवं समाज के सबसे निचले तबके के लोगों को प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि लोक सेवकों को वंचित लोगों तक पहुंचने का प्रयास करना चाहिए तथा वंचित लोगों को उनके पास (लोक सेवकों के पास) पहुंचने में परेशानी नहीं होनी चाहिए। मुर्मू ने कहा कि वर्ष 2047 तक, 2020 बैच के अधिकारी निर्णय लेने वाले सबसे वरिष्ठ अधिकारी होंगे, ऐसे में वे जोश और गर्व के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि वे यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि 2047 का भारत अधिक समृद्ध, मजबूत और खुशहाल हो। राष्ट्रपति ने कहा कि लोक सेवकों को जन सेवा के प्रति समर्पण, कमजोर वर्गों के प्रति सहानुभूति और करुणा, सत्यनिष्ठा और आचरण के उच्चतम मानकों को बनाए रखने और निष्पक्षता और वस्तुनिष्ठता के सिद्धांतों का पालन करना चाहिए।

उन्होंने लोक सेवकों से कहा कि उनसे उम्मीद की जाती है कि वे पंचायती राज संस्थाओं, प्रशासन, अनुसूचित क्षेत्रों और जनजातियों के संबंध में संवैधानिक प्रावधानों को लेकर खासतौर से सजग और सक्रिय रहें और छठी अनुसूची में उल्लिखित पूर्वोत्तर के जनजातीय इलाकों में प्रशासन के प्रावधानों के प्रति भी जागरूक रहें।

## दुबई जा रहे यात्री के पास से 2.3 करोड़ रुपए मूल्य की विदेशी मुद्रा जब्त

**भाषा।** कोच्चि

**केरल में कोचीन** अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (सीआईएएल) की सुरक्षा शाखा ने दुबई जा रहे एक शख्स के पास से 2.3 करोड़ रुपए मूल्य की विदेशी मुद्रा कथित रूप से मिलने के बाद उसे हिरासत में ले लिया। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने बताया कि दुबई जा रहे यात्री के बैग में छुपाकर रखी गई मुद्रा बुधवार शाम को सुरक्षा जांच के दौरान मिली। यात्री के पास मुद्रा साथ ले जाने के लिए कोई वैध दस्तावेज़ नहीं थे। यात्री की पहचान एरणाकुलम जिले में मुवत्तुपुझा के मूल निवासी टी यूसुफ के रूप में की गई है। यात्री को बाद में सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया गया। हवाई अड्डे के सूत्रों ने बताया कि बैग में 2.3 करोड़ रुपए मूल्य के सऊदी रियाल थे।

## क्विक न्यूज

### जदयू नेता देवेश चंद्र ठाकुर बिहार विधान परिषद के निर्विरोध सभापति चुने गए

**पटना।** देवेश चंद्र ठाकुर बृहस्पतिवार को बिहार मे विधान परिषद के निर्विरोध सभापति चुने गए। ठाकुर के पदभार ग्रहण करने के समय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तेजप्रताप यादव ने उन्हे पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) नेता ठाकुर बिहार विधान परिषद के तीसरी बार सदस्य बने है और उन्होंने बुधवार को सभापति पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। यह पद मई 2017 से खाली था, जब उच्च सदन के अंतिम सभापति अवधेश नारायण सिंह का कार्यकाल समाप्त हो गया था। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के तत्कालीन उपसभापति हारून राशिद ने वर्ष 2020 में अपने कार्यकाल के अंत तक कार्यकारी सभापति के तौर पर काम किया। इसके बाद भाजपा सदस्य अवधेश नारायण सिंह को कार्यकारी सभापति बनाया गया था। बिहार मे महागठबंधन के सत्ता मे आने के बाद बुलाए गए सदन के विशेष सत्र के दौरान भाजपा सदस्य और पूर्व मंत्री सम्राट चौधरी उच्च सदन में प्रतिपक्ष के नेता की भूमिका मे होंगे।

### मोहन भागवत 26 अगस्त से त्रिपुरा का दो दिवसीय दौरा करेंगे



**अगरतला।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को त्रिपुरा आएंगे। इस दौरान वह यहां उज्जयंत महल जाएंगे और गोमती जिले के सरबोंग आश्रम में एक मंदिर का उद्घाटन करेंगे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भागवत शुक्रवार तड़के एमबीबी हवाई अड्डा पहुंचेंगे और फिर वहां से उज्जयंत महल के लिए रवाना होंगे। भागवत को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है। माणिक्य राजवंश के महल में कुछ देर रुकने के बाद, वह पश्चिम त्रिपुरा जिले के खैरपुर इलाके मे स्थित आरएसएस मुख्यालय सेवाधाम जाएंगे। अधिकारी ने कहा, सेवाधाम से आरएसएस प्रमुख शनिवार को गोमती जिले के अमरपुर अनुमंडल स्थित सरबोंग आश्रम के लिए रवाना होंगे, जहां वह शांतिकाली आश्रम प्राधिकरण द्वारा नवनिर्मित मंदिर का उद्घाटन करेंगे। भागवत शनिवार को अपनी रवानगी से पहले सरबोंग आश्रम मे एक सभा को भी संबोधित करेंगे। अधिकारी ने बताया कि भागवत के दौरे के मद्देनजर राज्य में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

### प्रवर्तन निदेशालय ने केरल में सहकारी बैंक पर छापा मारा

**त्रिशूर (केरल)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को केरल में करुवन्नूर सहकारी बैंक पर छापेमारी की कार्वाई की, जहां 300 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया गया था। ईडी से जुड़े सूत्र ने पीटीआई-भाषा को बताया कि छापेमारी सुबह शुरू हुई जो अब तक जारी है। उन्होंने कहा, ईडी अधिकारी पूर्व में जब्त किए गए दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। ईडी ने 10 अगस्त को घोटाले मे आरोपी के परिसरो पर छापेमारी की थी। यह कार्वाई ऐसे वक्त मे की गई, जब निवेशक सत्तारूढ़ माकपा के नियंत्रण वाले करुवन्नूर सहकारी बैंक के प्रबंधन के खिलाफ आक्रोशित हैं और वे अपना पैसा लौटाने की मांग कर रहे हैं। त्रिशूर जिले में स्थित इस बैंक में घोटाला जुलाई 2021 मे सामने आया, जिसके बाद बैंक के छह अधिकारियों के खिलाफ एक मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### डीयू के पूर्व प्रोफेसर साईबाबा के साथ उम्र कैद की सज़ा काट रहे व्यक्ति की स्वाइन फ्लू से मौत

**नागपुर।** माओवाद के साथ संबंध रखने के लिए गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की विभिन्न धाराओं के तहत दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जी.एन. साईबाबा के साथ दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति की बृहस्पतिवार शाम को स्वाइन फ्लू से मौत हो गई। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) दीपा आगे ने पीटीआई-भाषा से कहा कि नागपुर केंद्रीय जेल के कैदी पांडु नरोटे को 20 अगस्त को तेज बुखार था और बाद मे उसके स्वाइन फ्लू से पीड़ित होने का पता चला। उन्होंने कहा कि नरोटे की शाम करीब पांच बजे मौत हो गई। उन्होंने बताया कि उसे यहां के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया था। नरोटे, साईबाबा और चार अन्य को मार्च 2017 मे यूएपीए की विभिन्न धाराओं के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। नरोटे को अगस्त 2013 में गढ़चिरोली के अहेरी से दो अन्य लोगों के साथ पकड़ा गया था। साईबाबा को मई 2014 में गिरफ्तार किया गया था।

## पेगासस मुद्दे पर क्या राहुल गांधी और कांग्रेस माफी मांगेंगे: भाजपा

नई दिल्ली (भाषा)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि कांग्रेस और उसके पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पेगासस के मुद्दे पर राजनीतिक तूफान खड़ा करने के मकसद से एक प्रेरित अभियान चलाया था, जिसके मूल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कमजोर करना था। भाजपा का यह बयान पेगासस के कथित दुरुपयोग की पड़ताल के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित समिति की उस रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें उसने कहा है कि समिति ने जांच किए गए 29 मोबाइल फोन में से पांच में एक प्रकार का मालवेयर पाया है लेकिन इससे यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सका है कि इस मालवेयर का कारण इजरायली स्पाइवेयर है या नहीं। भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने समिति की रिपोर्ट का हवाला देते हुए सवाल किया, राहुल गांधी और कांग्रेस इसके लिए माफी मांगेंगे, जिस पर इतना बड़ा तूफान खड़ा किया गया? पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए प्रसाद ने कहा कि इस मुद्दे पर विपक्षी दलों, तथाकथित बुद्धिजीवी और मीडिया के एक वर्ग ने सरकार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के मन में मोदी के खिलाफ इतना विद्वेष है कि वह अपना आधार बढ़ाने के लिए झूठ का सहारा लेती है लेकिन जैसे ही उसके झूठ से पर्दा उठता है, यह घटता ही जाता है। प्रसाद ने राफेल लड़ाकू विमान की खरीद और सेंट्रल विस्टा परियोजना के खिलाफ चलाए गए कथित अभियान का उदाहरण दिया और कहा कि उच्चतम न्यायालय ने भी इनमें कोई अनियमितता नहीं पाई थी। प्रसाद ने कहा कि पेगासस विवाद के दौरान राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर देशद्रोह जैसे आरोप लगाए थे और दावा किया था कि पेगासस के जरिए वह अपने सहयोगियों और विपक्षी नेताओं की जासूसी करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उस वक्त प्रधानमंत्री पर लोकतंत्र की हत्या करने जैसे आरोप लगाए गए थे और इस मुद्दे पर हंगामे की वजह से संसद की कार्यवाही तक बाधित हुई थी।

## अदालतों में लंबित हैं सीबीआई की जांच वाले भ्रष्टाचार के करीब 6700 मामले : सीवीसी

**भाषा।** नई दिल्ली

**सीबीआई** द्वारा जांच किए गए भ्रष्टाचार के लगभग 6,700 मामले विभिन्न अदालतों में लंबित हैं, जिनमें से 275 मामले तो 20 वर्ष से अधिक समय से लंबित हैं। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। इसमें कहा गया कि 31 दिसंबर 2021 तक के आंकड़ों के मुताबिक कुल 1,939 मामले ऐसे हैं जो विभिन्न अदालतों में 10-20 साल से चल रहे हैं जबकि 2,273 मामलों में सुनवाई 5-10 साल से चल रही है। वहीं 811 मामले 3-5 साल से चल रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 1399 मामलों में सुनवाई चलते हुए तीन साल से कम का समय हुआ है। सीवीसी की वार्षिक रिपोर्ट 2021 में कहा गया, आयोग, सीबीआई के साथ मासिक बैठकों के दौरान, विभिन्न अदालतों में काफी समय से लंबित मुकदमे की बड़ी संख्या पर ध्यान देता है। इसमें कहा गया कि 31 दिसंबर 2021 को 6,697 मामलों में सुनवाई लंबित थी जिनमें से 275 मामले ऐसे थे जिनमें सुनवाई 20 साल से ज्यादा समय तक चल रही है। इसके अलावा कुल 10,974 अपील और पुनर्विचार के मामले उच्च न्यायालयों और न्यायालय में लंबित हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि कुल 9,935 अपील में से 9,698 अपील उच्च न्यायालय में हैं जबकि 237 उच्चतम न्यायालय में हैं। उच्च न्यायालयों में 1,039 पुनर्विचार याचिकाएं लंबित हैं। इसमें कहा गया कि उच्च न्यायालयों और न्यायालय में लंबित 10,974 अपील और पुनर्विचार याचिकाओं में से 361 मामले 20 साल से ज्यादा समय से लंबित हैं जबकि 558 मामले ऐसे हैं जो 15 साल से ज्यादा लेकिन 20 साल से कम समय से लंबित हैं। इसमें कहा गया कि 1,749 मामले ऐसे हैं जो 10 साल से ज्यादा लेकिन 15 साल से कम समय से लंबित हैं।



सांबा में सर्च आपरेशन के दौरान पकड़े गए मादक पदार्थों के पैकेटों के साथ बीएसएफ के जवान

## भाजपा के निलंबित विधायक राजा सिंह फिर से गिरफ्तार

**हैदराबाद।** इस्लाम और पैगंबर मोहम्मद के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से निलंबित विधायक टी राजा सिंह को हैदराबाद पुलिस ने बृहस्पतिवार को एहतियातन हिरासत अधिनियम के तहत फिर से गिरफ्तार कर लिया। राजा सिंह के इस बयान को लेकर हैदराबाद में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

पुलिस ने कहा कि निलंबित भाजपा विधायक को (एहतियातन हिरासत अधिनियम) 1986 के तहत दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया। टी राजा सिंह को इस्लाम और पैगंबर मोहम्मद के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए 23 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, उस दिन बाद में एक स्थानीय अदालत ने राजा सिंह को रिहा कर दिया था क्योंकि पुलिस ने उसे गिरफ्तार करते समय उच्चतम न्यायालय के दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया था। मंगलहाट पुलिस थाने में राजा सिंह के खिलाफ दर्ज शिकायत में उसे एक उपद्रवी करार देते हुए पुलिस ने अपने बयान में कहा कि वह आदतन भड़काऊभाषण देता रहा है और इसके जरिए विभिन्न समुदायों के बीच वैमनस्य पैदा करने का काम कर रहा है। पुलिस ने एक बयान में कहा, मंगलहाट पुलिस ने 25 अगस्त को उस पर पीडी एक्ट लगाया और उसे हैदराबाद के चेरलापल्ली केंद्रीय कारागार में रखा जाएगा।

पुलिस आंकड़ों के मुताबिक टी राजा सिंह के खिलाफ 2004 से अब तक कुल 101 आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं जिनमें से 18 मामले सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काने से संबंधित हैं।

## अग्निपथ योजना के तहत गोरखा सैनिकों की भर्ती जारी रखने को आशान्वित : विदेश मंत्रालय

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत ने** बृहस्पतिवार को कहा कि वह लम्बे समय से भारतीय सेना में गोरखा सैनिकों की भर्ती करता रहा है और आगे भी अग्निपथ योजना के तहत उनकी भर्ती जारी रखने को आशान्वित है। भारतीय सेना में नेपाली गोरखों की भर्ती भारत, नेपाल और ब्रिटेन के बीच हुई त्रिपक्षीय संधि के तहत होती है और अब तक नेपाली गोरखा भारतीय सेना में अपनी सेवा देते आ रहे हैं। 14 जून 2022 को भारत सरकार ने अग्निपथ योजना की घोषणा की थी और अब इसके तहत ही भर्ती होनी थी। समझा जाता है कि इसको लेकर नेपाल सरकार असमंजस में है। इस बारे में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में संवाददाताओं से कहा, हम काफी लम्बे समय से भारतीय सेना में गोरखा सैनिकों की भर्ती करते रहे हैं। हम आगे भी गोरखा सैनिकों की अग्निपथ योजना के तहत भर्ती करने को लेकर आशान्वित हैं। ज्ञात हो कि 14 जून को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सशस्त्र बलों में युवाओं की भर्ती के लिए अग्निपथ योजना को मंजूरी दी थी। इसके तहत चार साल के लिए अग्निवीर नामांकित किए जाएंगे। चार साल की कार्यावधि पूरी होने पर अग्निवीरों को एकमुश्त सेवा निधि पैकेज का भुगतान किया जाएगा। इस योजना के तहत भर्ती होने वाले 25 प्रतिशत अग्निवीरों को ही भारतीय सेना में नियमित किया जाएगा। काठमांडू पोस्ट की खबर के अनुसार, नई दिल्ली ने इस विषय पर नेपाल सरकार से उसका रुख पूछा है।

## गडकरी ने अपने आलोचकों पर निशाना साधा, कार्यक्रम का वीडियो साझा किया

**भाषा।** नई दिल्ली



**सड़क परिवहन** और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को अपने आलोचकों और मीडिया के एक वर्ग पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीतिक फायदे के लिए उनके बयानों को गलत तरह से पेश किया जा रहा है। अपने बयानों को लेकर अक्सर खबरों में रहने वाले गडकरी को पिछले सप्ताह भाजपा संसदीय बोर्ड से हटा दिया गया था। उन्होंने आज कहा कि वह सरकार और पार्टी के हित में इस तरह के बयान देने वालों के खिलाफ कानूनी रास्ता अपनाएंगे। गडकरी ने ट्वीट किया, आज, एक बार फिर मुख्यधारा के मीडिया, सोशल मीडिया के एक वर्ग और कुछ लोगों द्वारा राजनीतिक फायदे के लिए मेरे खिलाफ घृणित और मनगढ़ंत अभियान जारी रखने के प्रयास किए जा रहे हैं और सार्वजनिक समारोहों में मेरे बयानों को बिना सही संदर्भ के पेश किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने मंगलवार को एक पुस्तक विमोचन समारोह में दिए गए अपने भाषण के यूट्यूब लिंक को ट्वीट किया जिसका सोशल मीडिया पर इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा और प्रधानमंत्री कार्यालय को टैग करते हुए ट्वीट किया, मैं ऐसे तत्वों के इस तरह के दुर्भावनापूर्ण एजेंडे से कभी परेशान नहीं हुआ लेकिन सभी संबंधित लोगों को चेताया जा रहा है कि इस तरह की शरारत जारी रही तो मैं सरकार, पार्टी और अपने लाखों परिश्रमी कार्यकर्ताओं के व्यापक हित में कानून का रास्ता अपनाने में संकोच नहीं करुंगा। अक्सर पार्टी और संगठन से जुड़ी कहानियां सुनाने वाले गडकरी ने पुस्तक विमोचन समारोह में एक पुरानी घटना का उल्लेख किया जिसमें उन्होंने महाराष्ट्र के एक गांव में सड़क बनाने का जिम्मा लिया था और संबंधित अधिकारी को कहा था कि अगर वह उनके साथ खड़ा रहा तो सही है लेकिन अगर ऐसा नहीं भी होता तो उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने इस बातचीत का जिक्र करते हुए कहा, मुझे नतीजों की चिंता नहीं है लेकिन मैं यह काम करुंगा। अगर मुमकिन है तो मेरे साथ रहो, वरना मुझे कोई परेशानी नहीं है। इस बयान को सोशल मीडिया पर इस तरह से पेश किया जा रहा है कि गडकरी को अपना पद खोने की कोई चिंता नहीं है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने वीडियो ट्वीट करके पूछा था कि गडकरी ऐसा क्यों कह रहे हैं। सिंह ने बृहस्पतिवार सुबह ट्वीट किया, भाजपा में बहुत बड़ी गड़बड़ चल रही है।

## असंगत निर्णयों का न्यायिक संस्थानों की गरिमा पर गंभीर प्रभाव पड़ता है: न्यायालय

**नई दिल्ली, भाषा**



**उच्चतम न्यायालय** ने कहा है कि असंगत फैसलों का न्यायिक संस्थानों की गरिमा पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। साथ ही सुझाव दिया कि एक फार्मूले पर आधारित दिशा निर्देशों का संवैधानिक अदालतों द्वारा फैसला लिखते समय पालन किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि विशेषकर दिव्यांगों के लिए निर्णयों की सुगम्यता सुनिश्चित करने के वास्ते सभी न्यायिक संस्थानों को यह प्रयास करना चाहिए कि उनके द्वारा प्रकाशित किए जा रहे निर्णयों और आदेशों में अनुचित तरीके से वॉटरमार्क न हों, क्योंकि वे दस्तावेजों को उन दिव्यांगों के लिए दुर्गम बना देते हैं, जो उन्हें पढ़ने के लिए स्क्रीन रीडर का इस्तेमाल करते हैं। न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना की पीठ ने कहा, न्यायिक लेखन का उद्देश्य जटिल भाषा की आड़ में पाठक को भ्रमित करना या उलझाना नहीं है। पीठ ने इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के संबंधित आदेश को इस आधार पर रद्द कर दिया कि यह (आदेश) समझ से परे है। पीठ ने एक कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्वाई से उत्पन्न मामले में भारतीय स्टेट बैंक और अन्य द्वारा दायर अपील पर 16 अगस्त को फैसला सुनाया था, जिसे बुधवार को न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किया गया। न्यायालय ने कहा, हालांकि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमें आक्षेपित निर्णय को रद्द करना पड़ा और इसकी विसंगतियों के कारण मामले को वापस भेजना पड़ा, लेकिन हमने इसे निर्णय लेखन पर चर्चा करने के अवसर के रूप में लिया है। असंगत निर्णयों का हमारे संस्थान की गरिमा पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इसने कुछ व्यापक दिशानिर्देश निर्धारित किए हैं, व्यक्तिगत न्यायाधीशों के पास निर्णय लिखने के अलग-अलग तरीके हो सकते हैं और उनकी अभिव्यक्ति की शैली में भिन्नता हो सकती है। अदालत की वेबसाइट पर बुधवार को अपलोड किए गए आदेश में पीठ ने कहा, हालांकि न्यायाधीशों की निर्णय लिखने की अपनी शैली हो सकती है, लेकिन उन्हें अपने निर्णय लेखन में स्पष्टता सुनिश्चित करनी चाहिए। पीठ ने कहा कि फैसला चरणबद्ध तरीके से लिखा जाता है ।

## अमित शाह ने जम्मू कश्मीर में स्थिति की समीक्षा की

**नई दिल्ली, भाषा**




**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान से लगी सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था सहित जम्मू कश्मीर की मौजूदा स्थिति की बृहस्पतिवार को समीक्षा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला और केंद्र एवं केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में शरीक हुए। एक अधिकारी ने बताया कि बैठक में जम्मू कश्मीर में सुरक्षा स्थिति पर चर्चा हुई। सुरक्षा कर्मियों पर हमले, घुसपैठ की कोशिशों और केंद्र शासित प्रदेश में हत्याओं के मद्देनजर यह सुरक्षा समीक्षा की गई है।

बृहस्पतिवार को उरी के कमलकोट सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा कर्मियों ने तीन घुसपैठियों को मार गिराया। मंगलवार रात जम्मू कश्मीर के पल्लनवाला सेक्टर में भारतीय क्षेत्र में सीमा पार से घुसपैठ की कम से कम तीन कोशिशें की गई थी। सतर्क सैनिकों ने उन पर गोली चलाई और पीछे हटने को मजबूर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि 21 अगस्त को राजौरी जिले में नौशेरा के झांगर सेक्टर में तैनात सैनिकों ने नियंत्रण रेखा के इस ओर (भारतीय क्षेत्र) में दो से तीन आतंकवादियों की गतिविधियां देखी और उन्हें चुनौती दी। अधिकारियों ने बताया कि एक आतंकवादी ने भागने की कोशिश की लेकिन सैनिकों की गोलीबारी में वह घायल हो गया तथा उसे जिंदा पकड़ लिया गया। हालांकि, दो अन्य आतंकी भागने में सफल रहे थे।

वहीं, 22-23 अगस्त की रात दो से तीन आतंकवादियों के एक समूह ने नौशेरा के लाम सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश की। लेकिन बारूदी सुरंगों में विस्फोट होने पर दो आतंकी मौके पर ही मारे गए। आतंकवादियों ने 11 अगस्त को राजौरी जिले में थल सेना के एक शिविर पर हमला किया जिसमें चार सैनिक शहीद हो गए। हालांकि, दोनों हमलावरों को सैनिकों ने मार गिराया।

## तीस्ता सीतलवाड़ की जमानत अर्जी पर 30 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह 2002 के गुजरात दंगों के मामलों में बेगुनाहों को फंसाने के लिए कथित रूप से साक्ष्य गढ़ने के मामले में गिरफ्तार सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ की जमानत अर्जी पर 30 अगस्त को सुनवाई करेगा। गुजरात राज्य की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति यू. यू. ललित की अध्यक्षता वाली पीठ से कहा कि सीतलवाड़ की याचिका पर जवाब तैयार है लेकिन कुछ सुधारों की जरूरत है। पीठ ने कहा कि याचिका पर जवाब 27 अगस्त तक दाखिल किया जाए। पीठ में न्यायमूर्ति एस. आर. भट और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया भी शामिल हैं। पीठ ने कहा, उनका (मेहता का) कहना है कि याचिका पर जवाब तैयार है लेकिन और सुधारों की जरूरत है। उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया है कि रविवार को या उससे पहले जवाब दाखिल कर दिया जाएगा। अगर कोई प्रत्युत्तर होगा तो सोमवार (29 अगस्त तक) दाखिल किया जाए। उसने कहा कि 30 अगस्त को पहले मामले के रूप में इसे सुनवाई के लिए लिया जाएगा। मेहता ने जवाब देने के लिए समय मांगा, जिस पर पीठ ने कहा कि बात यह है कि सीतलवाड़ जेल में हैं। मेहता ने कहा कि वह कानून के अनुसार हिरासत में हैं।

# भारत का यूक्रेन में हिंसा रोकने का आह्वान

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**यूक्रेन में** अशांति की स्थिति और हिंसा को तत्काल रोकने का आह्वान करते हुए भारत ने दोहराया कि वह रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने तथा संघर्ष से, खासकर विकासशील देशों में पैदा होने वाली आर्थिक चुनौतियों को कम करने के लिए बातचीत और कूटनीति की वकालत करता है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने बुधवार को यूक्रेन में संघर्ष की शुरुआत के छह महीने बाद सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान कहा कि संयुक्त राष्ट्र के अंदर और बाहर रचनात्मक रूप से काम करना सामूहिक हित में है, ताकि जल्द से जल्द युद्ध का समाधान निकाला जा सके। उन्होंने कहा, हम फिर से कहना चाहेंगे कि वैश्विक व्यवस्था अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और क्षेत्रीय अखंडता और राज्यों की संप्रभुता के सम्मान पर टिकी हुई है। उन्होंने कहा, भारत अशांति की स्थिति और हिंसा को रोकने की वकालत करता रहा है। हम यूक्रेन और रूस के बीच बातचीत को प्रोत्साहित करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक से अधिक बार उनसे इस संबंध में बात की है। कंबोज ने कहा कि भारत, यूक्रेन संघर्ष से उत्पन्न होने वाली आर्थिक कठिनाइयों को कम करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय और भागीदार देशों के साथ काम करेगा। उन्होंने कहा कि युद्ध का प्रभाव केवल यूरोप तक ही सीमित नहीं है और इसने खासकर विकासशील देशों में खाद्य, उर्वरक और ईंधन सुरक्षा पर चिंता बढ़ा दी है। उन्होंने कहा, भारत यूक्रेन की स्थिति पर बेहद चिंतित है। संघर्ष के परिणामस्वरूप उसके लोगों के लिए, विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए जीवन की हानि और अनगिनत दुख हुए हैं, लाखों लोग बेघर हो गए हैं और पड़ोसी देशों में शरण लेने के लिए मजबूर हो गए हैं। यूक्रेन ने रूस के साथ जारी युद्ध के बीच बुधवार को अपना स्वतंत्रता दिवस मनाया और यह यूक्रेन पर रूसी हमला शुरू होने के छह महीने पूरे होने का भी दिन है। अमेरिका सहित पश्चिमी देशों ने इस हमले के बाद रूस पर बड़े आर्थिक और अन्य प्रतिबंध लगाए हैं। भारत ने यूक्रेन पर हमले के लिए रूस की आलोचना नहीं की है। भारत कई बार रूस और यूक्रेन से कूटनीति और बातचीत के रास्ते पर लौटने का आह्वान कर चुका है और दोनों देशों के बीच संघर्ष को समाप्त करने के सभी राजनयिक प्रयासों के लिए अपना समर्थन भी व्यक्त किया है। यूक्रेन में तत्काल मानवीय राहत को प्राथमिकता देने का आह्वान करते हुए, कंबोज ने कहा कि मानवीय कार्वाई को हमेशा मानवीय सहायता, यानी मानवता, तटस्थता, निष्पक्षता और स्वतंत्रता के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित किया जाना चाहिए और इन उपायों का कभी भी राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए।

## पुतिन ने 2023 में रूसी सेना में भर्ती बढ़ाने का आदेश दिया

**मॉस्को।** यूक्रेन में रूस की सैन्य कार्वाई के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने देश की सेना को सशस्त्र बलो में।,37,000 लोगो की भर्ती करने के आदेश दिए है। बृहस्पतिवार को हस्ताक्षरित पुतिन के आदेश मे यह स्पष्ट नही है कि क्या सेना बड़ी संख्या मे सैनिको की अनिवार्य भर्ती करेगी या स्वैच्छिक सेवा देने वाले सैनिको की संख्या बढ़ाई जाएगी अथवा दोनो के संयोजन से सैन्य बलो को मजबूत किया जाएगा। क्रेमलिन ने कहा है कि यूक्रेन मे विशेष सैन्य अभियान मे केवल स्वैच्छिक अनुबंधित सैनिक भाग ले रहे है। उसने इस दावे को खारिज किया कि वह व्यापक तौर पर सैनिक भेजने पर विचार कर रहा है।

# भारत-अमेरिका के सैन्याभ्यास पर चीन को आपत्ति

## तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप पर विरोध जताया

भाषा। बीजिंग

**चीन के** रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह भारत के साथ सीमा के मुद्दे पर किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप का पूरी तरह विरोध करता है और उम्मीद करता है कि भारत वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास सैन्य अभ्यास नहीं करने के द्विपक्षीय समझौतों का पालन करेगा। चीन पर पूर्वी लद्दाख में इन्हीं समझौतों के उल्लंघन का आरोप लगता रहा है जिसके कारण गतिरोध की स्थिति है। चीन के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल तान केफेई ने हिमालय की दक्षिणी तलहटी में हाल में अमेरिका और भारत के विशेष बलों के संयुक्त अभ्यास करने और युद्धाभ्यास कूट नाम वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास की उनकी योजना की खबरों के संबंध में पूछे गए सवाल पर यह टिप्पणी की। तान ने यहां ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम चीन-भारत सीमा मुद्दे पर किसी भी तरह किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप का पुरजोर विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि चीन ने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि संबंधित देशों के, विशेष रूप से सैन्य अभ्यासों और प्रशिक्षण गतिविधियों पर सैन्य सहयोग में किसी तीसरे पक्ष को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए, बल्कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता बनाए रखने में मदद करनी चाहिए। तान ने कहा कि चीन-भारत का सीमा मुद्दा दोनों देशों के बीच का मसला है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने सभी स्तर पर प्रभावी संवाद कायम रखा है और द्विपक्षीय संवाद के माध्यम से हालात से सही से निपटने पर सहमत हुए हैं। उन्होंने चीन के रक्षा मंत्रालय के हवाले से कहा कि चीन और भारत द्वारा 1993 तथा 1996 में किए गए संबंधित समझौतों की रोशनी में किसी भी पक्ष को एलएसी के पास के क्षेत्रों में दूसरे के खिलाफ सैन्य अभ्यास करने की अनुमति नहीं है।

## नौसैन्य सहयोग भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों के सबसे अहम घटकों में से एक: राजदूत संधू

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि भारत और अमेरिका की नौसेनाओं के बीच सहयोग दोनों देशों के द्विपक्षीय रक्षा संबंधों के सबसे बहुआयामी एवं अहम घटकों में से एक हैं। आईएनएस सतपुड़ा के पिछले सप्ताह सैन डिएगो पहुंचने के मौके पर संधू ने यह बयान दिया। आईएनएस सतपुड़ा को भारत में ही डिजाइन और निर्मित किया गया है। छह हजार टन वाला यह स्वदेशी बहु उद्देश्ईय मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट है जो हवा, सतह और पानी के नीचे दुश्मनों को तलाशने और नष्ट करने की क्षमता रखता है। यह पहली बार है कि जब भारतीय नौसेना के किसी युद्धपोत को यूएस वेस्ट कोस्ट पर खड़ा किया गया है। यह भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते रक्षा संबंधों को दर्शाता है। संधू ने सैन डिएगो में पिछले सप्ताह कहा, नौसेनाओं के बीच आपसी सहयोग हमारी रक्षा साझेदारी के सबसे बहुआयामी और अहम घटकों में से एक है। यह हिंद-प्रशांत के संदर्भ में और मजबूत हो रहा है।

## आबे की हत्या को लेकर जापान के पुलिस प्रमुख इस्तीफा देंगे

**तोक्यो।** जापान के राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह पिछले महीने चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री शिंज़ो आबे की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना की जिम्मेदारी लेते हुए पद से इस्तीफा देंगे। राष्ट्रीय पुलिस एजेंसी ने, आबे की जिंदगी बचाने में नाकामी पर एक रिपोर्ट जारी की है। इसके बाद एजेंसी के प्रमुख इतारू नकामुरा ने इस्तीफे की घोषणा की है। आठ जुलाई को पश्चिमी जापान के नारा में आबे की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस की रिपोर्ट में आबे की पुलिस सुरक्षा में खामियां पाई गई हैं जिस वजह से कथित हमलावर ने उन्हें पीछे से गोली मार दी। नकामुरा ने यह नहीं बताया कि वह कब इस्तीफा देंगे। कथित बदूंकधारी तेतसुया यमगामी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया था और फिलहाल उसकी मानसिक जांच की जा रही है जो नवंबर के अंत तक चलेगी। उसने पुलिस को बताया कि उसने पूर्व प्रधानमंत्री को उनके यूनिफिकेशन चर्च के साथ संबंधों की वजह से निशाना बनाया था, क्योंकि वह चर्च से नफरत करता है। आबे के परिवार ने बृहस्पतिवार को उनकी हत्या के 49वें दिन उन्हें बौद्ध परंपराओं से निजी कार्यक्रम में श्रद्धांजलि दी।

# आतंकवाद मामले में इमरान खान को अंतरिम जमानत



भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान की** एक आतंकवाद-रोधी अदालत ने राजधानी में एक रैली के दौरान पुलिस, न्यायपालिका और अन्य सरकारी संस्थानों को धमकाने के आरोप में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ पिछले सप्ताह दर्ज आतंकवाद के मामले में उन्हें एक सितंबर तक अंतरिम जमानत दे दी है। आतंकवाद-निरोधी अदालत के न्यायाधीश राजा जवाद अब्बास हसन ने बृहस्पतिवार को खान को एक लाख रुपए के मुचलके पर एक सितंबर तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख खान की जमानत याचिका उनके बृहस्पतिवार को यहां पहुंचने से पहले अदालत में दायर की गई थी। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया था कि उनके खिलाफ आतंकवाद का मामला पुलिस द्वारा बदले की कार्वाई के रूप में दर्ज किया गया था। संघीय न्यायिक परिसर के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी, जहां पुलिस और फ्रंटियर कोर के जवान घटनास्थल पर तैनात थे। परिसर के आसपास की सड़कों को भी बंद कर दिया गया। इस बीच, खान गिरफ्तारी की संभावनाओं के मद्देनजर पार्टी ने अपने समर्थकों से आह्वान किया था कि अगर पूर्व प्रधानमंत्री को हिरासत में लिया जाता है तो वे लोग (समर्थक) सड़कों पर उतरें और फिर अगले दिन इस्लामाबाद पहुंचें। खान (69) पर रविवार को इस्लामाबाद में एक सार्वजनिक रैली के दौरान एक महिला न्यायाधीश और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को धमकी देने के कारण आतंकवाद-रोधी अधिनियम (आतंकवाद के कृत्यों के लिए सजा) की धारा-सात के तहत मामला दर्ज किया गया था। अपने संबोधन में, खान ने शीर्ष पुलिस अधिकारियों, एक महिला मजिस्ट्रेट, पाकिस्तान के चुनाव आयोग और राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ अपने सहयोगी शाहबाज गिल के साथ किए गए व्यवहार को लेकर मामला दर्ज कराने की धमकी दी थी। ि

## ब्रह्मोस मिसाइल दुर्घटना पर भारत की कार्वाई को पाकिस्तान ने बताया अपर्याप्त

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने नौ मार्च को दुर्घटनावश मिसाइल के दागे जाने और उसके पाकिस्तानी क्षेत्र में गिरने की घटना पर भारत की कार्रवाई को पूरी तरह से असंतोषजनक, अधूरी तथा अपर्याप्त बताते हुए खारिज कर दिया और इस मामले में संयुक्त जांच की मांग की। भारत के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा था कि कोर्ट ऑफ इंक्वायरी (सीओआई) ने इस घटना की जांच में पाया कि तीन अधिकारियों ने मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन नहीं किया जिसके चलते दुर्घटनावश मिसाइल प्रक्षेपित हुई और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में गिरी। इसे लेकर पाकिस्तान ने कड़ा विरोध दर्ज कराया था। विदेश मंत्रालय ने कहा कि देश ने उसके क्षेत्र में सुपरसोनिक मिसाइल दागे जाने की घटना के संबंध में सीओआई के निष्कर्षों के संबंध में भारत की घोषणा और इस गैर जिम्मेदाराना घटना के लिए कथित रूप से जिम्मेदार पाए गए वायुसेना के तीन अधिकारियों की सेवाएं समाप्त करने के निर्णय के बारे में पढ़ा है। उसने कहा, पाकिस्तान इस अत्यधिक गैर-जिम्मेदाराना मामले को भारत द्वारा कथित रूप से बंद किए जाने को सिरे से खारिज करता है।

# जयशंकर ने ब्राजील के विदेश मंत्री के साथ संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता की

भाषा। ब्रासीलिया



**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने यहां ब्राजील के अपने समकक्ष कार्लोस फ्रेंका से विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर व्यापक बातचीत की और कहा कि भारत और ब्राजील ने द्विपक्षीय संबंधों में स्पष्ट रूप से प्रगति की है। तीन लातिन अमेरिकी देशों की अपनी पहली यात्रा के दूसरे चरण में ब्रासीलिया पहुंचे जयशंकर ने फ्रेंका के साथ आठवीं भारत-ब्राजील संयुक्त आयोग बैठक की सह-अध्यक्षता के बाद प्रसारण और कराधान के क्षेत्रों में समझौतों पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने बुधवार को ट्वीट किया, व्यापार और निवेश, पेट्रोलियम, जैवईंधन, खाद्य तेलों और खनिज, स्वास्थ्य, फार्मा, परंपरागत चिकित्सा, कृषि और पशुधन, अंतरिक्ष, रक्षा, आतंकवाद निरोधक कार्वाई आदि विषयों पर व्यापक वार्ता हुई। जयशंकर ने यह भी ट्वीट किया, प्रसारण और कराधान के क्षेत्रों में समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। ब्रिक्स, आईबीएसए, संयुक्त राष्ट्र, जी20 और यूक्रेन संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने भारत के स्वतंत्रता दिवस के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक स्मारक टिकट जारी करने के लिए ब्राजील सरकार की सराहना की। जयशंकर ने कहा, मुझे यह जानकर वास्तव में प्रसन्नता हुई कि पिछले कुछ साल में हमारे द्विपक्षीय सहयोग में साफ तौर पर प्रगति हुई है। हमारे व्यापार में यह दिखाई देता है जो अब तक के सर्वोच्च स्तर पर होने जा रहा है। हमने 12 अरब डॉलर से अधिक का व्यापार कर लिया है। उन्होंने ब्राजील के अर्थव्यवस्था मंत्री पाउलो गुएडीज से भी बातचीत की।

## अमेरिका भारत को अपना जरूरी साझेदार मानता है: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** यूक्रेन के मुद्दे पर भारत व अमेरिका भले ही अपने-अपने राष्ट्रीय हितों के तहत काम कर रहे हों लेकिन अमेरिका, भारत को अपना अपरिहार्य साझेदार मानता है। अमेरिकी राष्ट्रपति के निवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरेन ज्यां पियरे ने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम मानते हैं कि (भारतीय) साझेदार अपरिहार्य हैं। अमेरिका-भारत रणनीति साझेदारी स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने की हमारी साझा प्रतिबद्धता पर आधारित है। प्रेस सचिव यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद दोनों देशों के रिश्तों में दूरी आने के संबंध में पूछे गए सवालों का जवाब दे रही थी। उन्होंने कहा, आपने राष्ट्रपति को यह कहते हुए सुना है कि कानून का शासन और मानव स्वतंत्रता और गरिमा को बढ़ावा देना चाहिए।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of ICICI Bank Ltd. That Mrs. Neha Jain is the owner of DDA, LIG, Flat Bearing No. 44-A, on Ground floor, Gulabi Bagh, Delhi, by virtue of Gift Deed dated 26.07.2022, Registration No. 9158, executed by Mr. Anshul Jain, Mr. Puneet Jain & Mr. Pankaj Jain, who were the owners of the said property by virtue of Conveyance deed dated 07.07.2022, Registration No. 10658, All persons are hereby informed that above mentioned owner want to take a Loan against the said property from ICICI Bank Ltd., if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner/s its Sale /Mortgage/litigation & any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that my clientess Mst. Jumrat Khatoon W/o Late Abdul Aziz, aged 64 yrs. R/o D-53, Gali No.1, Chand Bagh, Karawal Nagar, Delhi-94, has severed all her relations with her son Mohd. Nasir and his wife Mst. Tooba as they both follow their own ways and are living separately, and they also do not support and maintain my clientess in her old age despite duty bound by law. Moreover, they are disobedient and disloyal and are hereby debarred from inhering all movable and immovable properties of my clientess, he/she who deals with them shall be doing so at his/her own risk and responsibility and my clientess shall not be responsible for their any act of omission and commission.

NAVIN KUMAR CHAUDHARY
ADVOCATE
Ch. No. - 3, Civil Wing
Tis Hazari Courts, Delhi110053

**सार्वजनिक सूचना**

विषयः आबंटिती श्रीमती विजय लक्ष्मी चोपड़ा धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री रवि भूषण चोपड़ा की निर्वसीयत मृत्यु के परिणामस्वरूप निर्मित संपत्ति प्लॉट संख्या 1178, सेक्टर-37, फरीदाबाद (हरियाणा) के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

श्रीमती विजय लक्ष्मी चोपड़ा, जो रिकार्ड के अनुसार श्री रवि भूषण चोपड़ा (मूल आबंटी) की मृत्यु के पश्चात उपरोक्त संपत्ति की आबंटी हुई। श्रीमती विजय लक्ष्मी चोपड़ा की मृत्यु दि. 18.08.2022 को निम्नलिखित कानूनी वारिसों को छोड़कर हुई है। (1) श्री राजन चोपड़ा (पुत्र) (2) श्रीमती विभा भुल्लर पत्नी श्री सुनीत इंद्रपाल सिंह भुल्लर (स्व. श्री रवि भूषण चोपड़ा की बेटी)। श्री राजन चोपड़ा पुत्र स्वर्गीय श्री रवि भूषण चोपड़ा, निवासी 71-डी, ब्लॉक-एसी, शालीमार बाग, दिल्ली - 110088, मूल आबंटी श्री रवि भूषण चोपड़ा की पंजीकृत वसीहत के अनुसार उक्त संपत्ति को अपने पक्ष में स्थानांतरित करने के लिए आवेदन करना चाहते हैं। श्री रवि भूषण चोपड़ा के कानूनी उत्तराधिकारी होने के नाते श्री राजन चोपड़ा के नाम पर स्थानांतरण/पुनः आवंटन के लिए अनुरोध करते हैं। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्लॉट/मकान के उपरोक्त हस्तांतरण पर कोई आपत्ति हो तो वह लिखित रूप में सम्पदा अधिकारी, एचएसवीपी, सेक्टर-12, फरीदाबाद को सहायक दस्तावेजों के साथ, इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अपनी आपत्तियाँ प्रस्तुत कर सकता/सकती है, अन्यथा संपदा अधिकारी हुडा नीति के अनुसार उक्त संपत्ति के हस्तांतरण/पुनः आवंटन की अनुमति दे सकते है और बाद के दावे, यदि कोई हो, पर विचार नहीं किया जाएगा।

श्री राजन चोपड़ा, कानूनी वारिस,
संपदा अधिकारी की ओर से।

## दक्षिण कोरिया का रूस की परमाणु कंपनी के साथ 2.25 अरब डॉलर का समझौता

**सियोल।** दक्षिण कोरिया ने रूस की सार्वजनिक क्षेत्र की परमाणु ऊर्जा कंपनी के साथ 2.25 अरब डॉलर का समझौता किया है। यह समझौता मिस्र के पहले परमाणु बिजली संयंत्र को कलपुर्जे प्रदान करने के लिए किया गया है। दक्षिण कोरिया सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कोरिया हाइड्रो और परमाणु ऊर्जा कंपनी तथा एएसई के बीच समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत दक्षिण कोरिया......मिस्र के डाबा में तैयार हो रहे संयंत्र के निर्माण कार्य और टर्बाइन से संबंधित उपकरण प्रदान करेगा। एएसई दरअसल रूस की सार्वजानिक क्षेत्र की परमाणु ऊर्जा कंपनी रोस्टम की अनुषंगी है।

## सेबी ने एएमसी के लिए खुलासे से संबंधित रूपरेखा जारी की

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने बृहस्पतिवार को संपत्ति प्रबंधन कंपनियो (एएमसी) के लिए खुलासा रूपरेखा जारी की। नए मसौदे के तहत एएमसी के लिए संबद्ध के रूप में परिभाषित इकाइयो से इतर प्रतिभूतियो में किए गए निवेश के बारे में योजनावार प्रकटीकरण अनिवार्य है। सेबी ने इस महीने की शुरुआत में म्यूचुअल फंड नियमों में संशोधन किया था, ताकि बीमा पॉलिसियों या ऐसी अन्य योजनाओ के लाभार्थियो की ओर से विभिन्न कंपनियों में निवेश करने वाले प्रायोजकों पर संबद्ध की परिभाषा लागू न हो। इस क्रम में ताजा खुलासा रूपरेखा जारी की गई है। नियमों के तहत संबद्ध के रूप में कोई एक व्यक्ति होता है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, खुद या रिश्तेदारों के साथ एएमसी या ट्रस्टी पर नियंत्रण रखता है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि नई रूपरेखा के तहत एएमसी को ऐसी इकाइयों की प्रतिभूतियों में किए गए निवेश का योजनावार खुलासा करना होगा, जो संबद्ध की परिभाषा से इतर हैं। यह खुलासा प्रत्एक तिमाही के अंतिम दिन करना होगा।

# नारी शक्ति का उपयोग कर देश अपने लक्ष्यों को हासिल कर सकता है : पीएम



भाषा। तिरुपति

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश नारी शक्ति का सही उपयोग कर 2047 की आकांक्षाओं के अनुरूप अपने लक्ष्यों को हासिल कर सकता है। प्रधानमंत्री ने राज्यों के श्रम मंत्रियों और सचिवों के दो दिन के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को वीडियो कॉफ्रेन्स के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा, हमें सोचना होगा कि हम अपने महिला कार्यबल के लिए खासकर उभरते क्षेत्रों में और क्या कर सकते हैं। हम काम के लचीले घंटों को अपनाकर नारी शक्ति का अच्छा उपयोग कर सकते हैं। यह भविष्य की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देश पहली तीन औद्योगिक क्रांतियों का लाभ उठाने में पीछे रह गया। मौजूदा चौथी औद्योगिक क्रांति का लाभ उठाने के लिए हमें त्वरित निर्णय लेने और इसे तेजी से लागू करने की भी जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा, दुनिया तेजी से बदल रही है। इसका लाभ लेने के लिए हमें भी उसी गति से तैयार होना होगा। ऑनलाइन सेवाओं में वृद्धि का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, देश सही नीतियों और प्रयासों से इस क्षेत्र में वैश्विक अगुवा बना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान छोटे एवं मझोले उद्योगों के लिए आपात ऋण सुविधा गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) से 1.5 करोड़ नौकरियां बचाने में मदद मिली। उन्होंने कहा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) भी कामगारों की मदद के लिए आगे आया और महामारी के दौरान कर्मचारियों को हजारों करोड़ रुपए का कर्ज दिया गया। मोदी ने कहा, महामारी के दौरान पूरा देश श्रमिकों के साथ खड़ा था।

## मौजूदा प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण और मानचित्रण की जरूरत: गोयल

भाषा। नई दिल्ली

**देश में परीक्षण** सुविधाओं के बेहतर उपयोग के लिए सभी मौजूदा प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण और मानचित्रण की जरूरत है। खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को यह बात कही। उन्होंने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की संचालन परिषद की चौथी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बेहतर प्रयोगशालाएं बेहतर मानकों के निर्माण के साथ ही प्रमाणन को सुविधाजनक बनाएंगी। उन्होंने मानक और गुणवत्ता के प्रति युवाओं को संवेदनशील बनाने के लिए बीआईएस द्वारा विद्यालयों में मानक क्लब बनाने की सराहना की। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक मंत्री ने कहा, युवा तकनीकी पेशेवरों और तकनीकी छात्रों को इन प्रयोगशालाओं में जाना चाहिए, ताकि उन्हें परीक्षण प्रक्रियाओं के बारे में पता चल सके।

## बोइंग 787 विमानों को गगन नेविगेशन प्रणाली का अनुपालन करना होगा

भाषा। नई दिल्ली

**विमान विनिर्माता** बोइंग के 787 ड्रीमलाइनर विमान को गगन नेविगेशन प्रणाली का अनुपालन करना होगा। सरकार ने इसके लिए बोइंग को दिसंबर, 2025 के अंत तक का समय दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इसके लिए विमान के डिजाइन में बड़े बदलाव की जरूरत होगी। गगन (जीपीएस एडेड जियो ऑगमेंटेड नेविगेशन) को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। नागर विमानन मंत्रालय ने 18 अगस्त को एक अधिसूचना जारी कर कहा कि बोइंग 787 विमानों को 31 दिसंबर, 2025 तक गगन अनुपालन से छूट दी गई है। मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एएआई और डीजीसीए (नागर विमानन महानिदेशालय) के साथ सलाह के बाद बोइंग 787 विमानों के लिए अनुपालन आवश्यकता की समयसीमा को बढ़ाया गया है। अधिकारी ने बृहस्पतिवार को को पीटीआई-भाषा को बताया, बोइंग ने बताया है कि 787 को गगन उपकरण के अनुरूप बनाने के लिए डिजाइन में बड़े परिवर्तन किए जाने हैं और इसके लिए उसने 2025 की चौथी तिमाही की समयसीमा बताई। इसके अनुरूप बोइंग 787 को छूट दी गई है। अधिकारी ने यह भी कहा कि केवल बोइंग 787 विमानों को गगन अनुपालन की समयसीमा में छूट दी गई है और अन्य सभी विमानों को अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। इस समय एयर इंडिया और विस्तार बोइंग 787 विमानों का संचालन करती हैं। एयर इंडिया के पास ऐसे करीब 27 विमान हैं, जबकि विस्तार के पास दो विमान हैं।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) SONALIKA RX-90 WORLD TRAC UP17AT3287- YOM 2017
MINIMUM RESERVE PRICE-124947.36

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 09.09.2022 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.,
PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313 OR
CONTACT : GUNJAN KUMAR SINGH
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 8510032426
EMAIL gunjan.singh1@kotak.com

## मोबाइल टावर लगाने के लिए अब प्राधिकरण से नहीं लेनी होगी अनुमति

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनियों को निजी संपत्तियों पर तार बिछाने या मोबाइल टावर अथवा खंभे लगाने के लिए किसी प्राधिकरण से मंजूरी लेने की जरूरत नहीं होगी। सरकार ने इस संदर्भ में हाल ही में मार्ग के अधिकार नियम को अधिसूचित किया है। सरकार ने विशेष रूप से 5जी सेवाओं के क्रियान्वयन को आसान बनाने के लिए छोटे मोबाइल रेडियो एंटीना लगाने या ऊपर से दूरसंचार तार ले जाने को लेकर बिजली के खंभे, फुट ओवरब्रिज आदि का उपयोग करने के लिए शुल्क के साथ नियमों को भी अधिसूचित किया। इस महीने 17 तारीख को जारी अधिसूचना में कहा गया है, लाइसेंस लेने वाली कंपनी अगर किसी निजी संपत्ति के ऊपर टेलीग्राफ बुनियादी ढांचे की स्थापना का प्रस्ताव करती है।

# गूगल ने प्ले स्टोर से कर्ज देने वाली 2,000 ऐप को हटाया

भाषा। नई दिल्ली

**गूगल ने** इस वर्ष जनवरी से अबतक भारत के प्ले स्टोर से कर्ज की पेशकश करने वाली दो हजार से अधिक ऐप को हटा दिया है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शर्तों का उल्लंघन, जानकारी को गलत तरीके से पेश करने और संदिग्ध ऑफ़लाइन व्यवहार के लिए इन ऐप के खिलाफ कार्वाई की गई है। प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी आने वाले हफ्तों में इस क्षेत्र में नीतियों को कड़ा करने की भी कोशिश कर रही हैं। गूगल के एशिया प्रशांत क्षेत्र के वरिष्ठ निदेशक एवं ट्रस्ट और सुरक्षा प्रमुख सैकत मित्रा ने कहा कि कंपनी उन सभी क्षेत्रों में विनियमों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है जिनमें वह संचालन करती है। उन्होंने डिजिटल मंचों पर होने वाले ऑनलाइन नुकसान को रोकने के लिए पर्याप्त प्रयास के सवाल पर कहा कि गूगल की प्राथमिकता और इसके मूल मूल्य हमेशा उपयोगकर्ता सुरक्षा के आसपास रहे हैं। मित्रा ने कहा, हमने जनवरी से लेकर अबतक ऋण की पेशकश करने वाली 2,000 से अधिक ऐप को भारत के प्लेस्टोर से हटाया है। यह कार्वाई प्राप्त सबूत और जानकारी, नीतियों के उल्लंघन, खुलासा करने वाली सूचना की कमी और गलत सूचना देने के आधार पर की गई है। उन्होंने सुझाव दिया कि ऋण ऐप समस्या चरम पर है और इस मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करने से इसका हल ढूंढा जा सकता है।

# सेंसेक्स 311 अंक टूटा, आईटी औ वित्तीय शेयर नुकसान में

भाषा। मुंबई



**घरेलू** शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को कारोबार के अंतिम आधे घंटे में तेज बिकवाली से शुरुआती बढ़त जाती रही और बीएसई सेंसेक्स 311 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबारियों के अनुसार, वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के निपटान के अंतिम दिन आईटी और बैंक शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर में गिरावट से भी धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स कारोबार के दौरान लगभग पूरे समय लाभ में रहा। लेकिन अंतिम आधे घंटे में तेज बिकवाली से यह 310.71 अंक यानी 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,774.72 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 82.50 अंक यानी 0.47 प्रतिशत टूटकर 17,522.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस में सबसे अधिक 1.81 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा पावरग्रिड, इन्फोसिस, टाटा कसंल्टेंसी सर्विसेज, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी और लार्सन एंड टुब्रो भी नुकसान में रहे। केवल पांच शेयर मारुति सुजुकी, भारतीय स्टेट बैंक, डॉ. रेड्डीज, कोटक महिंद्रा बैंक तथा टाइटन लाभ में रहे। इनमें 0.46 प्रतिशत तक की तेजी रही। कोटक सिक्योरिटीज लि. के इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, उतार-चढ़ाव के बीच अनिश्चित वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को देखते हुए वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों के निपटान के अंतिम दिन निवेशकों ने बिकवाली की।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the Public at large that Smt. Manju Roy W/o. Late Sh. Sarthak Kumar Roy is the 'Title Holder' in possession of 'Entire First Floor of Plot Bearing No. 15, Block-E, Greater Kailash - I, New Delhi with One Servant Quarter in the Basement and One Car Parking Space in the Stilt Area', hereinafter referred to as 'Schedule Property'. That Sh. Sarthak Kumar Roy had purchased Plot No. 15, Block-E, Greater Kailash - I, New Delhi from M/s. DLF Housing & Construction Pvt. Ltd. vide Sale Deed dated 21.12.1963, registered as Regn. No. 8876, Book No. 1, Vol. No. 1072, pp. 157-158 on 31.12.1963 in the Office of the Sub Registrar, Delhi. Sh. Sarthak Kumar Roy died intestate on 25.01.2004. Consequent to his death, the Schedule Plot was mutated in favour of Smt. Manju Roy (Wife & Sole Survivor) in the records of MCD vide Mutation Letter dated 17.03.2004. Smt. Manju Roy executed a Collaboration Agreement with M/s. Ishta Constructions Pvt. Ltd. through its Director, Sh. Ajay Sharma for re-development of the Schedule Plot. After completion of re-development, Smt. Manju Roy as per the terms of the Collaboration Agreement is the rightful legal owner and title holder of the Schedule Property, which is mutated in the name of Smt. Manju Roy vide Mutation Letter dated 12.07.2022. That the original Documents i.e. (i) Sale Deed dated 21.12.63, (ii) Re-Conveyance Deed dated 18.09.79, (iii) Mutation Letter dated 17.03.04, (iv) Collaboration Agreement with M/s. Ishta Constructions Pvt. Ltd., (v) Sanction for Construction Letter and (vi) Will dated 25.11.11 w.r.t. the Schedule Property, have been lost/ misplaced and are untraceable as on date, in lieu of which Information Report bearing LR No. 724575/2022 dated 25.08.2022 has been filed with Delhi Police. This notice is issued to Public at Large having any knowledge, custody or possession of lost/ misplaced documents, to come forward, to be delivered to the undersigned within 7 days from the date of this Publication.

**Apeksha Sharan**
**On Behalf of Mrs. Manju Roy**
**Mobile No. 9891639395**

# एसआई पर थाने बुलाकर किशोरी को शराब पिलाने और दुष्कर्म का आरोप

## महेशगंज में तैनात पुलिस उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह के विरुद्ध दुष्कर्म के आरोप और पॉक्सो कानून की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है

**प्रतापगढ।** प्रतापगढ़ जिले के महेशगंज थाने में तैनात एक दरोगा के खिलाफ एक किशोरी (16 वर्ष) को पहले थाने में बुलाकर जबरन शराब पिलाने और फिर उससे दुष्कर्म करने के आरोप में अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले की पुलिस जांच कर रही है, लेकिन दरोगा के खिलाफ अभी कोई कार्वाई नहीं की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) रोहित मिश्रा ने बृहस्पतिवार को बताया कि न्यायालय के आदेश पर महेशगंज में तैनात पुलिस उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह के विरुद्ध दुष्कर्म के आरोप तथा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण करने वाले पॉक्सो कानून की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि महेशगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने न्यायालय को शिकायती पत्र दिया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि दारोगा महेंद्र सिंह ने पिछली 30 जून को उसकी बेटी को पूछताछ के बहाने थाने में बुलाकर जबरन शराब पिलाई और उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप के मुताबिक दरोगा ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। मिश्रा ने बताया कि लड़की के घर से चले जाने से जुड़े हाल ही के एक मामले में पूछताछ के लिए दारोगा ने उसे थाने में बुलाया था। अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो कानून) पंकज कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने शिकायत पर सुनवाई करते हुए पुलिस उपनिरीक्षक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया था।

## ग्रामीण ने लगा ली फांसी परिजनों का आरोप, दारोगा के धमकाने पर उठाया कदम

**कन्नौज।** कन्नौज सदर कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर ठकुरान गांव में एक व्यक्ति ने दरोगा द्वारा कथित रूप से धमकाए जाने पर घबराकर फांसी लगा ली। इस घटना से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने बृहस्पतिवार को सड़क पर शव रखकर करीब तीन घंटे तक रास्ता जाम किया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर ठकुरान गांव में तुकमान (54) का शव खेत में बने उसके मकान में फंदे से लटका मिला। वह उस घर में अकेला रहता था। मृतक के दूर के रिश्ते में भाई अनिल ने बताया कि तुकमान पिछले 20 वर्ष से उसके घर पर रहकर काम कर रहा था। उसने बताया कि पिछली 21 अगस्त की रात को उसके सगे भाई कैलाश राठौर की घर के बाहर कुल्हाड़ी से गला काट कर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। अनिल ने आरोप लगाया कि जांच कर रहे दरोगा रोहित कुमार ने नामजद लोगों को पकड़ने के बजाय तुकमान को ही जेल भेजने की धमकी दी, जिससे घबराकर उसने आत्महत्या कर ली। इस घटना से नाराज तुकमान के परिजन और अन्य ग्रामीणों ने पूर्वी बाईपास पर शव रखकर करीब तीन घंटे तक रास्ता जाम किया। जाम की खबर मिलने पर उपजिलाधिकारी सदर उमाकांत तिवारी, क्षेत्राधिकारी शिव प्रताप सिंह, सदर कोतवाल आलोक कुमार दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। अधिकारियों द्वारा जांच कराकर दोषी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्वाई का आश्वासन दिए जाने के बाद जाम खुल सका। अपर पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार ने बताया

## इंस्पेक्टर पर लगा रेप का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली।** जांच के बहाने एक महिला को थाना इज्जतनगर में तैनात इंस्पेक्टर ने अपनी हवस का शिकार बना लिया।उसके साथ दुष्कर्म करने के साथ ही उसकी वीडियो भी बना ली। महिला ने दरोगा के विरुद्ध दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। एफआईआर दर्ज होते ही एसएसपी ने इंस्पेक्टर क्रांतिवीर को सस्पेंड कर उसके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू करा दी है। इस बीच गिरफ्तारी से बचने के लिए दुष्कर्म का आरोपी इंस्पेक्टर क्रांतिवीर थाना छोड़कर फरार हो गया है।शाहजहांपुर जिले का रहने वाली एक महिला ने आईजी बरेली रेंज को दिए शिकायती पत्र में लिखा कि साल 2021 में उसके पति से विवाद का मामला शाहजहांपुर न्यायालय में लंबित था। उसी से संबंधित एक शिकायती पत्र उसने थाना कोतवाली पर दिया था। आरोप है कि उस प्रार्थना की जांच करने के लिए थाने पर तैनात उपनिरीक्षक क्रांतिवीर उसके घर आए और जांच के दौरान दरोगा क्रांतिवीर ने महिला के साथ काफी हमदर्दी दिखाई जिससे महिला का दरोगा क्रांतिवीर के प्रति विश्वास बढ़ गया।क्रांतिवीर ने पति के खिलाफ कार्रवाई भरोसा देते हुए महिला के साथ रिश्ते बढ़ा लिए और कुछ दिन बाद खुद शादी का प्रस्ताव दिया।आरोप है कि शादी का झांसा देकर आरोपी इंस्पेक्टर ने महिला के साथ दुष्कर्म किया।आरोपी दरोगा क्रांतिवीर शादी करने के बहाने से महिला को शाहजहांपुर से बरेली कैंट स्थित अपने आवास पर ले आया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध भी बना लिए। महिला ने बताया कि दरोगा क्रांतिवीर ने उसे शादी का सर्टिफिकेट भी दिया, जो बाद में फर्जी निकला। उसके बाद महिला ने दरोगा क्रांतिवीर के बारे में जानकारी की तो पता चला कि वह पहले से शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं, जिस पर महिला और दरोगा क्रांतिवीर के बीच झगड़ा हो गया। तब दरोगा ने धमकी देते हुए कहा कि अगर उसने यह बात किसी को बताई तो वह उसे जान से मार देगा।महिला का आरोप है कि आरोपी दरोगा ने उसकी अश्लील वीडियो क्लिप बना रखी है, जिसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी है। उसी दौरान दरोगा क्रांतिवीर का प्रमोशन इंस्पेक्टर के पद पर हो गया और वह शाहजहांपुर से अपना तबादला करा कर बरेली आ गया। बरेली में कुछ दिन क्राइम ब्रांच में रहने के बाद उसने सिफारिश पर अपना तबादला इज्जतनगर थाने में करा लिया।महिला ने आईजी बरेली रेंज को क्रांतिवीर के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की, जिसके बाद आईजी ने एसएसपी को कार्रवाई के दिशा निर्देश दिए। अब एसएसपी स्त्यार्थ अनिरुद्ध पंकज के निर्देश पर कैंट थाने में इंस्पेक्टर क्रांतिवीर के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है।जैसे ही इंस्पेक्टर क्रांतिवीर को यह मालूम हुआ कि उसके खिलाफ महिला ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया है, तभी से इंस्पेक्टर क्रांतिवीर थाना छोड़कर फरार हो गया है। इस बारे में एसएसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज का कहना है आरोपी इंस्पेक्टर के खिलाफ थाना के थाना कैंट में महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच की जा रही है।



प्रयागराज में भारी बारिश के बाद गंगा नदी के तट पर दारागंज क्षेत्र में बाढ़ का नजारा

# ठकुराई गुट यूपी बोर्ड मुख्यालय पर देगा धरना

## तमाम मांगों को लेकर लिया है आंदोलन का निर्णय, मुख्यमंत्री को भेजेंगे ज्ञापन

**प्रयागराज।** तीन प्रमुख मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट ने 8 सितंबर को माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। धरना प्रदर्शन की जानकारी देते हुए ठकुराई गुट के प्रदेश महामंत्री लालमणि द्विवेदी ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा प्रदेश के अनेक जनपदों का वर्ष 2018 वर्ष 2019 तथा वर्ष 2020 की बोर्ड परीक्षा एवं मूल्यांकन संबंधी पारिश्रमिक का आज तक भुगतान नहीं किया गया। तीन वर्षों का शिक्षकों का कुल बकाया पारिश्रमिक लगभग 27 करोड़ रुपये है। पिछले दो वर्षों से लगातार बोर्ड और शासन के अधिकारियों से इस पर बात की जा रही है। पहले तो वे बराबर शीघ्र भुगतान कराने का आश्वासन देते रहे। पिछले कुछ महीनों से शासन और विभाग के अधिकारियों की बातचीत से ऐसा प्रतीत होने लगा है कि अब वह इसका भुगतान नहीं करना चाहते हैं। सरकार और बोर्ड शिक्षकों का लगभग 27 करोड़ रुपये का बकाया पारिश्रमिक हजम करना चाहते हैं। इसलिए विवश होकर संगठन ने निर्णय लिया है कि 8 सितंबर 2022 को यूपी बोर्ड के मुख्यालय प्रयागराज पर एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। इससे संबोधित ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा। श्री द्विवेदी ने बताया कि सरकार और यूपी बोर्ड ने कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए सभी विषयों में एनसीईआरटी पैटर्न पर आधारित अधिकृत एवं सस्ती पुस्तकें उपलब्ध कराने का प्रदेश भर में ढिंढोरा पीट रखा है। इस वर्ष का शैक्षणिक सत्र लगभग पांच महीने बीतने को है लेकिन बोर्ड द्वारा अधिकृत और सस्ती पुस्तकें मार्केट से गायब हैं। उनके स्थान पर उसी पाठ्यक्रम पर आधारित अनाधिकृत प्रकाशकों के द्वारा अनधिकृत पुस्तकें तीन से चार गुनी कीमत पर धड़ल्ले से बेची जा रही हैं और विद्यार्थी तथा अभिभावक किताबों को खरीदने के लिए मजबूर हैं। शासन और शिक्षा विभाग के शीर्षस्थ अधिकारी बार बार इस संबंध में सिर्फकोरा निर्देश जारी कर रहे हैं।अधिकारियों द्वारा लगातार निर्देश जारी किया जा रहा है कि किसी भी विद्यालय में किसी भी शिक्षक के द्वारा अनाधिकृत पुस्तक का प्रयोग नहीं किया जाएगा। इन्हीं सभी मुद्दों को लेकर 08 सितंबर को यूपी बोर्ड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन की योजना बनाई गई है।

**ई रिक्शा चालक की मौत , जताई हत्या की आशंका:** बरेली । एक ई रिक्शा चालक की बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने हत्या की आशंका जताई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।कैंट थाना क्षेत्र के गांव चनेहेटी निवासी मान सिंह के मकान में किराए पर रहने वाले अर्जुन पुत्र भूप राम कि बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि भूप राम ने लगभग 4 साल पूर्व विनीता से विवाह किया था और वह एक बेटे का पिता था बीती रात ई रिक्शा चलाकर घर लौटने के बाद इसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई और इलाज के लिए डॉक्टर के पास ले जाते समय रास्ते मैं ही दम तोड़ दिया घरवालों ने पत्नी विनीता और उसके मायके वालों पर अर्जुन की हत्या का आरोप लगाया।

# हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट के अधिवक्ताओं ने दूसरे दिन न्यायिक कार्य बहिष्कार किया। बार एसोसिएशन ने 26 अगस्त को भी हड़ताल पर जाने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया है। वकीलों की हड़ताल के कारण हाईकोर्ट में न्यायिक कार्य बुरी तरह से प्रभावित हुआ।मुकदमों की सुनवाई से जुड़ी तकनीकी समस्याओं का निराकरण न होने के कारण अधिवक्ता आंदोलित हैं। गुरुवार को भी मुकदमों की सुनवाई न होने पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए वादकारी निराश हुए। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने गुरुवार शाम अध्यक्ष आर के ओझा की अध्यक्षता में बैठक कर कार्य बहिष्कार शुक्रवार को भी जारी रखने का निर्णय लिया। इससे पूर्व मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल और सात वरिष्ठ न्यायमूर्तियों के साथ बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक हुई। मुख्य न्यायाधीश वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मौजूद थे। उन्होंने बार की परेशानियों पर विचार कर हल निकालने के लिए समय मांगा और कहा कि सभी मिलकर आ रही कठिनाइयों का समाधान निकालेंगे। इसके बाद नवीन पदाधिकारी कक्ष में हुई बैठक में बार कार्यकारिणी ने मुख्य न्यायमूर्ति से आग्रह किया गया कि एक निश्चित रूपरेखा तैयार की जाए। जिससे बार एसोसिएशन के सदस्यों को अवगत कराया जा सके।मुख्य न्यायमूर्ति के आग्रह पर कार्यकारिणी के पदाधिकारियों और वरिष्ठ अधिवक्ता वीपी श्रीवास्तव राकेश पांडेय आई के चतुर्वेदी अमरेंद्र नाथ सिंह ओम प्रकाश सिंह जीएस चतुर्वेदी अशोक मेहता मनीष गोयल और महेंद्र बहादुर सिंह सहित कई अधिवक्ताओं तथा न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर न्यायमूर्ति मनोज मिश्र न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल न्यायमूर्ति एसपी केसरवानी



न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्र न्यायमूर्ति विवेक चौधरी के साथ मुख्य न्यायमूर्ति ने लखनऊ से वर्चुअली वार्ता की। वार्ता के दौरान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन से भेजे गए पूर्व प्रस्ताव के तहत सभी समस्याओं पर विचार विमर्श हुआ। उसके बाद मुख्य न्यायमूर्ति ने कहा कि उक्त समस्याओं पर समाधान का प्रयास करेंगे। वार्ता के सभी विषय कार्यकारिणी के समक्ष भी रखा गया। कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने विस्तारपूर्वक विचार विमर्श किया और यह पाया कि विगत मार्च से लेकर अगस्त तक कई चक्र के विचार विमर्श के बाद भी समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। इसलिए कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से शुक्रवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है। बैठक का संचालन महासचिव सत्यधीर सिंह जादौन ने किया। कार्यकारिणी के अलावा अतुल पांडेय संतोष कुमार मिश्र राजेश खरे जूनियर लायर्स एसोसिएशन के सचिव जी पी सिंह प्रबुद्ध अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद शुक्ल वी सी श्रीवास्तव अशोक कुमार सिंह राजीव शुक्ला विनय शंकर तिवारी सहित सैकड़ों वकीलों ने हड़ताल को सफल बनाने के लिए प्रदर्शन किया। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र उपाध्यक्ष सुरेंद्र नाथ मिश्र धर्मेंद्र सिंह यादव सत्यम पांडेय और श्यामा चरण त्रिपाठी मुनचुन संयुक्त सचिव संजय सिंह सोमवंशी यादवेश यादव आशुतोष त्रिपाठी और ऊष्मा मिश्रा कोषाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह गवर्निंग काउंसिल सदस्य पूजा सिंह प्रियंका शर्मा अन्नपूर्णा सिंह चंदेल राखी कुमारी अनुज कुमार सिंह जितेंद्र सिंह दिलीप कुमार यादव अनुराग शुक्ल अभिषेक तिवारी सैयद फैज हसनैन अखिलेश कुमार शुक्ल हरि मोहन केसरवानी दीपांकर द्विवेदी मानव चौरसिया एवं विक्रांत नीरज उपस्थित रहे।

## आरपीएफ ने गोरखधाम एक्सप्रेस से दो व्यक्तियों के साथ 16 बच्चों को पकड़ा

**संतकबीरनगर।** रेलवे स्टेशन खलीलाबाद पर आज शाम लगभग सवा छह बजे गोरखधाम एक्सप्रेस ट्रेन की जनरल बोगी में दो संदिग्ध व्यक्तियों के साथ यात्रा खर रहे 16 बच्चों को आरपीएफ के उप निरीक्षक सुनील कुमार कसाना ने अपने हमराहियों के साथ पकड़ लिया। बाद में उन्हें बस्ती ले जाकर निरीक्षक आरपीएफ व जीआरपी तथा स्टेशन मास्टर के माध्यम से बाल कल्याण समिति को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि गोरखधाम सुपरफास्ट एक्सप्रेस के जनरल बोगी से कर्नाटक जा रहे विदेशी 16 नाबालिग बच्चों को देखकर उन्हें संदेह हुआ तो हमराहियों के साथ बोगी में चढ़कर दोनों व्यक्तियों को अभिरक्षा में लेते हुए बच्चों को भी कब्जे में ले लिया गया तथा इसकी सूचना आरपीएफ बस्ती के निरीक्षक व जीआरपी को भी दी गई। बस्ती रेलवे स्टेशन से आरपीएफकी टीम ने गोरखधाम सुपरफास्ट एक्सप्रेस के जनरल बोगी से 16 नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू करते हुए दो लोगों को हिरासत में ले लिया। बच्चों को बाल कल्याण समिति को सौंप दिया गया है। सभी बच्चे 06 से 12 साल के बीच के हैं। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ जारी है।

**ट्रक की टक्कर से युवक घायल:** बरेली । सड़क पर जा रहे एक युवक को ट्रक नें टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला समाधि गोटिया निवासी विक्की रस्तोगी पुत्र कमलेश रस्तोगी को बीती रात घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां विक्की ने बताया कि वह कल रात लगभग 9 बजे खाना खाने के बाद टहलने के लिए घर से बाहर गया था।

# गलाघोटू को लेकर प्रशासन अलर्ट डीएम ने टीम के साथ संभाला मोर्चा

**आलोक निगम।** बांदा

**यहां** डिप्थीरिया (गलाघोटू) बीमारी का संक्रमण फैला हुआ है। इसी के तहत आज तहसील सदर के विकास खण्ड बडोखर खुर्द की ग्राम पंचायत त्रिवेणी में डिप्थीरिया बीमारी की खबर पर आज जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने उप जिलाधिकारी सदर सुरभि शर्मा, तहसीलदार पुष्पकए डिप्टी कलेक्टर प्रशिक्षु श्वेता साहू, डिप्टी कलेक्टर प्रशिक्षु यादुवेन्द्र सिंह, खण्ड विकास अधिकारी अजय पाण्डेयए जिला पंचायत राज अधिकारी अजय आनंद सरोजए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल श्रीवास्तव अपनी मेडिकल टीम सहित विगत चार दिनों से गॉव में कैम्प लगवाकर मरीजों करा कर लोगों का उपचार कर रहे हैं। प्रमुखता से डिप्थीरिया जैसे लक्षण वाले रोगियों को मेडिसिन एजिथ्रोमाइसिन एन्टीबायोटिक वजन के अनुसार दी जा रही है। एजिथ्रोमाइसिन 10 एम0जी0 प्रति किलोग्राम अधिकतम 500 एम0जी0 प्रतिदिन एक बार तीन से पॉच दिन के लिए दी जा रही हैं। साथ ही सर्दीए जुकामए बुखारए उल्टीए दस्तए दर्द आदि के लिए भी ग्रामीणों को दवाइयां दी जा रही हैं। स्वास्थ्य टीम में डॉ0 शिव प्रतापए डॉ0 अर्चना भारतीए एम0डी0 शरीफए जियाउद्दीन साथ रहे।



साथ ही डिप्थीरिया के लक्षण वाले बच्चों का सैम्पल लिया गया। जांच टीम में अभिषेक खरेए लैब टेक्नीशियन दिनेश कुमारए अभय प्रताप ने 06 टीमों के द्वारा ए0एन0एम0 ने पूरे गॉव में 0 से 15 वर्ष म 188 बच्चों का डी0पी0टी0 टीकाकरण कराया। 7 वर्ष के ऊपर 202 बच्चों ां टी0 डी0 का टीका लगाया गयाए जिसमें आज 09 ससपेक्टेड डिप्थीरिया के लक्षण वाले बच्चों के सैम्पल पी0जी0आई0 लखनऊ भेंजे गये हैं। 56 लोंगो की मलेरिया जांच कार्ड स्लाइड से की गईए जिसमें सभी रिपोर्ट निगेटिव आयीं।जिलाधिकारी ने प्रशासनिक टीम के साथ त्रिवेणी ग्राम पहुंचकर किया औचर निरीक्षण। जिलाधिकारी ने ग्राम त्रिवेणी में घर.घर जाकर बच्चों के स्वास्थ्य एवं उपचार सम्बन्धी जानकारी प्राप्त किया जिस पर पाया गया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरी मुस्तैदी के साथ अश्वस्थ बच्चों की देखभाल एवं उपचार की पूरी व्यवस्था की जा रही है। ग्राम के लोंगो द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरी सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। इसके पश्चात जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने प्रा0विद्यालय नई बस्ती का निरीक्षण कियाए जिसमें प्रधानाचार्य मंजू श्रीवास्तव उपस्थित थींए निरीक्षण के दौरान बताया गया कि विद्यालय में कुल 114 बच्चे हैंए जिसमें आज 85 बच्चे उपस्थित पाये गये। प्राइमरी स्कूल अग्रेजी माध्यक का भी निरीक्षण किया जहां पर प्रधानाचार्य प्रतीक्षा गुप्ता उपस्थित थी। जानकारी करे पर बाताया गया कि कुल 62 बच्चे हैंए जिसमें आज 53 बच्चे उपस्थित पाये गये।

# प्रभारी मंत्री ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

**संतकबीरनगर।** जनपद के प्रभारी मंत्री रविन्द्र जायसवाल बृहस्पतिवार की देर शाम सिद्वार्थनगर जनपद से जनपद में पहुॅचकर संयुक्त जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होने वार्ड में भर्ती मरीजो को मिल रहे स्वास्थ्य सेवाओ की जानकारी ली। प्रभारी मंत्री ने स्वास्थ्य टीम के साथ डायलसिस वार्ड में पहुॅचकर व्यवस्थाओ की जानकारी ली। उन्होने निरीक्षण के बाद सीएमओ डॉ0 अनिरूद्व सिंह व सीएमएस ओ0पी.0 चतुर्वेदी से जिला अस्पताल में दवाओ की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। तदोपरान्त खलीलाबाद नगर पालिका क्षेत्र के मलिन बस्ती का निरीक्षण करने के लिए जिला अस्पताल से निकल गये। इस दौरान उनके साथ खाद्य एवं रसद मंत्री, विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी, विधायक गणेश चन्द्र चौहान, जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल,



पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार, सीडीओ अतुल मिश्र सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**आरएसी की बैठक:** बरेली। तेलंगाना में भाजपा विधायक टी. राजा सिंह की ओर से पैगम्बर-ए-इस्लाम हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम की शान में गुस्ताख़ी और गुजरात में बिलक़ीस बानो के गुनाहगारों की रिहाई के मुद्दे पर ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी की बैठक में जबरदस्त नाराजगी और विरोध जताया गया। इस बैठक में आरएसी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के अलावा उल्मा ए इकराम भी शरीक हुए। इस मौक़े पर नबीरा-ए-आला हजरत व आरएसी के नायब सदर मौलाना अदनान रजा क़ादरी ने कहा कि मुसलमानों को परेशान करने वाली ये हरकतें करने वाले नेताओं को भाजपा के शीर्ष नेताओं का सीधा संरक्षण हासिल है।

# राष्ट्रीय तलवारबाजी में छा गए ब्रज के लाडले

## होनहारों ने सिल्वर और कांस्य पदक जीते एसएससीए समाजसेवियों ने तलवारबाजों को किया सम्मानित

**मथुरा।** पांचवी चाइल्ड राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता में ब्रज के दो खिलाड़ियों ने सिल्वर व कांस्य पदक जीतकर ब्रज का नाम रोशन किया है, इस उपलब्धि पर आज उनका मथुरा में जोशीला स्वागत हुआ। महाराष्ट्र के नासिक में पांच से सात अगस्त तक हुई 11वीं मिनी और 5वीं चाइल्ड राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप में ब्रज के दो खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर कई पदक अपने नाम किए।

बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव प्रमुख समाजसेवी व भाजपा नेता शोभाराम शर्मा द्वारा दोनों तलवारबाजों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसएसपी ने कहा कि यह मथुरा के लिए गौरव की बात है कि राष्ट्रीय तलबारबाजी की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हमारे जनपद के खिलाड़ियों ने पदक जीते हैं। उन्होंने दोनों तलवारबाजों को बधाई देते हुए कहा कि उनसे और भी खिलाड़ी प्रोत्साहित होंगे और अपने परिवार के साथ साथ जनपद का भी नाम रोशन करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता शोभाराम शर्मा ने कहा कि अब मथुरा के खिलाडी भी खेलों के क्षेत्र में एक नई पहचान बना रहे हैं। एनयूजेआई के राष्टीय सचिव एवं ब्रज प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉण् कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने दोनों



तलवारबाजों और उनके कोच को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि टीम भविष्य में भी इसी प्रकार बेहतरीन प्रदर्शन करती रहेगी। तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष श्री उपमन्यु ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 से 7 अगस्त 2022 तक नासिक ;महाराष्ट्रद्ध में मिनी राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। इस प्रतियोगिता में पूरे भारत से 145 बच्चों ने प्रतिभाग किया। उत्तर प्रदेश तलवारबाजी टीम की ओर से सेबर इवेंट में मथुरा के 2 तलवारबाजों ने प्रतिभाग किया था। मथुरा के तलवारबाज नरेश ने एकल वर्ग में सिल्वर मेडल एवं टीम स्पर्धा में हित प्रताप एवं नरेश ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। नरेश ने एकल स्पर्धा एवं टीम स्पर्धा दोनों में पदक जीते। दोनों ही तलवारबाज मथुरा फेंसिंग अकैडमी में एनआईएस प्रशिक्षक पवन शर्मा एवं एनआईएस प्रशिक्षक उमाशंकर से प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इससे पहले भी यह दोनों तलवारबाज

# लक्ष्य को हराकर प्रणय क्वार्टर फाइनल में

## ● बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप :साइना बाहर , कपिला-अर्जुन, सात्विक. चिराग भी अंतिम आठ में





**भाषा।** तोक्यो

**भारत के एच एस** प्रणय ने शानदार वापसी करते हुए हमवतन और राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन लक्ष्य सेन को हराकर बृहस्पतिवार को बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि पुरुष युगल में ध्रुव कपिला और एम आर अर्जुन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी भी अंतिम आठ में पहुंच गई। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल महिला एकल प्री क्वार्टरफाइनल में कड़ी चुनौती पेश करने के बाद बुसानन ओंगबाम्रुंगफान से हारकर बाहर हो गईं। लक्ष्य और प्रणय का मैच करीब सवा घंटे तक चला जिसमें प्रणय ने 17-21, 21- 16, 21-17 से जीत दर्ज की। इस जीत के बाद दोनों के बीच जीत हार का रिकॉर्ड 2 -2 का हो गया है। अब प्रणय का सामना चीन के झाओ जुन पेंग से होगा। उनके अलावा दो भारतीय पुरूष युगल जोड़ी क्वार्टरफाइनल में पहुंचने में सफल रहीं। अर्जुन और कपिला की गैर वरीय जोड़ी ने 58 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में सिंगापुर के टैरी ही और लोह कीन हीन पर 18-21, 21-15, 21-16 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना इंडोनेशिया के मोहम्मद असान और हेंड्रा सेतियावान से होगा। कपिला और अर्जुन ने दूसरे दौर में आठवीं वरीयता प्राप्त और पिछली बार के कांस्य पदक विजेता डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन को हराया था। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने डेनमार्क के जेप्पा बे और लासे मोल्हेडे की जोड़ी को 35 मिनट में 21-12 21-10 से हरा दिया। अब उनका सामना क्वार्टरफाइनल में जापान के ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की दूसरी वरीय जोड़ी से होगा। वहीं साइना को थाईलैंड की प्रतिद्वंद्वी से 17-21 21-16 13-21 से हार मिली। इस जीत से बुसानन का साइना के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 5-3 हो गया है। बुसानन ने शुरूआती गेम में 11-3 की बढ़त हासिल कर ली जिससे साइना दबाव में आ गईं। हालांकि भारतीय खिलाड़ी ने इस अंतर को कम करते हुए 17-19 कर लिया लेकिन थाईलैंड की खिलाड़ी ने आसानी से पहला गेम जीत लिया। पर पहले गेम के अंत में वापसी ने साइना को आत्मविश्वास दिया और पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ब्रेक तक 11-7 से आगे हो गई। उन्होंने आक्रामक खेलते हुए मैच निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। तीसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी। पर बुसानन ने लय हासिल करनी शुरू दी और पांच अंक की बढ़त बनाई। वहीं साइना धीरे धीरे पिछड़ती रहीं और 26 साल की बुसानन ने सात मैच प्वाइंट से अपना क्वार्टरफाइनल स्थान पक्का किया।

## हांगकांग ने एशिया कप के लिए क्वालीफाई किया

**भाषा।** दुबई

**हांगकांग में** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को आठ विकेट से हराकर एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया जहां उसे भारत और पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। यूएई और हांगकांग के लिए एशिया कप क्वालीफायर्स का अंतिम मैच फाइनल जैसा था। अल अमेरात में बुधवार को खेले गए मैच में यूएई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 147 रन बनाए। उसकी तरफ से चुंदंगापॉयल रिजवान ने 49 और जावर फरीद ने 43 रन का योगदान दिया। हांगकांग के लिए एहसान खान ने 24 रन देकर चार जबकि आयुष शुक्ला ने 30 रन देकर तीन विकेट लिए। हांगकांग में 19.3 ओवर में दो विकेट पर 149 रन बनाकर जीत दर्ज की। निजाकत खान (39), यासिम मुर्तजा (58) और बाबर हयात (नाबाद 38) ने हांगकांग की जीत में अहम भूमिका निभाई। हांगकांग ने क्वालीफायर में अपने तीनों मैच जीते और वह छह अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर रहा। उसने दूसरी बार एशिया कप में जगह बनाई है। इससे पहले वह 2018 में भी इस प्रतियोगिता का हिस्सा था। यूएई में 27 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप में हांगकांग 31 अगस्त को भारत और दो सितंबर को पाकिस्तान का सामना करेगा।

# न्यूजीलैंड श्रृंखला में भारत ए टीम के कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे कोटक



**भाषा।** नई दिल्ली

**न्यूजीलैंड ए** के खिलाफ एक सितंबर से शुरू हो रही आगामी श्रृंखला में सितांशु कोटक भारत ए टीम की कोचिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। पूर्व भारतीय लेग स्पिनर साईराज बहुतुले बेंगलुरू और हुबली में तीन टेस्ट मैचों और चेन्नई में तीन वनडे के लिए कोचिंग स्टाफ में कोटक के साथ जुड़ेंगे। सामान्यत: राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख ही ए टीमों के मुख्य कोच होते हैं लेकिन वीवीएस लक्ष्मण को राहुल द्रविड़ के कोविड-19 पॉजिटिव आने के बाद सीनियर टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया है तो कोटक को यह भूमिका दी गई है। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के पास एनसीए के अंतर्गत कोचों का पूल है जिन्हें ए, एमर्जिंग (अंडर 20) और अंडर-19 टीमों के दौरों के लिए रोटेट किया जाता है। कभी कभार उन्हें सीनियर टीम के दौरों पर भी भेजा जाता है जैसे कोटक आयरलैंड में टीम के साथ थे और ऋषिकेश कानिटकर जिम्बाब्वे में थे। कानिटकर के अंडर-23 एमर्जिंग इंट्रा एनसीए टूर्नामेंट की देखरेख करने की संभावना है।

## दलीप ट्राफी : मंदीप उत्तर क्षेत्र के कप्तान, तिवारी करेंगे पूर्वी क्षेत्र की अगुआई





**नई दिल्ली।** पंजाब के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मंदीप सिंह को आगामी दलीप ट्राफी के लिए गुरुवार को उत्तर क्षेत्र की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। यह टूर्नामेंट तमिलनाडु मे आठ से 25 सितंबर तक खेला जाएगा। दिल्ली के अनुभवी बल्लेबाज ध्रुव शोरे उप कप्तान होंगे। वही बंगाल के अनुभवी मनोज तिवारी पूर्वी क्षेत्र की टीम की कमान संभालेंगे। झारखंड के विराट सिंह उप कप्तान होंगे। भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने खुद को रणजी ट्राफी के लिए उपलब्ध कराया है। उत्तर क्षेत्र की टीम मे भारतीय तेज गेंदबाज नवदीप सैनी, पंजाब के तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल और भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान दिल्ली के यश धुल भी शामिल है। उत्तर क्षेत्र की टीम : यश धुल (दिल्ली), ध्रुव शौरी (उप-कप्तान, दिल्ली), मनन वोहरा (उत्तराखंड), मनदीप सिंह (कप्तान, पंजाब), हिमांशु राणा (हिमाचल प्रदेश), आकाश वशिष्ठ (हिमाचल प्रदेश), अनमोल मल्होत्रा (विकेटकीपर, पंजाब), मयंक डागर (हिमाचल प्रदेश), पुलकित नारंग (सेना), नवदीप सैनी (दिल्ली), सिद्धार्थ कौल (पंजाब), जगजीत सिंह (उत्तराखंड), निशांत सिंधु (हिमाचल प्रदेश), कामरान इक्बाल (जम्मू कश्मीर), विकास मिश्रा (दिल्ली)। **पूर्वी क्षेत्र की टीम:** मनोज तिवारी (कप्तान), सुदीप कुमार घरामी, अनुष्टुप मजूमदार, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), शाहबाज अहमद, ईशान पोरेल, आकाश दीप (सभी बंगाल के), विराट सिंह (उप-कप्तान), नाजिम सिद्दीकी, कुमार कुशाग्र, शाहबाज नदीम (सभी झारखंड), मुख्तार हुसैन, रियान पराग (असम), मणिशंकर मुरा सिंह (त्रिपुरा), शांतनु मिश्रा (ओडिशा)।

## स्वदेशी खेलों पर बैठक

**लखनऊ।** के.डी.सिंह बाबू स्टेडियम में अजय सेठी क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी लखनऊ की अध्यक्षता में 29 अगस्त 22 को खेल दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले स्वदेशी खेलों के सम्बन्ध में एक बैठक आहूत की गयी जिसमें नॉन ओलम्पिक एसोसिएशन के जनरल सेक्रटरी ए.के.सक्सेना ,चेस स्पोर्टस के ए.के.रायजादा, कैरम के अनिल कुमार अस्थाना, टेनिस बॉल के राकेश गुप्ता, हीरालाल केशवानी, रामू पाण्डेय तथा ललित प्रकाश पाण्डेय आदि मौजूद रहें। नॉन ओलम्पिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में सतौलिया (पिट्टू), गिल्ली डंडा, बोरी रेस, लेमन रेस, खो-खो, स्लो साईकिलिंग, गिप्पल तथा फिटनेस बॉल के साथ-साथ नवाबी शतरंज खेलों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें युवा खिलाड़ी व स्कूलो के बच्चे भाग लेगें। इस आयोजन का शुभारम्भआर.पी.सिंह निदेशक खेल करेगे तथा समापन व पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि के रूप अवनीश सिंह अध्यक्ष उप्र क्रीड़ा भारती व अजय दीप सिंह आई.ए.एस (से.नि.) अध्यक्ष उप्र नॉन ओलम्पिक एसोसिएशन/ प्रदेश अध्यक्ष - मिशन मोदी अगेन पी.एम. उपस्थित रहेगे।

## बैडमिंटन टूर्नामेन्ट शुरू

**लखनऊ।** योनेक्स सनराईज श्री सुविधा फ ाउण्डेशन उप्र द्वितीय मेजर बैडमिंटन टूर्नामेन्ट की शानदार शुरुआत हो गई। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन विराज सागर दास चेयरमैन.उप्र बैडमिंटन संघ एवं उपाध्यक्ष भारतीय बैडमिंटन संघ के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में बैडमिंटन संघ के उपाध्यक्ष.ी अखिलेश कालरा, अरूण कुमार कक्कड, कोषाध्यक्ष, आनन्द खरे एवं लखनऊ बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष,राम मोहन अग्रवालए कोषाध्यक्ष, संदीप अग्रवाल, तथा मुख्य निर्णायक रवीन्द्र चौहान एवं देवेन्द्र कौशल, साईं कोच भी उपस्थित रहें। अन्त में बैडमिंटन संघ के सचिव. सुधर्मा सिंह नें प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि तथा खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया।

## आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे के लिए बोल्ट न्यूजीलैंड टीम में

**वेलिंगटन।** ट्रेंट बोल्ट को आस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले महीने होने वाली चैपल . हैडली वनडे क्रिकेट श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड टीम मे शामिल किया गया है। उन्होंने हाल ही मे क्रिकेट न्यूजीलैंड के साथ अपना केंद्रीय अनुबंध रद्द कर दिया था। बोल्ट समेत पांच तेज गेंदबाजो को न्यूजीलैंड की 15 सदस्यीय टीम मे जगह दी गई है जो तीन वनडे मैचों की श्रृंखला खेलेगी। पसली की चोट से उबरे मैट हेनरी की भी टीम मे वापसी हुई है।

## डूरंड कप : आर्मी ग्रीन और सुदेवा दिल्ली ने गोलरहित ड्रा खेला

**गुवाहाटी।** आर्मी ग्रीन ने दूसरे हाफ मे मौके गंवाए जिससे उसे गुरुवार को यहां डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप डी मैच में सुदेवा दिल्ली एफसी से गोलरहित ड्रा से संतोष करना पड़ा। सुदेवा ने पहले हाफ मे दबदबा बनाए रखा जिससे आर्मी ग्रीन को काफी मुश्किल हो रही थी। लेकिन आर्मी ग्रीन के खिलाड़ियों ने दूसरे हाफ मे काफी मौके बनाए पर सुदेवा के डिफेंस ने उन्हे कोई गोल नही करने दिया। इस ड्रा से आर्मी ग्रीन के दो मैचों में चार अंक है जबकि सुदेवा के इतने ही मैचों में दो अंक है।

# भूटिया ने अध्यक्ष पद के लिए नए सिरे से नामांकन भरा

**भाषा।** नई दिल्ली




● एआईएफएफ चुनाव

● चौबे सबसे आगे



**दिग्गज फुटबॉल** खिलाड़ी और पूर्व भारतीय कप्तान बाइचुंग भूटिया ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के दो सितंबर को होने वाले चुनाव के लिए गुरुवार को अध्यक्ष पद के लिए नए सिरे से नामांकन भरा, जिससे उनके और पूर्व गोलकीपर कल्याण चौबे के बीच सीधी भिड़ंत तय है। पर इसमें चौबे फ्रंट रनर (प्रबल दावेदारों में बढ़त बनाए) के तौर पर सामने आ रहे हैं। पदम श्री से सम्मानित 45 वर्षीय फुटबॉलर भूटिया के नाम का प्रस्ताव आंध्र फुटबॉल संघ ने किया जबकि राजस्थान फुटबॉल संघ ने उसका अनुमोदन किया। मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के पूर्व गोलकीपर तथा पश्चिम बंगाल में भाजपा के नेता कल्याण चौबे को भी अध्यक्ष पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। चौबे के नाम का प्रस्ताव गुजरात फुटबॉल संघ ने किया जबकि उसका अनुमोदन अरुणाचल प्रदेश फुटबॉल संघ ने किया। चौबे ने 2019 में पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर से लोकसभा चुनाव लड़ा था लेकिन इसमें हार गए थे। एआईएफएफ के सूत्रों के अनुसार अगर रणनीति में अंतिम मिनट में कोई बदलाव नहीं होता है तो दो सितंबर को होने वाले चुनाव में केवल भूटिया और चौबे ही अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल होंगे। निर्वाचन अधिकारी उमेश सिन्हा ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद 34 सदस्ईय निर्वाचक मंडल पहले ही तैयार कर दिया है। उच्चतम न्यायालय ने फीफा महिला अंडर-17 विश्व कप बचाने की मुहिम में सोमवार को प्रशासकों की समिति (सीओए) को खत्म कर अपने पूर्व आदेश को बदल दिया था। पता चला है कि कई राज्य संघों ने बुधवार को यहां बैठक में एआईएफएफ अध्यक्ष पद के लिए चौबे को अपने उम्मीदवार के रूप में आम सहमति देने का फैसला किया है। राज्य संघ के एक अधिकारी ने कहा, कल्याण चौबे के नाम पर सभी राज्य संघों में आम सहमति है। लेकिन अंतिम मिनट में कुछ संघों ने भूटिया को समर्थन देने का फैसला किया जो कुछ मुद्दों पर खुश नहीं हैं। भूटिया ने कहा, मैंने एआईएफएफ अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन भर दिया है और मुझे लगता है कि मैं इस पद के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति हूं। उन्होंने कहा, मैंने देश के लिए और शीर्ष क्लबों के लिए इतने अधिक मैच खेले हैं तथा मैं प्रशासन के बारे में भी थोड़ा बहुत जानता हूं क्योंकि मैं खेल मंत्रालय थे मिशन ओलंपिक विभाग और कई अन्य समितियों में हूं। मैं चाहता हूं कि भारतीय फुटबॉल नई उंचाइयों पर पहुंचे। भूटिया ने इससे पहले भी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा था। तब उनके नाम का प्रस्ताव उनके पूर्व साथी खिलाड़ी दीपक मंडल ने किया था जबकि प्रतिष्ठित महिला फुटबॉलर मधु कुमारी ने उसका अनुमोदन किया था। फुटबॉल दिल्ली के अध्यक्ष शाजी प्रभाकरण ने इस बार चुनाव में नहीं खड़े होने का फैसला किया है, हालांकि उन्होंने तब नामांकन पत्र दाखिल किया था जब उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त सीओए के अंतर्गत चुनाव कराए जाने थे। सूत्रों के अनुसार अगर चौबे की अगुआई वाला ग्रुप चुनाव जीतता है तो प्रभाकरण एआईएफएफ के महासचिव बन सकते हैं। कांग्रेस विधायक और कर्नाटक संघ के अध्यख प्रमुख एन ए हैरिस का निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना जाना तय है क्योंकि उन्हें एआईएफएफ की ज्यादातर राज्य इकाईयों का समर्थन मिला है। एक अन्य पद जिसके लिए मुकाबला हो सकता है, वह कोषाध्यक्ष पद है। अरूणाचल प्रदेश के किपा अजय का आंध्र प्रदेश के गोपालकृष्णा कोसाराजू के खिलाफ आसानी से जीत दर्ज करने की उम्मीद है। कार्यकारी समिति के सदस्यों के 14 पद के लिए 13 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है और इन सभी के बिना किसी परेशानी के चुने जाने की उम्मीद है।

ए जीपी पालगुना, अविजीत पॉल, पी अनिलकुमार, वलांका नताशा अलेमाओ, मालोजी राजे छत्रपति, मेनला इथेंपा, मोहन लाल, आरिफ अली, के नेबोऊ सेखोसे, लालनघिंगलोवा हमार, दीपक शर्मा, विजय बाली औ सैयद इम्तियाज हुसैन हैं। चुनाव एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष और 14 कार्यकारी समिति सदस्यों के लिए होना है। छह पूर्व खिलाड़ी - चार पुरूष और दो महिलाएं - को बाद में मतदान अधिकार के साथ कार्यकारी समिति सदस्यों में जोड़ा जाएगा। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख शनिवार दोपहर एक बजे तक है। वे सोमवार को दोपहर एक बजे तक अपनी उम्मीदवारी वापस ले सकते हैं।

## फुटबॉल ढांचे में सुधार किया गया तो विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर सकती हैं टीमें : भूटिया

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान बाइचुंग भूटिया ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरने के बाद कहा यदि देश के फुटबॉल ढांचे मे जमीनी स्तर पर सुधार किया जाता है तो भविष्य मे भारत की सीनियर और आयु वर्ग की टीमें योग्यता के आधार पर विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर सकती है। अपने जमाने के दिग्गज फुटबॉलर भूटिया ने एआईएफएफ के दो सितंबर को होने वाले चुनावो के लिए गुरुवार को अध्यक्ष पद का नामांकन भरा। आंध्र फुटबॉल संघ ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा जबकि राजस्थान फुटबाल संघ ने उसका अनुमोदन किया। भूटिया ने पीटीआई से कहा, भारतीय टीम मे चाहे वह आयु वर्ग मे हो या सीनियर टीम आगामी वर्षो मे योग्यता के आधार पर विश्वकप के लिए क्वालीफाई कर सकती है, लेकिन इसके लिए सुधार करने और देश की फुटबॉल प्रणाली को साफ सुथरा बनाने की जरूरत है। हमे जमीनी स्तर पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। इसके अलावा हमे राज्य संघो पर अधिक ध्यान देना होगा क्योकि प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी राज्यों से ही आते है। इसलिए राज्यों को दिए जाने वाले बजट मे बढ़ोतरी की जाएगी। भारत की पुरुष टीम ने 2017 मे फीफा अंडर-17 विश्व कप मे भाग लिया था क्योकि वह तब मेजबान था। महिला टीम भी अक्टूबर मे फीफा अंडर-17 विश्व कप मे भाग लेगी क्योकि उम्मीद है कि एआईएफएफ से प्रतिबंध हट जाएगा और भारत इस प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। भारत की तरफ से 100 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बाद 2011 मे सन्यास लेने वाले 45 वर्षीय भूटिया ने कहा कि यदि वह अध्यक्ष बनते है तो राज्य संघों को अधिकपैसा देने की कोशिश करेंगे। मे दो चीजो पर ध्यान देने की जरूरत है। एक जमीनी स्तर पर फुटबॉल का विकास करना और दूसरा राज्य संघो को अधिक बजट देना। जमीनी स्तर पर विकास का कोई विकल्प नही है और यह सभी जानते है।

## भारत-पाक टी20 विश्व कप मैच के अनारक्षित टिकट आईसीसी ने जारी किए

**भाषा।** दुबई

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद ने भारत और पाकिस्तान के बीच 23 अक्टूबर को एमसीजी पर होने वाले टी20 विश्व कप के मैच के अनारक्षित (स्टैंडिंग) टिकट जारी कर दिए हैं। इस मैच के आम टिकट फरवरी में पांच मिनट के भीतर ही बिक गए थे। इसके 4000 से अधिक अनारक्षित टिकट 30 आस्ट्रेलियाई डॉलर में उपलब्ध हैं और पहले आओ , पहले पाओ के आधार पर बेचे जाएंगे। आईसीसी ने कहा , इन टिकटों से यह सुनिश्चित होगा कि अधिक से अधिक प्रशंसक इस मैच को देख सके। आईसीसी हास्पिटेलिटी और आईसीसी टैवल एंड टूर्स कार्यक्रम के जरिए सीमित संख्या में पैकेज भी उपलब्ध हैं। आयोजक 16 अक्टूबर को पहले मैच से पूर्व पुन: बिक्री का प्लेटफॉर्म भी शुय करेंगे। आईसीसी ने कहा कि जो प्रशंसक पहले टिकट बुक करने से चूक गए हैं, वे अभी भी टिकट ले सकते हैं। बच्चों की टिकट पांच डॉलर से और बड़ों की 20 डॉलर से उपलब्ध है।

## लुसाने डायमंड लीग : चोपड़ा रच सकते हैं एक और इतिहास

**भाषा।** लुसाने

**फिट हुए** ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा जब शुक्रवार को यहां डायमंड लीग प्रतियोगिता में उतरेंगे तो वह एक और इतिहास रच सकते हैं। चौबीस साल का यह भाला फेंक एथलीट मामूली ग्रोइन स्ट्रेन चोट से उबर चुका है। यह चोट उन्हें पिछले महीने अमेरिका के यूजीन में विश्व चैम्पियनशिप में ऐतिहासिक रजत पदक जीतने के दौरान लगी थी। शीर्ष तीन में रहने से चोपड़ा का ज्यूरिख में सात और आठ सितंबर को होने वाले डायमंड लीग फाइनल्स में स्थान पक्का हो जाएगा क्योंकि वह सात अंक लेकर तालिका में चौथे स्थान पर हैं। वह स्टॉकहोम डायमंड लीग में 30 जून को दूसरे स्थान पर रहे थे जो उनका इसमें पहला पोडियम स्थान था। तालिका में शीर्ष छह में रहने से वह ज्यूरिख फाइनल्स में पहुंच जाएंगे। लुसाने डायमंड लीग अंतिम चरण है जिसमें पुरूष भाला फेंक स्पर्धा शामिल है। यह देखना होगा कि एक महीने के रिहैब के बाद चोपड़ा इस सत्र में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हैं या नहीं। वह डायमंड लीग प्रतियोगिता जीतने वाले पहले भारतीय बन सकते हैं क्योंकि इसमें भाग लेने वाले आठ पुरूष भाला फेंक एथलीट इतने मजबूत नहीं हैं। चोपड़ा से पहले चक्का फेंक एथलीट विकास गौड़ा ही एकमात्र भारतीय हैं जो डायमंड लीग प्रतियोगिता में शीर्ष तीन में रहे थे। गौड़ा 2012 न्यूयार्क और 2014 दोहा में दो बार दूसरे स्थान पर रहे थे, इसके अलावा वह दो बार (2015 में शंघाई और यूजीन में) तीसरे स्थान पर रहे थे।

# युकी दूसरे दौर में, रामनाथन और नागल बाहर



● यूएस ओपन क्वालीफायर्स

**भाषा।** न्यूयार्क

**भारत के** युकी भांबरी ने मालदोवा के राडू अल्बोट पर एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज करके यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वालीफायर्स के दूसरे दौर में प्रवेश किया। हालांकि, देश के शीर्ष रैंकिंग के पुरुष खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन और सुमित नागल अपने-अपने मैच सीधे सेटों में हारकर बाहर हो गए। दुनिया के 241वें नंबर के रामनाथन अमेरिकी किशोर ब्रूनो कुजुहारा से एक घंटे 28 मिनट में 3-6, 5-7 से, जबकि नागल कनाडा के वासेक पोस्पिसिल से 6-7, 4-6 से हार गए। विश्व में 552वें स्थान पर काबिज युकी ने एक घंटे 34 मिनट तक चले मैच में अपने से अधिक रैंकिंग वाले अल्बोट (107) को 7-6 (4) 6-4 से शिकस्त दी। युकी ने पहले सेट में धीमी शुरुआत की लेकिन वह वापसी करने में सफल रहे और सेट को टाईब्रेकर तक ले गए जिसमें उन्होंने जीत दर्ज की। दूसरे सेट में उन्होंने बेहतर खेल दिखाया और उसे जीतकर अगले दौर में जगह बनाई। इस 30 वर्षीय खिलाड़ी का अगले दौर में मुकाबला बेल्जियम के जिज़ो बर्ग से होगा।



## टीकाकरण नहीं होने के कारण जोकोविच यूएस ओपन से बाहर

**न्यूयार्क,।** नोवाक जोकोविच यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट मे भाग नही लेंगे क्योकि उन्होने कोविड-19 से बचने के लिए टीकाकरण नही किया है और इसलिए उन्हे अमेरिका की यात्रा करने की अनुमति नही दी गई है। जोकोविच ने यूएस ओपन के ड्रॉ जारी होने से कुछ देर पहले गुरुवार को ट्विटर पर वर्ष के आखिरी ग्रैंड स्लैम से हटने की घोषणा की। जोकोविच ने लिखा, अफसोस कि मै इस बार यूएस ओपन के लिए न्यूयॉर्क की यात्रा नहीं कर पाऊंगा। मै सकारात्मक बना रहूंगा और अगली प्रतियोगिता मे भाग लेने का इंतजार करूंगा। यूएस ओपन फ्लशिंग मीडोज ने सोमवार से शुरू होगा। सर्बिया के 35 वर्षीय जोकोविच ने 21 ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताएं जीती है जिनमे यूएस ओपन के तीन खिताब भी शामिल है। उन्होंने 2011, 2015 और 2018 मे न्यूयॉर्क मे खिताब जीते थे। जोकोविच यूएस ओपन मे छह बार उपविजेता भी रहे है। पिछले साल एक वर्ष मे चारो ग्रैंड स्लैम जीतने का उनका सपना दानिल मेदवेदेव ने यहां फाइनल मे तोड़ दिया था। जिन विदेशी नागरिकों ने कोविड-19 का टीका नही लगाया है उन्हे अमेरिका या कनाडा मे प्रवेश की अनुमति नही है और जोकोविच ने कहा कि भले ही उन्हे कुछ टूर्नामेंट मे खेलने से रोका जाए लेकिन वह तब भी टीकाकरण नही करवाएंगे। टीकाकरण नही होने के कारण ही जोकोविच इस साल के शुरू मे ऑस्ट्रेलियाई ओपन मे भाग नही ले पाए थे। इसके अलावा उन्हे उत्तर अमेरिका मे कई महत्वपूर्ण टूर्नामेंट से बाहर रहना पड़ा। उन्होने फ्रेंच ओपन मे भाग लिया जहां वह क्वार्टर फाइनल मे राफेल नडाल से हार गए थे। इसके बाद उन्होंने विंबलडन मे भाग लिया और खिताब जीता।

## वान डे जैंडशल्प विंस्टन सलेम ओपन क्वार्टर फाइनल में

**विंस्टन सलेम।** नीदरलैंड के बोटिच वान डे जैंडशल्प ने स्पेन के जाउमी मुनार को 6-3, 6-3 से हराकर विंस्टन सलेम ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं डोमिनिक थिएम ने ब्रिटेन के जैक ड्रेपर को 6-1,6-4 से मात दी। दूसरी वरीयता प्राप्त बोटिच का सामना फ्रांस के दसवीं वरीयता प्राप्त बेंजामिन बोंजी से होगा जिन्होंने ब्राजील के थियागो मोंटेइरो को 7-5, 6-2 से शिकस्त दी। अमेरिका के मैक्सिम क्रेसी ने इटली के लोरेंजो सोनेगो को 6 -7, 6- 2, 7- 6 से हराया जबकि फ्रांस के एड्रियन मानारिनो ने स्पेन के आठवीं वरीयता प्राप्त अलबर्ट रामोस विनोलास को 6-3, 6- 3 से हराया। फ्रांस के रिचर्ड गास्केत का सामना सर्बिया के लासलो जेरे से होगा। गास्केट ने अमेरिका के स्टीव जोनसन को 6-7, 6-3, 6-3 से मात दी। वहीं जेरे ने आस्ट्रेलिया के जेसन कबलेर को 7- 6, 6- 7, 6- 3 से हराया।

## भारतीय युवा ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने अबुधाबी मास्टर्स खिताब जीता



**अबुधाबी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने गुरुवार को यहां स्पेन के डेविड एंटन गुईजारो को हराकर 28वां अबुधाबी मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट जीत लिया। अठारह साल के अर्जुन नौवें और अंतिम दौर मे स्पेनिश खिलाड़ी को हराकर 7.5 अंक से विजेता रहे। उन्हे सभी नौ दौर मे हार का सामना नही करना पड़ा और वह उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव से एक अंक आगे रहे। सिंदारोव ने ईरान के एम अमीन तबाताबाएई को हराकर दूसरा स्थान हासिल किया। वारंगल के अर्जुन का हाल के दिनो मे प्रदर्शन शानदार रहा है और हाल मे भारत मे हुए शतरंज ओलंपियाड के बाद उन्होंने 35 ईएलओ रेटिंग अंक हासिल किए। अबुधाबी मे अर्जुन ने छह बाजियां जीती और तीन मे ड्रा खेला जिससे वह दुनिया भर के कई ग्रैंडमास्टरो के बीच विजेता बनकर निकले। उन्होंने हमवतन रोहित कृष्णा, दीप सेनगुप्ता, रौनक सिद्धवानी के अलावा चीन के शीर्ष वरीय वांग हाओ, सर्बिया के एलेक्सांद्र इंदजिक और गुईजारो पर जीत हासिल की। रूस के इवजेनी तोमाशेवकी, जोर्डन वान फोरीस्ट और रे रॉबसन के खिलाफ उन्होंने अंक बांटे। भारतीय ग्रैंडमास्टर खिलाड़ी निहाल सरीन, एस पी सेतुरमन, कार्तिकेयन मुरली और आर्यन चोपड़ा तथा फिडे मास्टर आदित्य सामंत ने 6.5 अंक हासिल किए। नीदरलैंड के जोर्डन वान फोरीस्ट ने तीसरा स्थान हासिल किया। उनके बाद अमेरिका के रे रॉबसन रहे।

## आयुषी पोद्दार ने महिलाओं का 50 मीटर राइफल थ्री पॉजिशंस ट्रायल जीता



**भोपाल-नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की आयुषी पोद्दार ने गुरुवार को यहां राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स मे महिलाओ की 50 मीटर राइफल थ्री पॉजिशंस टी6 ट्रायल्स मे जीत दर्ज की। उन्होने स्वर्ण पदक के मैच में सैन्य निशानेबाजी इकाई की प्रिया को 16-8 से पराजित किया। आयुषी ने 587 के स्कोर से शीर्ष पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया जिसमे वह 402.3 अंक से विजेता रही। प्रिया ने 401.5 अंक से दूसरा और अनुभवी लज्जा गोस्वामी ने 400.1 अंक से तीसरा स्थान हासिल किया। जूनियर महिला थ्री पी फाइनल मे हरियाणा की रमिता ने अपने ही राज्य की निश्चल को 17-9 से पराजित किया। गुजरात की हीना जएशभाई गोहेई ने तीसरा स्थान हासिल किया। वही दिल्ली मे पुरुषो की 50 मीटर पिस्टल टी6 स्पर्धा मे रविंदर ने 562 अंक के स्कोर से जीत हासिल की। राजस्थान के अभिनव चौधरी 560 के स्कोर से दूसरे और नौसेना के कुणाल राणा 559 अंक से तीसरे स्थान पर रहे। पंजाब के निशानेबाज अर्जुन सिंह चीमा ने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज मे पुरुषो के 50 मीटर पिस्टल राष्ट्रीय चयन ट्रायल मे जीत दर्ज की। अर्जुन ने 562 अंक बनाए और वह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अविष्कार तोमर से आगे रहे। तोमर ने 558 अंक बनाए। वायु सेना के रविंदर ने भी 558 अंक बनाए लेकिन उन्होंने अंदर के सर्किल पर कम शॉट लगाए थे और इसलिए उन्हे तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। पुरुषो के जूनियर फ्री पिस्टल वर्ग मे राजस्थान के अभिनव चौधरी ने 554 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया। हरियाणा के अंकित तोमर 544 अंक बनाकर दूसरे और उत्तर प्रदेश के अक्षत वर्मा 540 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे।